www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

30 सितंबर, 2024
आश्विन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 340

'क्रिएट इन इंडिया' चैलेंज के माध्यम से अपनी रचनात्मकता को उजागर करें



## 'मन की बात' के 10 साल पूरे, प्रधानमंत्री हुए भावुक

# संथाली भाषा को मिलेगी नयी पहचान : नरेंद्र मोदी

- भाषाओं को संरक्षित करने के हो रहे प्रयास
- रामजीत की कोशिशों की सराहना की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह 11 बजे 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया। अपने 114वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि आज का एपिसोड भावुक करनेवाला है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को 10 साल पूरे हो रहे हैं। 2014 में 3 अक्टूबर को मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। वह विजयादशमी का दिन था। यह बेहद सुखद संयोग है कि इस बार 3 अक्टूबर को नवरात्रि का पहला दिन है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने संथाली भाषा को प्रमोट करते हुए कहा कि हमारी संथाली भाषा को डिजिटल नवाचार की मदद से नयी पहचान देने का अभियान शुरू किया गया है। संथाली झारखंड, ओड़िशा और बिहार समेत हमारे देश के कई राज्यों में रह रहे संथाल जनजातीय समुदाय के लोग बोलते हैं। भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल और भूटान में भी संथाली बोलने वाले आदिवासी समुदाय मौजूद हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगर मैं पूछूं कि कोई बच्चा कौन सी भाषा सबसे आसानी से और जल्दी सीखता है, तो आपका जवाब होगा मातृभाषा। हमारे देश में लगभग 20 हजार भाषाएं और बोलियां हैं और ये सबकी सब किसी-न-किसी की तो मातृभाषा ही हैं। कुछ भाषाएं ऐसी हैं, जिनका उपयोग करने वालों की संख्या बहुत कम है, लेकिन आपको यह जान कर खुशी होगी कि उन भाषाओं को संरक्षित करने के लिए आज अनोखे प्रयास हो रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा, ऐसी ही एक भाषा है हमारी संथाली। संथाली को डिजिटल इनोवेशन की मदद से नयी पहचान देने का अभियान शुरू किया गया है। यह भाषा हमारे देश के कई राज्यों में रह रहे संथाल जनजातीय समुदाय के लोग बोलते हैं। भारत के अलावा बांग्लादेश, नेपाल और भूटान में भी संथाली बोलने वाले आदिवासी समुदाय मौजूद हैं। संथाली भाषा की ऑनलाइन पहचान तैयार करने के लिए ओड़िशा के मयूरभंज में रहने वाले रामजीत टुडू एक अभियान चला रहे हैं।




### प्रेरित करती है रामजीत टुडू की कहानी

पीएम मोदी ने कहा कि रामजीत जी ने एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां संथाली भाषा से जुड़े साहित्य को पढ़ा जा सकता है और संथाली भाषा में लिखा जा सकता है। दरअसल कुछ साल पहले जब रामजीत जी ने मोबाइल फोन का इस्तेमाल शुरू किया, तो वह इस बात से दुखी हुए कि वह अपनी मातृभाषा में संदेश नहीं दे सकते। इसके बाद वह संथाली भाषा की लिपि ओल चिकी को टाइप करने की संभावनाएं तलाश करने लगे। अपने कुछ साथियों की मदद से उन्होंने ओल चिकी में टाइप करने की तकनीक विकसित कर ली। आज उनके प्रयासों से संथाली भाषा में लिखे लेख लाखों लोगों तक पहुंच रहे हैं।

### परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में हिस्सा लेने पीएम 2 को आयेंगे हजारीबाग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर को झारखंड की एक दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। वह हजारीबाग में झारखंड भाजपा द्वारा निकाली गयी परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा वह कई योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन भी करेंगे। पीएम मोदी के कार्यक्रम के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। अब तक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, असम के सीएम सह झारखंड भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद सह भाजपा महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद मनीष जयसवाल सहित तमाम नेता तैयारियों का जायजा ले चुके हैं।

### कार्यक्रम के श्रोता ही असली सूत्रधार

पीएम मोदी ने कहा कि श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं। आम धारणा है कि जब तक चटपटी और नकारात्मक बात न हो, तब तक तवज्जो नहीं मिलती है। मगर मन की बात कार्यक्रम ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है।

पीएम ने कहा कि मन की बात के 10 साल की यात्रा ने ऐसी माला तैयार की है, जिसमें हर एपिसोड के साथ नयी गाथाएं, नये कीर्तिमान और नये व्यक्तित्व जुड़ जाते हैं। सामूहिकता के साथ होने वाले हर कार्यक्रम को मन की बात में सम्मान मिलता है। पीएम मोदी ने टीवी चैनलों और प्रिंट मीडिया का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इन सस्थानों ने कार्यक्रम को घर-घर पहुंचा दिया है।

## मंईयां सम्मान यात्रा का सातवां दिन : मनोहरपुर-गोइलकेरा में उमड़ी भीड़

# महिलाएं आगे बढ़ें, हेमंत सरकार आपके साथ है : कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**मनोहरपुर/गोइलकेरा।** मंईयां सम्मान यात्रा के सातवें दिन की शुरुआत रविवार को पश्चिम सिंहभूम जिला के मनोहरपुर स्थित मनीपुर मैदान से हुई। इस यात्रा का नेतृत्व गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ मंत्री बेबी देवी और दीपिका पांडेय सिंह कर रही हैं। दिन की पहली सभा में कल्पना सोरेन ने झारखंड की महिलाओं को आगे बढ़ने का आह्वान किया और कहा कि हेमंत सोरेन सरकार हमेशा उनके साथ है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की दो किस्त बहनों के बैंक खाते में जा चुकी है। जल्द ही तीसरी किस्त भी दी जायेगी। उन्होंने कहा, महिलाओं को प्यार, सम्मान और प्रोत्साहन चाहिए। मंईयां सम्मान यात्रा महिलाओं के आत्मसम्मान को आगे ले जाने की यात्रा है। यहां की महिलाएं बहुत योग्य हैं। वे अपने जीवन में बहुत कुछ कर सकती हैं। आप आगे बढ़ें, सरकार आपके साथ है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें खुद की पहचान बनानी है। हमें खुद के लिए लड़ाई लड़नी है और उसे जीतना भी है।

मंत्री बेबी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शी सोच के कारण ही राज्य की महिलाएं आर्थिक रूप से सबल हो रही हैं। कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि अब महिलाएं कमजोर नहीं हैं। वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने सांसद जोबा मांझी का उदाहरण देते हुए कार्यक्रम में आयीं हजारों महिलाओं से कहा कि उन्होंने अपने जीवन में बहुत सी मुश्किलों का सामना किया और आगे बढ़ी हैं। सरकार महिलाओं के साथ है। आप भी आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की यही सोच है। मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि इस योजना के आने से राज्य की महिलाएं बहुत खुश हैं। महिलाओं के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित होता है। सरकार की सोच है कि गांव की महिलाएं घर से बाहर निकलें और आगे बढ़ें। उन्हें आर्थिक समर्थन सरकार देगी। गांव के विकास से झारखंड का विकास होगा। सरकार ने झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के माध्यम से अब तक झारखंड की लाखों महिलाओं को आर्थिक लाभ दिया है। सांसद जोबा मांझी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा लायी गयी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की पहल बहुत सराहनीय है। उनकी सोच दूरदर्शी है। वे झारखंड को विकास के पथ पर आगे लेकर जा रहे हैं। सर्वजन पेंशन, अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना जैसी योजनाओं की शुरुआत कर झारखंड वासियों को इन योजनाओं से जोड़ रहे हैं। राज्य की हर महिला आत्मनिर्भर बने, इसी सोच के साथ झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत की गयी है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण एवं हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

**महिलाओं के बारे में सोचनेवाले पहले सीएम हैं हेमंत :** बाद में गोइलकेरा में सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन ऐसे पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने महिलाओं के बारे में सोचा है। आज हम लोग अपनी परंपरा, भाषा, पहचान बनाने के लिए लड़ रहे हैं। हम निरंतर लड़ाई लड़ रहे हैं। हो भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए, लेकिन देख लीजिए, कैसे केंद्र में लोग बैठे हैं। सारंडा का जंगल, किरीबुरू का जंगल आदिवासियों की पहचान है।

**पूर्व विधायक देवेंद्र मांझी को दी श्रद्धांजलि :** इससे पहले गोइलकेरा बाजार में कल्पना सोरेन और अन्य नेताओं ने जल, जंगल, जमीन आंदोलन के अगुवा पूर्व विधायक देवेंद्र मांझी के स्मारक स्थल पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान स्व देवेंद्र माझी की पत्नी और सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी समेत सैकड़ों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। कल्पना सोरेन ने डेरवां चौक में गुवा गोलीकांड के शहीद ईश्वर सरदार के स्मारक पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।




### कल्पना-दीपिका ने चाय बना कर पिलायी

**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** मंईयां सम्मान यात्रा के समापन समारोह के बाद कल्पना सोरेन और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने चाय बना कर वहां मौजूद लोगों को पिलायी। कल्पना ने चाय बनाने का वीडियो सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हम किचन भी संभालती हैं, हम रण भी संभालती हैं।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज धनबाद में स्किल कॉन्क्लेव में लेंगे हिस्सा

**रांची (आजाद सिपाही)।** धनबाद के बलियापुर स्थित एयरोड्रॉम ग्राउंड में सोमवार को जॉब ऑफर लेटर सह रोजगार प्रोत्साहन और परिवहन भत्ता वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। समारोह में स्टॉल के माध्यम से संबंधित विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और जिला प्रशासन और चुनिंदा औद्योगिक संस्थानों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। साथ ही विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यों के निष्पादन में बेहतर प्रदर्शन करने वाली सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा।




### हरियाणा में भाजपा ने आठ बागी नेताओं को निष्कासित किया

**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी से बगावत करने वाले 8 बागी नेताओं को पार्टी से निकाल दिया है। इनमें नायब सैनी की सरकार में बिजली मंत्री रहे रणजीत सिंह चौटाला और पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य भी शामिल हैं। टिकट नहीं मिलने के कारण रणजीत सिंह चौटाला रानियां विधानसभा सीट से तो बच्चन सिंह आर्य सफीदों से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा गन्नौर विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे देवेंद्र कादियान, लाडवा से संदीप गर्ग, असंध से जिलेराम शर्मा, बच्चन सिंह आर्य, महम से राधा अहलावत, गुरुग्राम से नवीन गोयल और हथीन से केहर सिंह रावत को भी पार्टी से निकाल दिया गया है।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा से राज्य में परिवर्तन की लहर : बाबूलाल मरांडी

- अब तक 17 लाख से अधिक लोगों की हो चुकी है भागीदारी
- परिवर्तन यात्रा का समापन हजारीबाग में, 2 को पीएम आयेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा की परिवर्तन यात्रा आशा और उम्मीद से ज्यादा सफल रही। इसकी शुरुआत 20 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संताल परगना प्रमंडल और गिरिडीह के झारखंड धाम से की थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 सितंबर को और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हजारीबाग प्रमंडल के इटखोरी और पलामू के भवनाथपुर स्थित वंशीधर मंदिर से प्रारंभ की थी। दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के खूंटी जिले के आम्रेश्वर धाम से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसकी शुरुआत 23 सितंबर को की थी। यह यात्रा अब तक राज्य के 24 जिलों, 74 विधानसभा, 202 प्रखंड की 4500 किलोमीटर की यात्रा तय कर चुकी है। अब तक 17 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी इसमें हो चुकी है। उक्त बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 29 सितंबर को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहीं।

**बारिश के बाद भी यात्रा में हुए शामिल लोग :** श्री मरांडी ने कहा कि अधिक बारिश के बावजूद भी जिस तादाद में लोगों की भागीदारी इस यात्रा में रही, वह अपने आप में अद्भुत और अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य राज्य की जनता को इंडी गठबंधन सरकार की झूठ और ठगी के खिलाफ जागरूक करना था। भाजपा अपने उद्देश्य में सफल रही। अब तक 16 से 17 लाख लोग इस यात्रा में शामिल हुए।



### सीएनटी-एसपीटी का सबसे ज्यादा उल्लंघन

श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार किसी भी काम को ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ नहीं करती है। सरकार ने पांच वर्षों तक राज्य की खनिज संपदा कोयला, बालू, पत्थर को दलाल और बिचौलियों के साथ मिलकर लूटने का काम किया है। इस सरकार में सीएनटी और एसपीटी कानून का सबसे ज्यादा उल्लंघन हुआ है। आदिवासी जमीन का सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा हुआ है। सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा गया। कोलकाता से जमीन का फर्जी कागज बना कर उसे बेचा गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि साइकिल वितरण योजना में स्कूली बच्चों को घटिया किस्म की साइकिल दी जा रही है। सुनने में तो यहां तक आ रहा है कि इस योजना में 40 प्रतिशत तक की कमीशनखोरी हो रही है।

### 26 प्रतिशत शराब दुकानें मां-बहनों को दें


श्री मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार की गलतियों को उजागर करने पर मुझ पर केस कर दिया जाता है। अब तक आधा दर्जन से ऊपर केस मेरे ऊपर किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी मैंने शराब घोटाले के बारे में जो कहा था, वही हुआ। राज्य में फिर से शराब घोटाले की पटकथा लिखी जा रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि राज्य की 26 प्रतिशत शराब दुकान सड़क किनारे हड़िया दारू बेचने वाली आदिवासी माता और बहनों को दिया जाये, ताकि, वे अपना गुजर-बसर कर सकें।

### जनता को ठगा है हेमंत सरकार ने

श्री मरांडी ने हेमंत सरकार के पांच साल के कार्यकाल पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने पांच वर्षों तक राज्य की भोली-भाली जनता को सिर्फ और सिर्फ ठगा है। अब जब चुनाव सामने है, तब भी जनता को ठगने के लिए दाने डाल रही है। हालांकि जनता अब उनके झांसे में आनेवाली नहीं है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान लोगों ने कहा कि वे हेमंत सोरेन के चाल और चरित्र से अच्छी तरह वाकिफ हैं। जो व्यक्ति अपने पिता की कसम खाकर भी अपने वादे पूरे नहीं करता है, उससे विकास की उम्मीद करना ही बेमानी है। उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। हेमंत सरकार को बदल कर भाजपा की सरकार बनानी है।

### यात्रा बदलाव का आभास दे चुकी है

श्री मरांडी ने कहा कि परिवर्तन यात्रा का समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर को हजारीबाग में करेंगे। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा के क्रम में इस बात का आभास हुआ है कि राज्य की जनता वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार के झूठ, ठगी और भ्रष्टाचार से त्रस्त हो चुकी है। इसे बदलने का मन बना चुकी है। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज भी मौजूद थीं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,550 रु./10 ग्राम
चांदी 93,000 रु./प्रति किलो



# भाजपा को अपने वोटर्स तक पहुंचने की चुनौती, जेएमएम के वोटर्स इंटैक्ट

## ■ भाजपा को खुद के नेताओं पर भरोसा करने की जरूरत

## ■ बड़े नेताओं को छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं को देना होगा पूरा मान-सम्मान

## ■ कोल्हान में चंपाई को लेकर खामोशी कह रही बहुत कुछ



राकेश सिंह, विशेष संवाददाता

आजाद सिपाही विशेष | कोल्हान का रण पार्ट-1



### दृश्य 1

जगह चंपाई सोरेन का गांव जिलिंगगोड़ा। पतली सड़क, आमने-सामने दो गाड़ियां। एक मेरी, दूसरी गांव की तरफ से आती दूसरी गाड़ी। बीच में फंसा ट्रैक्टर। दो ग्रामीण मोटरसाइकिल से गांव की ओर से आ रहे थे। वे भी रुक गये। मैंने कहा कि आपके गांव की सड़क चौड़ी क्यों नहीं है। ये चंपाई सोरेन का ही गांव है न जी। मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री का गांव है। उन्होंने कहा, यहां ऐसा ही है। नाम सुनते ही उनका रिएक्शन कुछ बदला-बदला सा था। मैंने पूछा चंपाई सोरेन का घर कहां है। उन्होंने कहा, आगे जाकर मुड़ जाइए। फिर एक मोड़ आया। वीर डूबा किसुन की प्रतिमा थी। वहां से हम मुड़े। गांव के अंदर प्रवेश करते ही 20-25 स्कॉर्पियो गाड़ियां खड़ी दिखीं। चंपाई सोरेन की यात्रा के दौरान चलती होंगी। फिर सुरक्षा स्कॉट गाड़ियां दिखीं। जैसे ही उनके आवास के पास हम पहुंचे, करीब 300 महिलाओं की टोली उनके आवास के बाहर से वापस जा रही थी। उनके घर के बाहर अन्य गांववाले भी बैठे थे। 40-50 कार्यकर्ता भी उनका इंतजार कर रहे थे। जब हम उनके आवास पहुंचे और बाहर खड़े सिक्योरिटी से पूछा कि चंपाई सोरेन जी हैं, तो उन्होंने कहा, अभी नीचे नहीं उतरे हैं। तबीयत खराब है। किसी से मिल नहीं रहे हैं। बाहर खड़े लोगों से मैंने पूछा, कबसे इंतजार कर रहे हैं आप लोग। उनका कहना था, ऐसे ही बैठे हैं। मैंने पूछा, कहां से मिलने आये हैं। उन्होंने कहा गांव से ही हैं। बगल में नशे में धुत एक व्यक्ति मेरे पास आया। अरे मेरा इंटरव्यू नहीं लीजियेगा। मैंने कहा बोलिए, अरे ये सब जब चंपाई सोरेन आते हैं, आ जाता है। मैंने पूछा क्यों? बोला अरे चुनाव है। आता है लोग मिलने। कुछ लोगों की नजर उस व्यक्ति की बातों पर थी। चंपाई सोरेन के घर के बाहर भीड़ बढ़ती ही जा रही थी। मैंने सोचा पहले उनका गांव भ्रमण कर लिया जाये। निकल पड़े हम जिलिंगगोड़ा घूमने।

### दृश्य 2

घने पेड़ के नीचे बैठा एक व्यक्ति। कड़ी धूप थी और प्रचंड गर्मी। मैं और आजाद सिपाही की टीम भी वहां बैठ गयी। मकसद धूप से बचना नहीं था। मकसद था चंपाई सोरेन के बारे में प्रतिक्रिया लेना। मैंने कहा, चंपाई सोरेन के घर के बाहर बहुत भीड़ है। उसने कहा, हां दो दिन से घर में ही हैं। मैंने पूछा क्यों? उसने कहा सब बोल रहा है कि तबीयत खराब है। ब्लडप्रेशर लो है। मैंने कहा, चुनाव का समय है। परिवर्तन यात्रा चल रही है। तबीयत खराब होने के कारण ढाई दिन से चंपाई सोरेन जी बाहर नहीं निकले हैं। मैंने पूछा, आप वोट देते हैं? उसने कहा तीन बार से। किसे, चंपाई सोरेन को? उसने कहा हां।

**सवाल चंपाई सोरेन के तीन बार के एक वोटर से:** चंपाई सोरेन को लेकर आपकी क्या राय है?

**जवाब:** चंपाई सोरेन अच्छे व्यक्ति हैं। क्षेत्र में उनकी छवि मददगार वाली है।

**सवाल:** चंपाई सोरेन के पार्टी बदलने पर आपकी और गांववालों की क्या प्रतिक्रिया है?

**जवाब:** एक अजीब सी खामोशी, चेहरे पर हल्की मुस्कुराहट। जवाब कुछ नहीं।

**सवाल:** आप खुश हैं?

**जवाब:** खुश क्या होंगे!

**सवाल:** क्यों?

जवाब: पार्टी नहीं बदलना था उनको।

**सवाल:** आप तो चंपाई सोरेन के वोटर लगते हैं।

**जवाब:** तीन बार से तो देते आये हैं।

**सवाल:** अब तो चंपाई सोरेन भाजपा में हैं, क्या आप उन्हें वोट करेंगे?

**जवाब:** लंबी चुप्पी, जो ग्राम प्रधान बोलेगा, वही करेंगे।

### दृश्य 3

नदी की ओर नहाने जाते दो युवा। मैंने उनसे पूछा कि आगे कोई नदी है क्या? उन्होंने कहा-हां। मैंने कहा, गांव में कोई स्कूल है कि नहीं। उन्होंने कहा आठ क्लास तक है। फिर मैंने पूछा, चंपाई सोरेन को लेकर गांव वाले क्या कहते हैं?

जवाब आया, क्या बोलेगा, सब ठीके है। मैंने पूछा, भाजपा में चले गये हैं तो लोग खुश हैं? उनका कहना था कि इस पर हम क्या बोलें। मैंने कहा, मैं रिकॉर्ड नहीं कर रहा, बताओ। उसका कहना था, समय पर बतायेंगे।

बहुत गर्मी थी। प्यास लगी थी। थोड़ी दूर आगे बढ़ा, तो पानी की टंकी और नल दिखा। पानी पिया। प्यास बुझी। लेकिन गांववालों से बातचीत का क्रम चलता रहा। पास में ही जाहेर थान था, यानी संथाल समाज का पूजा स्थल। वहां शिलापट्ट पर चंपाई सोरेन, गीता कोड़ा और सोनाराम बोदरा का नाम लिखा हुआ था। तीनों पहले इंडी गठबंधन के नेता थे, अब भाजपा में हैं। वहां से मैं दूसरी गली में चला गया।

### दृश्य 4

एक घर से रोने की आवाज आ रही थी। पास गया तो लोगों की भीड़ जमा थी। किसी की मृत्यु हो गयी थी। वहां से मैं आगे बढ़ा। एक बुजुर्ग व्यक्ति मिले। मैंने कहा कहां जा रहे हैं, जरा रुकिये। वह व्यक्ति बोला, क्या हो गया। कुछ हुआ क्या? मैंने कहा कि चंपाई सोरेन की तबीयत खराब है क्या? हैरान होकर उसने पूछा क्यों क्या हो गया। मैंने कहा, अरे नहीं नहीं कुछ हुआ नहीं, बस पूछ रहा हूं। उसने कहा कि दो दिन से तबीयत खराब है। घर से निकल नहीं रहे हैं। मैंने सोचा, ये तो गांव में सभी बोल रहे हैं। लेकिन एक तो परिवर्तन यात्रा पीक पर है। उसमें इतना बड़ा नेता ढाई दिन से घर पर है। कोई और बात तो नहीं। चूंकि कार्यकर्ताओं से वह मिल रहे ही हैं। मैंने उस व्यक्ति से पूछा कि चंपाई सोरेन को लेकर लोग क्या बोल रहे हैं। सब खुश हैं। उसके बाद तो वह बुजुर्ग व्यक्ति ऐसा भागा, कि पूछिये मत।

### दृश्य 5

एक और ग्रामीण से बात शुरू हुई। मैंने पूछा, आस-पास गांव में खाने को कुछ मिलता है। उसने कहा, नहीं। रोड पर जाना पड़ेगा। खाना तो बहाना था, मंशा बात करने की थी। मैंने पूछा चंपाई सोरेन जी की तबीयत खराब है, लगता है आज नहीं निकलेंगे क्या। उसने कहा कि गुरुवार शाम से ही आवास पर हैं। फिर मैंने कहा, चंपाई सोरेन परिवर्तन यात्रा कर रहे हैं। बहुत घूम रहे हैं तो तबीयत बिगड़ गयी होगी। फिर मैंने पूछा कि चंपाई सोरेन भाजपा में आ गये हैं। आप लोग इसे कैसे देखते हैं। उसने कहा कि अब आ गये हैं तो ठीक ही है। फिर मैंने पूछा, आप लोग चुनाव में किसके साथ जायेंगे। उसका कहना था कि अब एक ही गांव से हैं, कहां जायेंगे। इन्हीं के साथ जायेंगे। फिर मैंने पूछा, आस-पास के गांववालों का क्या कहना है? उसका कहना था, वो लोग क्या करेगा नहीं पता।

### दृश्य 6

चंपाई सोरेन के घर के बाहर का दृश्य। गांव में सबसे ऊंचा और बड़ा घर। बाकी जनता उनकी छत्रछाया में। यानी इक्का दुक्का छोड़ लगभग सभी मिट्टी के घर। बाहर सूचना आयी कि चंपाई सोरेन नीचे आ चुके हैं और 30-40 कार्यकर्ता गुटों में मिलने जा रहे थे। उसी बीच कुछ ग्रामीण मदद की आस में चंपाई के दरवाजे पर जमीन पर बैठे हुए थे। उनमें एक बुजुर्ग महिला कुछ पेपर लेकर सिक्योरिटी गार्ड को दिखा रही थी। एक बुजुर्ग व्यक्ति, जो ठीक से चल भी नहीं पा रहा था, झोला लेकर आया था। अंदर जाने की गुहार लगा रहा था। सिक्योरिटी वाले उसे अंदर लेकिन जाने नहीं दे रहे थे। कार्यकर्ता अंदर से बाहर निकल रहे थे। ग्रामीणों को लग रहा था कि अब उनकी बारी आयेगी अंदर जाने की। करीब डेढ़ घंटे तक मैंने उन्हें देखा। इस दौरान उन्होंने कई बार अंदर जाने की कोशिश की, लेकिन विफल रहे। यह सब देख दुख तो बहुत हुआ। सुना था चंपाई सोरेन कोल्हान टाइगर हैं, मसीहा के रूप में उन्हें देखा जाता है, लेकिन यह दृश्य देख थोड़ा मन उदास हुआ। खैर थोड़ी देर में अंदर से सिक्योरिटी से कोई आया। बोला, अब किसी से नहीं मिलेंगे। यह सुन लोग उदास हो गये। यह दृश्य देख हम आगे बढ़ गये। 10 बजे से शाम करीब चार बजे तक हम उनके गांव में रहे। करीब 20-25 लोगों से बातचीत हुई। लेकिन इन लोगों के बीच एक अलग सी खामोशी पसरी थी। लोग बहुत उत्साहित नहीं दिखे। कइयों में नाराजगी भी दिखी। लेकिन चंपाई सोरेन के समर्थकों में उत्साह भरपूर दिखा।

### दृश्य 7

गांव महुलडीह, यूरेनियम की माइंस भी दिख रही थी। आदिवासी वोटर्स में चंपाई सोरेन के दल बदलने से नाराजगी साफ देखने को मिली, लेकिन सम्मान में कोई कमी नहीं। उनका भी कहना था, इंसान बहुत अच्छे हैं, लेकिन पार्टी बदल कर उन्होंने ठीक नहीं किया। हम लोग तीर-धनुष वाले हैं। उसके बाद हम लोग तिरिलडीह गये। यहां भाजपा के वोटर्स भारी संख्या में हैं। आगे बढ़े सालडीह, शोभापुर, बड़ा कुनाबेड़ा, भरतपुर, कुसुमबानी, गैंगरुली होते हुए कई गावों का हमने भ्रमण किया। उसके बाद चाइबासा पहुंचे। इन गावों में घूम कर एक बात तो साफ हो गयी कि भाजपा कहीं से कमजोर नहीं है। भाजपा के भी वोटर्स भारी संख्या में हैं और भाजपा को वोट देने के लिए उत्साहित भी हैं। इनमें मंईयां सम्मान योजना को लेकर विशेष उत्साह नहीं है। लेकिन भाजपा को अपने नेताओं पर ज्यादा भरोसा करने की जरूरत है। भाजपा के बड़े नेता और कार्यकर्ता इन क्षेत्रों में सक्रिय हो जायें, तो खुद के दम पर भाजपा अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। वहीं जेएमएम के वोटर तटस्थ हैं। छिटकने वाले हैं नहीं। संथाल बहुल गावों में चंपाई सोरेन को लेकर बहुत उत्साह नहीं है। वहीं भाजपा कार्यकर्ता चंपाई सोरेन के नजदीकी लोगों द्वारा पूर्व में किये गये व्यवहार को लेकर दुखी हैं। अब चंपाई और भाजपा इसे कैसे पाटते हैं, यह देखनेवाली बात होगी। चाइबासा के इलाकों में चंपाई सोरेन का प्रभाव वोटर्स में नहीं के बराबर दिखता है। वहीं खरसावा में भी भाजपा को अपने तपे-तपाये नेताओं पर ही भरोसा करना पड़ेगा। कार्यकर्ताओं को तरजीह देनी होगी। अगर भाजपा कोल्हान में गुटबाजी त्याग पूरे दमखम से लड़ेगी, तो इस बार उसे फायदा मिल सकता है। आयातित नेताओं के साथ-साथ भाजपा को अपने संगठनात्मक ढांचे पर विचार कर मैदान में कूदने की जरूरत है। भाजपा के बड़े नेताओं को अपने छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं तक पहुंचना ही होगा।

# पाकुड़ के लोगों को गंगा से जल्द मिलेगा पीने का पानी : डीसी

**वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट का फीडर स्टार्ट कर डीसी ने कराया ट्रायल**

कार्तिक कुमार





**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** पाकुड़ के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। पाकुड़ डीसी मृत्युंजय बरनवाल के सतत प्रयास और रेगुलर मॉनिटरिंग करने का परिणाम है कि तकरीबन 9 साल से लंबित पड़ी शहरी जलापूर्ति योजना अब धरातल पर दिख रही है। बहुत जल्द अब पाकुड़ के लोगों को गंगा का पानी पीने का सौभाग्य मिलेगा। इसी सिलसिले में रविवार को बल्लभपुर में बने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में स्वयं डीसी मृत्युंजय बरनवाल पहुंचकर पश्चिम बंगाल के पुट्टीमारी ब्रिज से पाइपलाइन के माध्यम से आ रहे गंगा का पानी का फीडर स्टार्ट कर बल्लभपुर में मुयाना किया। कहा कि पाकुड़ में मेरी पहली प्राथमिकताओं में शहरी जलापूर्ति योजना को धरातल पर उतारना था, इसके लिए वे लगातार बैठक कर विभागीय अधिकारियों और संवेदक को कार्य की गति में तेजी लाने और वाटर प्रोजेक्ट स्टार्ट करने का निर्देश देता रहा। आज परिणाम सामने है कि पाकुड़ में गंगा का पानी पहुंचना शुरू हो गया है।

वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का प्रोसेस पूरा कर शीघ्र ही शहर के 21 वार्ड के लोगों को घर-घर में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का विजिट करने के दौरान डीसी के ओएसडी विकास कुमार त्रिवेदी, पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता राहुल श्रीवास्तव, नगर परिषद के प्रशासक राजकमल मिश्रा, लेबर सुपरीटेंडेंट रमेश कुमार सिंह, संवेदक विनोद कुमार लाल, अभियंता दिनेश मंडल, सामाजिक कार्यकर्ता हिसाबि राय मौजूद थे। मालूम हो कि पाकुड़ में शहरी जलापूर्ति योजना की आधारशिला वर्ष 2013 में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री एवं पेयजल विभाग के मंत्री रहे हेमंत सोरेन ने बाजार समिति के प्रांगण में आधारशिला रखी थी। 31 करोड़ की लागत से बनने वाली वाटर प्रोजेक्ट का काम उस वक्त आंध्र प्रदेश की डोसियन कंपनी को दी गयी थी। लेकिन उनके काम में धीमी गति को देखते हुए उसे विभाग ने डिबार कर दिया। फिर यह काम दुमका के संवेदक विनोद कुमार लाल को सौंपा गया। उनके द्वारा 2017-18 से शुरू किये गये इस काम को अब धरातल पर उतारने का काम पूरा किया गया है। जल्द ही पाकुड़ के 21 वार्ड के लोगों को शहरी जलापूर्ति योजना का लाभ मिलना शुरू हो जायेगा।

## नामकुम अंचल में जांच करने पहुंचे सदर एसडीओ

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के नामकुम अंचल कार्यालय का ताला तोड़ कर सीओ का प्रभार लेने के मामले की जांच करने के लिए रविवार को सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार वहां पहुंचे। उनके साथ जिला प्रशासन की टीम भी मौजूद थी। रांची डीसी ने एसडीओ को मामले की जांच कर इसमें संलिप्त पदाधिकारियों और कर्मियों को चिह्नित कर 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि भू-राजस्व विभाग ने शुक्रवार की देर रात 91 अंचल अधिकारियों का तबादला किया था। कोडरमा सदर में पदस्थापित सीओ राम प्रवेश कुमार को नामकुम का सीओ बनाया गया। इसके बाद शनिवार को राम प्रवेश कुमार नामकुम अंचल प्रभार लेने पहुंचे, लेकिन अंचल में ताला लगा था। इसके बाद सीओ ने ताला तोड़ कर प्रभार ग्रहण किया था। सीओ का यह वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मामले में संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिये थे।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के परिणाम 10 से 15 अक्टूबर के बीच होगा जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सीजीएल परीक्षा जिसका आयोजन 21 और 22 सितंबर को पूरे राज्य में किया गया था वह इन दिनों काफी विवादों में है। दरअसल कई छात्र यह आरोप लगा रहे हैं कि परीक्षा का पेपर लीक हुआ था लेकिन अब आयोग की तरफ से इस बात की कोई पुष्टि नहीं है, इसी बीच 26 सितंबर को परीक्षा का आंसर की जारी कर दिया गया था और अब जल्द ही इस परीक्षा के परिणाम भी देखे जा सकते हैं, ऐसे में जानें जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के रिजल्ट को लेकर लेटेस्ट अपडेट।

### जेएसएससी सीजीएल का परिणाम जानने के लिए उत्सुकता

बता दें, कि बीते दिनों जेएसएससी की ओर से एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गयी थी जिसमें आयोग के प्रमुख ने यह जानकर दी थी कि ठीक अगले दिन आंसर की जारी कर दिया जायेगा और ऐसा ही हुआ, उन्होंने यह भी कहा था कि 2 से 3 दिन के अंदर ओएमआर शीट की स्कैनिंग शुरू हो जायेगी और जल्द ही परिणाम घोषित कर दिए जायेंगे। तो इस हिसाब से कई लोग ये अंदाजा लगा रहे हैं कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के परिणाम 10 से 15 अक्टूबर के बीच जारी कर सकता है। बता दें कि परिणाम घोषित होने के बाद चयनित उम्मीदवारों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगा और जल्द ही उन्हें उनके नियुक्ति पत्र सौंप दिये जायेंगे।

### कितने सालों बाद हुई जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा?

झारखंड सीजीएल की परीक्षा और इस भर्ती के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया पिछले 9 सालों से जारी है लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से यह परीक्षा टल जाती थी। बता दें कि कुल 7 बार इस परीक्षा की तारीख में बदलाव किये गये और हमेशा ही फिर इसे स्थगित कर दिया गया, इसके बाद 8वीं बार 28 जनवरी को इस परीक्षा का आयोजन हुआ जिसके बाद पेपर लीक का मामला सामने आया और फौरन ही परीक्षा को रद्द कर दिया गया। इस बार 9वीं बार में इस परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया और उम्मीद की जा रही है कि अगले 10 दिनों में इसका परिणाम जारी कर दिया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 31.0 °c | 23.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.38 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.39 बजे | |



# मंईयां सम्मान यात्रा : चाईबासा में कल्पना सोरेन का हुआ भव्य स्वागत










## वित्त मंत्री के खिलाफ एफआइआर पर बोले सुप्रियो भट्टाचार्य

# ये कोर्ट का बीजेपी पर सर्जिकल स्ट्राइक है

**बीजेपी का नाम है भ्रष्ट जनों की पार्टी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस कर बीजेपी पर तीखे हमले किये। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने की खबर पर उन्होंने कहा कि कल का दिन महत्वपूर्ण रहा। कल न्यायालय ने बीजेपी पर सर्जिकल स्ट्राइक की और यह सर्जिकल स्ट्राइक बीजेपी के असली चेहरे को उजागर करनेवाला है। कहा कि विभिन्न छापों के माध्यम से तत्कालीन और वर्तमान वित्त मंत्री कॉरपोरेट घरानों से किस प्रकार, पैसे का दोहन करती थीं और यह पैसा बीजेपी के अकाउंट में ट्रांसफर होता था, इसकी जांच होनी ही चाहिए।



सुप्रियो ने कहा कि झारखंड में चुनाव आनेवाला है। 15 दिन में प्रधानमंत्री दोबारा झारखंड आ रहे हैं। एक साथ चार-चार मुख्यमंत्री आ जा रहे हैं। कौन कब आ रहा है पता नहीं चल रहा है। कोई नुक्कड़ सभा कर रहा है, तो कोई अनाउंसमेंट कर रहा है। इस तरह से चीजें आगे बढ़ रही हैं। कहा कि हरियाणा में भी चुनाव है, लेकिन वहां बीजेपी के इतने नेता नहीं जा रहे हैं। महाराष्ट्र कोई नहीं जा रहा है। यहां आकर बीजेपी बस घुसपैठ घुसपैठ कह रही है। कहा कि बीजेपी के लोग यहां पर इतना घुसपैठ कर रहे हैं कि अब बीजेपी के लोगों को यहां पर रोक लगानी पड़ेगी। जनता तो इन पर विधानसभआ चुनाव में, नवंबर-दिसंबर में रोक लगा देगी। कहा कि जिस वित्त मंत्री के खिलाफ नामजद एफआइआर हो और वह 24 घंटा से वित्त मंत्री बनी रहें, ऐसी पार्टी के लोग भ्रष्टाचार की बात करते हैं। बीजेपी का नाम है भ्रष्ट जनों की पार्टी।

जेएमएम नेता ने आगे कहा कि अपना-अपना राज्य छोड़ कर कौन-कौन मुख्यमंत्री यहां आ रहे हैं, पता नहीं चल रहा है। कहा कि झारखंड में बीजेपी के लोग मेनिफेस्टो कई फेज में जारी करेंगे। आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ था। सुप्रियो ने सवाल किया कि ऐसी कौन सी सियासी पार्टी है, जो तीन बार में घोषणा पत्र जारी करती है। कहा कि जो जनसैलाब झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ चला है, इसे देख कर ये लोग डर रहे हैं। इनके पास कोई मुद्दा नहीं है।

सुप्रियो ने कहा, निर्मला सीतारमण जिस परिवार से आती हैं, वह परिवार कहता है कि एक महिला को वित्त मंत्री बना कर डराया जा रहा है। बीजेपी का सारा खेल एक्सपोज हो चुका है। अब जल्द से जल्द प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अध्यक्ष को भी बर्खास्त कर देना चाहिए। जनता बीजेपी को साफ करने पर विचार कर रही है। जनता पूरे देश से बीजेपी को साफ कर देगी। जम्मू कश्मीर और हरियाणा का रिजल्ट आयेगा तो बीजेपी कहीं पर भी दहाई की संख्या का आंकड़ा भी नहीं पार कर पायेगी।

## भाजपा हुई आक्रामक, झामुमो पर बोला हमला

# जब पीएम झारखंड आते हैं, तो झामुमो को दौरा पड़ने लगता है: प्रतुल शाहदेव

**आदिवासियों के हितों पर कुठाराघात करनेवाले घुसपैठियों का बचाव शर्मनाक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर पलटवार करते हुए कहा कि झामुमो का वास्तविक अर्थ झारखंड मुद्रा मोचन पार्टी है। पांच वर्षों में इन पर 70,000 करोड़ के घपले, घोटाले का आरोप लगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमीन विवाद में पांच महीने के लिए जेल घूम आये। झामुमो हेमंत सोरेन को बेल मिलने पर क्लीन चिट दे रही है, जबकि ट्रायल अभी तक शुरू भी नहीं हुआ। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और हेमंत सोरेन के दरबार के प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल, पंकज मिश्रा जैसे नवरत्न अभी भी जेल में बंद हैं।

**भ्रष्टाचार की मुहिम से झामुमो डरा हुआ है :** प्रतुल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जब झारखंड आते हैं, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा को बदहवासी में दौरा



पड़ने लगता है। प्रधानमंत्री विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उन्होंने देश की तस्वीर और तकदीर बदल दी है। भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरी देशव्यापी मुहिम चली है। जाहिर तौर पर इस मुहिम से झारखंड मुक्ति मोर्चा डरा हुआ है और यह डर अच्छा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं को अपनी बदहवासी वाली मानसिक स्थिति का इलाज किसी बढ़िया मनोचिकित्सक से कराना चाहिए।

**उच्च न्यायालय में उपायुक्तों ने गलत रिपोर्ट दी :** प्रतुल ने कहा कि घुसपैठ के मामले में उच्च न्यायालय में सरकार के दबाव में उपायुक्तों ने झूठ बोला, जो हाइकोर्ट में एक्सपोज हो गया। अब तो कमेटी इस बात की जांच भी करेगी। केंद्र सरकार ने जिन घुसपैठियों की सूची 2021 में राज्य सरकार को दी थी, उसको राज्य सरकार ने दबा दिया। राज्य सरकार के लिए ये बांग्लादेशी वोट बैंक का काम करते हैं। इसलिए राज्य सरकार इनको बचाती रहती है। प्रतुल ने कहा कि यह अत्यंत शर्मनाक है कि खुद को आदिवासी की हितैषी कहने वाली हेमंत सरकार इन घुसपैठियों को बचाने के चक्कर में राज्य के आदिवासी हितों पर कुठाराघात कर रही है। जबकि यही बांग्लादेशी घुसपैठिए लव जिहाद, लैंड जिहाद और पॉलिटिकल जिहाद करते हैं।

**निर्मला सीतारमण पर सफाई**

प्रतुल ने कहा कि अभी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने वित्त मंत्री के खिलाफ सिर्फ मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। लेकिन इस देश की न्यायिक व्यवस्था में अपीलीय अदालतें भी होती हैं और उचित समय पर उचित कदम उठाया जायेगा। लेकिन आज न्यायालय की बात वे लोग कर रहे हैं, जिनको अपनी सुविधा अनुसार न्यायालय पर कभी विश्वास तो कभी अविश्वास हो जाता है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| वृष | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

# मेनिफेस्टो जारी करने से पहले लोगों की राय लेगी कांग्रेस

**कांग्रेस की विभिन्न समितियों की बैठक 30 सितंबर को**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रांची में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एक माह में 24 जिलों में 25 संवाद आपके साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका समापन हो गया है। इस दौरान सभी जिलों में संगठन की संपूर्णता के संबंध में बातें सामने आयीं। चुनाव को लेकर समितियों की बैठक चल रही है। इसी कड़ी में पूरे झारखंड के डेलिगेट्स, प्रखंड अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, विधायक, सांसद, मंडल अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं की वृहद बैठक 30 सितंबर को आहूत की गयी है। इसमें प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सप्तगिरि शंकर, उलका सिरीबेला प्रसाद,




छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहेंगे।

इसी दिन मेनिफेस्टो कमिटी के लोगों से भी वरीय नेता मिलेंगे। सत्य, अहिंसा, शांति के अग्रदूत महात्मा गांधी की जयंती को पूरे विश्व स्तर पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी जयंती पर चुनावी अभियान प्रारंभ करने के अवसर पर स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गांधी जी द्वारा चलाये गये विभिन्न आंदोलनों का स्मरण एवं विस्तृत चर्चा की जायेगी। इस दौरान टाना भगतों का विशाल कार्यक्रम बीजूपाड़ा में सोमा टाना भगत की प्रतिमा के समक्ष किया जायेगा।

इस दौरान सुबोधकांत सहाय ने कहा कि 2 अक्टूबर से अभियान प्रारंभ होगा। इसमें राज्य के नेताओं की चार टीमें बनायी गयी हैं। ये टीमें पहले चरण में उन क्षेत्रों में अभियान चलायेंगी, जहां पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार थे, जबकि सीट बंटवारे के बाद दूसरे चरण में गठबंधन उम्मीदवारों के लिए अभियान चलेगा। संवाददाता सम्मेलन में बंधु तिर्की ने कहा कि घोषणा पत्र तैयार करने के लिए पूरे प्रदेश में चौपाल लगा कर लोगों की राय ली जायेगी। इसमें यह व्यवस्था की जायेगी कि हर छह माह में मेनिफेस्टो के सोशल ऑडिट की व्यवस्था हो। नीतिगत, आर्थिक, सामाजिक सभी पहलुओं की समीक्षा कर घोषणा पत्र के बिंदु तैयार किये जायेंगे। समिति 1 अक्टूबर को जमशेदपुर में चौपाल लगायेगी। सभी जिलों में चौपाल लगाने के लिए वरीय नेताओं की नियुक्ति की गयी है, जो जिलावार वहां के स्थानीय मुद्दे, राज्य स्तर के मुद्दे, जमीन के मुद्दे हो या अन्य विसंगतियां, उस पर चर्चा करेंगे और 4 अक्टूबर तक प्रदेश कार्यालय में प्रतिवेदन समर्पित करेगें, जिसे संकलित कर राष्ट्रीय नेतृत्व को समीक्षा के लिए भेजा जायेगा। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुंजनी, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, शांतनु मिश्रा उपस्थित थे।

# सरकार कमिटमेंट से भटक गयी है : सुदेश

**राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए युवा शक्ति की भूमिका अहम**

**सिल्ली विधानसभा स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित, सुदेश महतो ने युवाओं के साथ किया सीधा संवाद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिल्ली/ रांची :** सरकार लोगों को जो सम्मान दे रही है उसके पीछे की उनकी मंशा को समझना होगा। संविदा व्यवस्था को समाप्त करने का वादा करने वाली सरकार संविदा आधारित नौकरी देने पर बड़े बड़े विज्ञापन दे रही है। सरकार अपनी कमिटमेंट से भटक गयी है। युवा जिन्हें अपने परिवार की जिम्मेदारी निभाने और विकास के लिए नौकरी करनी थी वो युवा आज सरकार की गलत नीतियों के चलते सड़कों पर हैं और सरकार की लाठियां खा रहे हैं।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली स्टेडियम, सिल्ली में आयोजित सिल्ली विधानसभा स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम में शामिल हुए हजारों युवाओं के साथ उन्होंने सीधा संवाद किया।



## युवा शक्ति अपनी भूमिका निभायें

राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए युवा शक्ति की भूमिका अहम है। युवाओं को राज्य के भीतर रोजगार के अवसर मिलते तो उनकी ऊर्जा और प्रतिभा का लाभ झारखंड को मिलता है लेकिन उचित अवसर नहीं मिलने के चलते युवा पलायन को विवश हैं। इससे हमारे राज्य का विकास प्रभावित हो रहा है।

## बेरोजगारी से बढ़ रहा अपराध

सभी युवाओं को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि सरकार की कार्यशैली ने युवाओं के साथ ही समाज के हर वर्ग को निराश किया है। राज्य में बढ़ते अपराध की एक वजह बेरोजगारी भी है। अपना भविष्य अंधेरे में देख रहे युवा निराश होकर नशे और अपराध की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। यह अत्यंत चिंतनीय है। हमारी तैयारी हर युवा को रोजगार से जोड़ने की है। प्रतिदिन 33 नहीं 300 की आय कैसे हो यह सुनिश्चित करना होगा।

चार साल तक सोयी इस सरकार ने जनता के बारे में कुछ भी नहीं सोचा अब चुनाव नजदीक देख इन्हें जनता की याद आ रही है। फ्री बिजली देने की बात करने वाली सरकार पहले लोगों को निर्बाध बिजली मुहैया कराने की व्यवस्था करें। राज्य के कितने ही मेहनतकश जरूरतमंद किसानों का ऋण माफ नहीं हुआ क्योंकि कृषि ऋण उनका भी माफ हो रहा है जो कृषक नहीं है। राज्य की जनता अब इनके छलावे में आने वाली नहीं है।

## हमें बेहतरी के लिए कार्य करना है

उन्होंने कहा कि हम राज्य की आवश्यकता को समझते हैं। दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ हम बेहतर व विकसित झारखंड बना सकते हैं। आप सभी युवाओं की जिम्मेदारी है कि गांव का एक भी नौजवान भटके नहीं। राज्य के विकास के लिए नवीन सोच को आगे लाने की हमारी तैयारी है। युवाओं की क्षमता को निखारने और उसे विकसित करने के लिए सशक्त मंच है आजसू। हम सभी को मिलकर राज्य को बेहतर बनाने के लिए कार्य करना है।

इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, सचिव सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, शुशील महतो, चित रंजन महतो, गौतम कृष्ण साहू, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जितेंद्र बड़ाईक, आरती देवी, सुसेन प्रमाणिक, रवींद्र करमाली सिल्ली सीओ अरुनीमा एक्का, अनिल मांझी, हरिपद मांझी, मीरा देवी, सोमरी देवी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# नेतरहाट विद्यालय रैगिंग से परेशानछात्र ने फिनाइल पी ली

**मुकेश कुमार सिंह**

**छात्र का कहना है: हमारे साथ लगातार सीनियर छात्र रैगिंग करते हैं**

**लातेहार।** लातेहार जिला के नेतरहाट विद्यालय में रैगिंग न होने पाये इसके लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार की तरफ से कई कदम उठाये गये हैं। वहीं शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग न होने पाये इसको लेकर यूजीसी भी सख्त है। उसके बावजूद शैक्षणिक संस्थानों से आये दिन रैगिंग की खबरें आती रहती हैं। अब ऐसा ही मामला लातेहार जिला नेतरहाट विद्यालय से सामने आया है, जिसे जानकर आप भी हैरान रह जायेंगे। दरअसल लातेहार जिले के प्रसिद्ध नेतरहाट विद्यालय के सीनियर छात्रों ने अत्याचार की हद पार कर दी और अपने जूनियर छात्रों के साथ रैगिग के नाम पर आये दिन मारपीट गाली गलौज करने लगे। इसका नतीजा है कि कई छात्र स्कूल छोड़ कर अपने घर चले गये। यह मामला तब प्रकाश में आया, जब नेतरहाट विद्यालय के जूनियर छात्र चतरा निवासी शांतनु कुमार के साथ अहले सुबह तकरीबन छह सीनियर छात्रों ने रूम में घुस कर मारपीट की। जब उनका मन नहीं भरा, तो विकेट से वार करने लगे। युवक उनका अत्याचार सहन नहीं कर पाया। तंग आकर उसने कीटनाशक की दवा खाली। गनीमतो हो कि समय रहते युवक को लातेहार सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर उपचार कर रहे हैं। फिलहाल युवक की स्थिति ठीक बतायी जा रही है।

## क्या कहते हैं स्कूल के प्रिंसिपल संतोष पाठक

इस संबंध में जब दूरभाष से नेतरहाट विश्वविद्यालय के प्रिंसिपल संतोष पाठक से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ मामला नहीं है। युवक ने कोई जहर नहीं खाया है। आप इसकी जांच कर सकते हैं। युवक पहले से ही हॉस्टल में रहना नहीं चाहता था और ऐसा कदम उठाया है।

## चतरा में सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सौजन्य से सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुटुंब न्यायालय चतरा के मुख्य न्यायाधीश कमल कुमार श्रीवास्तव शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कश्यप के नेतृत्व में किया गया। सशक्तिकरण शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन मुखिया प्रतिनिधि चैतू यादव ने किया। सशक्तिकरण शिविर में राशन कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। वही हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा लोगों को कानून की जानकारी दी गयी। इस मौके पर मुख्य रूप से झारखंड कोऑपरेटिव बैंक के निदेशक कौशलेंद्र कुमार सिंह, सीओ सीताराम महतो, थाना प्रभारी मनीष कुमार, एम ओ अर्जुन कुमार, मुखिया बसंती पन्ना, संजय सिंह, रेनू देवी, बाबुनंद पासवान, पिंटु सिंह, नरेश प्रसाद, अशोक यादव, प्रखंड सहायक सुखदेव राम, संतोष कुमार, सहित काफी संख्या लोग शामिल हुए।

# दामोदर नदी में नहाने गयी तीन बहनों की डूबने से मौत

**एक ही परिवार की तीन बच्चियों की मौत से गांव में पसरा मातम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** कभी-कभी भगवान इतना निष्ठुर हो जाता है कि इंसान की पूरी दुनिया ही उजाड़ देता है। दामोदर नदी में नहाने गयी तीन बहनों की डूबने से हुई। मौत की खबर ने आम आदमी को भी दहला दिया है। रामगढ़ जिले के सिरका कौवाबेड़ा गांव में एक ही परिवार की तीन बच्चियों की मौत के बाद पूरे गांव में सिर्फ इसी बात की चर्चा है। रविवार को कौवा बेड़ा गांव में एक ही परिवार की तीन बच्चियां दामोदर नदी में नहाने गयी हुई थी। नहाने के दौरान ही उनका पैर फिसला और वे गहरी नदी में धंस गयी। एक दूसरे को बचाने के चक्कर में तीनों बहनों की जान चली गयी। इनमें बब्लू प्रजापति की 15 वर्षीया बेटी छाया प्रजापति और अनिल प्रजापति की 10 वर्षीया बेटी सिमरन प्रजापति और 8 वषीर्या बेटी संध्या प्रजापति शामिल हैं।

**डूबने लगी बच्चियां तो ग्रामीणों ने मचाया शोर :** घटना के बारे में बबलू प्रजापति और अनिल प्रजापति ने बताया कि उनकी बच्चियां अपने घर में ही मौजूद थी। अचानक वह तीनों घर से निकलकर नदी की तरफ चली गयी। नदी में नहाने के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी उन्हें देखा था। लेकिन जिस वक्त वो तीनों डूबने लगी, उन्हें बचाने के लिए वहां कोई मौजूद नहीं था। ग्रामीणों ने शोर मचाया तो सभी लोग वहां पहुंचे और आनन-फानन में सिमरन, संध्या और छाया को निकाल कर रामगढ़ सदर अस्पताल ले गये। अस्पताल में चिकित्सकों ने उन तीनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया।

**आपदा प्रबंधन के तहत परिवार वालों को मिलेगी राहत: एसडीओ :** रामगढ़ जिला प्रशासन की ओर से एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने एक ही परिवार की तीन बच्चियों की मौत पर गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन के तहत परिवार वालों को मिलने वाला लाभ जरूर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि नदी किनारे गांव में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। खासकर छोटे बच्चों पर निगरानी जरूरी है। बच्चे कभी भी नदी किनारे खेलने- नहाने चले जाते हैं और अचानक हादसा हो जाता है। इससे बचने के लिए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### भगवान ने कर दिया नि:संतान, मुआवजे से नहीं मिलेगी आत्मा को शांति

जिले के सिरका कहुआ बेड़ा गांव में तीन सगी बहनों की मौत से उनके परिजनों को गहरा सदमा लगा है। ऐसा लग रहा है मानो भगवान ने अनिल प्रजापति और बब्लू प्रजापति के परिवार के सिर से अपना हाथ हटा लिया है। यह परिवार पिछले कई वर्षों से लगातार हादसों का शिकार हो रहा है। अंततः ऐसा हुआ कि दो भाइयों में से एक भाई बब्लू प्रजापति नि:संतान हो गया। अब उन दोनों भाइयों के इस परिवार में सिर्फ एक पुत्र ही बचा है। वहीं बच्चा दोनों भाइयों के पूरे परिवार का आखरी सहारा है।

### बबलू के पुत्र की सड़क दुर्घटना में हो चुकी है मौत

जानकारी के अनुसार अनिल प्रजापति के तीन संतानों में दो पुत्री और एक पुत्र शामिल हैं। उनकी दोनों पुत्री सिमरन और संध्या का निधन पानी में डूबने से हो गया। बब्लू प्रजापति के संतानों में एक बेटी और एक बेटा शामिल था। बेटे की मौत कुछ साल पहले ही सड़क दुर्घटना में हो गयी थी। अब 15 वर्षीय बेटी छाया उनकी आखिरी उम्मीद थी, जिसे काल ने निगल लिया। बब्लू प्रजापति ने अधिकारियों को कहा कि भगवान ने उन्हें नि:संतान कर दिया है। सरकारी सहायता से उनकी आत्मा को शांति नहीं मिलेगी। अब अपने बच्चों की मौत पर वह सरकारी राशि लेकर अपना दर्द और नहीं बढ़ाना चाहते।

### परिजनों के आग्रह पर नहीं हुआ पोस्टमार्टम

जिला प्रशासन और पुलिस पदाधिकारी ने परिवार वालों को काफी समझाया। उन्हें बताया कि जब तक पोस्टमार्टम नहीं होगा, तब तक सरकारी सहायता उनके परिवार वालों को नहीं मिल पायेगी। लेकिन इन सबसे अलग गहरे सदमे में डूबे परिवार वालों ने पुलिस प्रशासन को आवेदन देकर अपनी तीन बच्चियों के शव का पोस्टमार्टम नहीं करने का आग्रह किया। नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 17 के मुखिया अनु विश्वकर्मा ने भी अपने लेटर पैड पर पोस्टमार्टम नहीं करने का आग्रह करते हुए पत्र लिखा। अंततः सामाजिक दबाव और परिजनों के आग्रह पर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी नहीं की गयी। जिला प्रशासन ने उन तीनों बच्चियों के अंतिम संस्कार की इजाजत दे दी।


**NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA**
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)

**PUBLIC NOTICE**

In compliance of the provisions of Ministry of Road Transport and Highways, Government of India Gazette Notification No. S.O. 1381 (E), dated 15th March-2024 and Rule 3 of NH Fee Rules 2008, the following rates of user fee for FY 2024-25 shall be effective from 01.10.2024 by 08:00:00 hrs., for the use of National Highway from Ranchi to Jamshedpur section of NH-33, at Turup Fee Plaza situated at design km 119.967 of the section in Ranchi district (Jharkhand).

| Sl. No. | Category of Vehicles | Fee for single journey | Fee for return journey within a day | Fee for monthly pass for 50 single journeys in a month | Fee for single journey for the commercial vehicles registered within the district of fee plaza |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | Car, Jeep, Van or Light Motor Vehicle | 70 | 105 | 2,285 | 35 |
| 2. | Light Commercial Vehicle, Light Goods Vehicle or Mini Bus | 110 | 165 | 3,690 | 55 |
| 3. | Bus or Truck (Two Axles) | 230 | 350 | 7,735 | 115 |
| 4. | Commercial vehicles (Three –Axle) | 255 | 380 | 8,435 | 125 |
| 5. | HCM or EME or MAV (Four to Six Axles) | 365 | 545 | 12,125 | 180 |
| 6. | Oversized Vehicles (7 or more Axles) | 445 | 665 | 14,765 | 220 |

**Fee Rates FY 24-25 applicable**

**Note:** The rate of monthly pass for local non-commercial vehicles residing within a distance of 20 km from the fee plaza for the FY 2024-25 shall be Rs.340.00.

The fee rate mentioned at column 6 is for single trip and is applicable for commercial vehicles (excluding vehicle plying under National Permit), registered within the District where the fee plaza is located.

**Project Director, NHAI, PIU Ranchi**

Building a Nation, Not Just Roads


## गोला में आठ घंटे के बाद टूटा जाम, चालक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** डीवीसी चौक में शनिवार को हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों का जाम आठ घंटे के बाद करीब आठ बजे टूटा। सरकारी प्रकिया के तहत तत्काल मृतक के परिजनों को बीस हजार रुपया दिया गया। वहीं सरकारी सहायता परिजनों को देने का आश्वासन के बाद जाम को हटा लिया गया। इसके बाद यातायात सुविधा प्रारंभ हुई। गोला पुलिस ने चालक सज्जाद अंसारी उर्फ मिथुन नवाडीह गांव जिला नवाडीह के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया। चालक पर 281/125ए, 125बी, 106, 324 धारा लगाया गया है। इधर दुर्घटना में मरे मृतक तिजू महतो का शव शनिवार रात को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया। रविवार को चोकाद गांव के समसान घाट में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। यहां मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। गांव में शोक की लहर है।

## 30 को प्रस्तावित आउटसोर्सिंग आशीर्वाद कंपनी की बंदी को वापस लिया रैविमो ने



उरीमारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत उरीमारी परियोजना कार्यालय में परियोजना पदाधिकारी, आउटसोर्सिंग आशीर्वाद कंपनी के प्रबंधन और रैयत विस्थापित मोर्चा शाखा उरीमारी के बीच शनिवार को वार्ता हुई। वार्ता में सकारात्मक रूप से आउटसोर्सिंग आशीर्वाद कंपनी में स्थानीय विस्थापित को ही रोजगार में प्राथमिकता देने सीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग आशीर्वाद कंपनी के प्रबंधन के बीच सहमति बनी। जिसके बाद 30 सितंबर को बंदी रैविमो द्वारा वापस लिया गया। वार्ता में परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार आउटसोर्सिंग आशीर्वाद कंपनी के मैनेजर दिवाकर विश्वकर्मा और रैयत विस्थापित मोर्चा की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा, क्षेत्रीय सचिव मोहन सोरेन, संजय करमाली, संतोष सिंह, जीतन मुंडा उरीमारी शाखा अध्यक्ष जूरा सोरेन, सचिव बिनोद हेम्ब्रोम, सन्नी सोरेन, पोटंगा उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, पंकज हेम्ब्रोम, दिनेश टुडू,साहेब राम बेसरा, संजय सोरेन, विजय सोरेन, अजय बेसरा, सुखराम बेसरा, अजय मरांडी, आनंद बेसरा, पप्पू लाल मांझी, अजय करमाली, नरेश बेसरा, संजय मुंडा, प्रेम सोरेन नरेश हांसदा, रवि सोरेन, संदीप करमाली, अरूण करमाली, सुनील करमाली राजू करमाली, मुन्ना सोरेन, सुनील टुडू,राजू सोरेन, उमेश हेम्ब्रोम, दिलीप मुंडा, सुरेश बहालाल बेसरा, तालू टुडू, सोमरा हांसदा, जयपाल सोरेन, प्रदीप टुडू, अविनाश सोरेन, राहुल सोरेन, पुकेश्वर गंझू, सिकंदर सोरेन, प्रदीप बेसरा, रघु टुडू, रमेश सोरेन, लालजी सोरेन, महेन्द्र उरांव सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### शहर की मूलभूत समस्याओं को लेकर युवाओं की बैठक

# पुलिस पर हेलमेट चेकिंग के बहाने जबरन वसूली का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ शहर की मूलभूत समस्याओं को लेकर रविवार को युवा समाजसेवियों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता युवा समाज से भी राजेश ठाकुर और संचालन ओमप्रकाश कुशवाहा ने किया। इस दौरान बैठक में शहर में बढ़ती चोरी, छिनतई, बिजली, पानी, जर्जर सड़कें, हेलमेट चेकिंग के नाम पर लोगों को परेशान सहित अन्य समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही हेलमेट चेकिंग के नाम पर रामगढ़ पुलिस के द्वारा की जा रही लोगों को परेशान को देखते हुए व्यावसायिक वर्ग भी परेशान है। क्योंकि पर्व के दिन में इससे काफी नुकसान हो रही है मौके युवाओं ने एक स्वर में कहा कि हेलमेट चेकिंग का नाम पर पुलिस के द्वारा और भी जबरन तरह-तरह के हथकंडे अपना कर वसूली की जा रही है, जिससे आम जनमानस परेशान है। जल्दी एक प्रतिनिधि मंडल एसपी से मिलकर एक ज्ञापन सौंपेगा। इसके अलावा जर्जर सड़के, बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से शहरवासी वंचित हो रहे है, अगर इन समस्याओं का जल्दी निदान नहीं हुआ तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगी। बैठक में समाजसेवी महेंद्र मुंडा, रवि प्रसाद, मोहन पांडे, छोटू वर्मा, विक्रम कुशवाहा, विशाल जायसवाल, विशाल विश्वकर्मा, संजय दांगी, दीपक गुप्ता, भोला राम, विक्की साव, प्रवीण अग्रवाल, संजू गुप्ता, सोनू कुमार, अमन कुमार, जीवन कुमार, संतोष कुमार, जितेंद्र यादव, महेश यादव, विकास अग्रवाल, रोहित साव, सनी कुमार, प्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

## आजसू चूल्हा प्रमुखों की बैठक संपन्न

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। वार्ड नंबर 4 में एबीसी पब्लिक स्कूल में चूल्हा प्रमुखों का मुख्य बैठक रखी गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अशोक भुईया और संचालन नगर संगठान मंत्री संतोष मुंडा के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल उपस्थित हुए। बैठक में अरुण अग्रवाल ने कहा कि पूरे वर्ष हर एक चूल्हा प्रमुखों की समस्यायों का निवारण करने के लिए आजसू पार्टी द्वारा हर एक संभव कार्य किया गया है और आगे भी किया जायेगा। साथ ही आजसू पार्टी रामगढ़ की जनता की सभी समस्यों के निवारण के लिए सक्षम है और आगे भी रहेगा। बैठक में मोती अग्रवाल, अनूप पांडे, नितीश कुमार दांगी, सतीश कुशवाहा, अजय पांडे, महावीर रजक, पिंकी शर्मा, मंजू देवी, प्रीति बाला, जगरनाथ महतो, शिवचरण प्रसाद, किशोर मुंडा, रामेश्वर मुंडा, गुंजन देवी सवित देवी, राधा देवी, सपना देवी, मंजू देवी, विलाशो देवी, झांझो देवी, विक्की सहित अन्य उपस्थित थे।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज



कुजू (आजाद सिपाही)। खेल के प्रति जागरूकता लाने और ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सन 2016 में कटकमदाग से शुभारंभ किया गया। उक्त बातें हजारीबाग भाजपा सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को दिगवार फुटबॉल मैदान में सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आगाज के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा कि खेल का लक्ष्य खिलाड़ियों को अपराध से बचाने और राष्ट्रीय स्तर मान सम्मान के दिलाना है। इससे पूर्व, सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर, मशाल जलाकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके और फुटबॉल किक मारकर किया। आयोजित टूर्नामेंट में क्षेत्र के 17 टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच हुहुआ कैथा बनाम बजरमरी टूटी झरना टीम के बीच खेला गया। जिसमें बजरमरी की टीम 1/0 से जीत हासिल किया। आयोजन टीम ने बताया कि टूर्नामेंट के विजेता टीम को 25 हजार रुपए का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंट किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता टूर्नामेंट अध्यक्ष मनोहर कुशवाहा और संचालन भाजपा रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी ने की। मौके पर रंजीत सिन्हा, राजू चतुर्वेदी, राजीव जायसवाल, खोखा सिंह, पंकज साहा, अरुण कुमार कुशवाहा, लक्ष्मण प्रसाद, तोकेश सिंह, सुनील प्रसाद साहू, अशोक कुमार, कुलदीप कुशवाहा, अर्जुन यादव, मुकेश प्रसाद, शिव साहू, जयप्रकाश, रंजन चौधरी, राजेश प्रसाद, रवि कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा समेत कई दर्शक मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों के बीच बांटे भोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। पितृ पक्ष के अवसर पर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए कमलेश कुमार, दया शंकर मिश्रा, प्रमोद श्रीवास्तव और राजू मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय सेवा मंच सामाजिक संस्था के बैनर तले साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले करीब 150 गरीब-जरूरतमंदो के बीच पुरी-सब्जी और जलेबी का वितरण किया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो रामानुज सिंह, रिंकू वर्णवाल, जितेंद्र मंडल, उदयभान दुबे, रवि कुमार, संजू सिंह, लालू उरांव, सुकरा करमाली, लखन राम, संजू सिन्हा, मो शाहिद सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

## तालाटांड़ में जिऊतिया मेला का आयोजन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के तालाटांड़ गांव में रविवार को जिउतिया मेला का आयोजन हुआ। जिसमें जिसमें नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जबकि मेला में तालाटांड़, उचरिंगा, हेसला, सोलिया,पलानी आदि गांव के सैकड़ों लोग पहुंच कर मेला का आनंद उठाया। नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गाना और नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद और आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने अलग-अलग फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया रिझन देवी, पंसस बेबी देवी, पूर्व मुखिया पंचम मुंडा, बलदेव मुंडा सचिव रघुनाथ महतो आदि शामिल थे।

# उपभोक्ताओं को मिला बिजली बिल माफी प्रमाण पत्र

आजा सिपाही संवाददाता



**चतरा।** झारखंड सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना' के तहत चतरा जिला अंतर्गत सभी प्रखंडो के बिजली उपभोक्ताओं के बीच बिजली माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। विद्युत कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के 200 यूनिट के माफी के साथ-साथ उनके 30 अगस्त 24 तक का बकाया भी माफ किया गया है। विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को जानकारी के लिए प्रमाणपत्र भी निर्गत किया जा रहा है। सभी प्रखंडों में एक साथ हमारे कार्यरत उर्जामित्र और सहायक अभियंता, कनीय अभियंता और क्षेत्र के लाइनमैन द्वारा प्रत्येक घरों में जा कर उनका बिल माफी का प्रमाण पत्र उपलब्ध किया जा रहा है, खबर लिखने तक सभी प्रखंड के 2760 उपोभोक्ताओं को प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया गया है, अभीतक इटखोरी में 500, पथलगड्डा में 250 गिढोर में 150 , म्यूरहैण्ड में 150, चतरा में 300, हंटरगंज में 400, प्रतापपुर में 100, लावालौंग में 60, कुन्दा में 50, सिमरिया में 300, टंडवा में 300, कान्हाचट्टी में 200 प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। उनके द्वारा बताया की झारखंड सरकार द्वारा लिए। निर्णय के आलोक में अगस्त माह 2024 तक के बकाया बिजली बिल माफ कर दिया गया है। प्रतापपुर के कनीय अभियंता द्वारा जानकारी दिया गया कि प्रतापपुर प्रखंड के बिजली उपभोक्ता महेंद्र राम का 82560 रुपये, उमाशंकर अग्रवाल का 17230 रुपये, नावासिक मिया का 28300 रुपये, जागी बीबी का 46320 रुपये, बसंती देवी का 32230 रुपये, राकेश कुमार का 12630 रुपये सहित कई लोगो का बिजली बिल बकाया था जिसे झारखंड सरकार के ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली बिल माफ कर दिया गया।

## भाजपा के युवा नेता ने ग्रामीणों के साथ सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)। रविवार को भाजपा के मेदवाडीह बूथ अध्यक्ष बसंत सिंह भोगता, युवा नेता मनोज कुमार यादव, प्रखंड क्षेत्र के कुंदा पंचायत के मेदवाडीह बूथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात चतरा विधानसभा के मेदवाडीह गांव में दर्जनों ग्रामीण, उत्कर्मित उच्च विधालय मेदवाडीह के चबूतरा में बैठ कर सुनी। उन्होंने कहा की पीएम मोदी ने मन की बात में कहा की श्रोता ही इसके असली सूत्रधार है जो सकारात्मक और प्रेरणादायक बाते सुनना पसंद करते है। इस तरह देश के लोग मन की बात को गर्व से सुनते है। मौके पर प्रमोद कुमार, धनेशर यादव, बिनोद यादव, बीकू गुप्ता, सुरेश यादव समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## छोटकी डुंडी में फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

कुजू (आजाद सिपाही)। जंगल बचाओ अभियान के तहत राम जानकी मैदान छोटकीडुंडी में वृक्ष रक्षाबंधन सह सम्मान समारोह के अवसर पर आठ दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने उद्घाटन मैच हेंदेगितिल बनाम गिधानिया टीम में शामिल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वही, गिधानिया की टीम 4/2 से जीता। इससे पूर्व, टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष बीरू महतो ने तिवारी महतो और आगत अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पार्षद सदस्य तपेश्वर महतो, सचिव पंकज कुमार करमाली, कोषाध्यक्ष ठाकुरदास महतो, महेंद्र महतो, गणेश महतो, आशीष कुमार, शोभा महतो, मेघनाथ महतो, सुरेंद्र करमाली, नेवालाल महतो, अजय डीसिल्वा, अरुण कुमार, राजेश महतो, हेमलाल महतो, विनोद महतो, रोहित महतो समेत कई दर्शक मौजूद रहे।

### रजरप्पा थाना के पास विश्व हिंदू परिषद ने दिया एक दिवसीय धरना

# हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो होगा उग्र आंदोलन: छोटू वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रजरप्पा।** गोला के गोरक्षा प्रमुख आशीष शर्मा पर हुए हमले में हमलावरों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रविवार को रजरप्पा थाना के बाहर दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय धरना दिया। धरने में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री छोटू वर्मा और बजरंग दल जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार उपस्थित थे।

**हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन:** जिला मंत्री छोटू वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में राजनीतिक संरक्षण में गौ तस्करी और गौ हत्या खुले आम चल रही है, अभी तक एक भी हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होने पर कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है, पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर जल्द भेजे। नहीं तो पूरे जिले में उग्र आंदोलन होगा।

**राज्य सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है :** राजेश ठाकुर ने कहा कि घटना के दिन पुलिस प्रशासन एक नाबालिक लड़का को गिरफ्तार किया था। जिसे बाद में छोड़ दिया, राज्य सरकार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है, पुलिस प्रशासन गौ हत्या और गौ तस्करी रोकने में असफल है, चार दिन बीत गया लेकिन अभी तक एक भी हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसमें पुलिस प्रशासन के कार्यशेली से नाखुश हैं।


**आश्वासन के बाद विहिप का धरना संपन्न:** जानकारी के अनुसार रजरप्पा थाना ने धरना पर बैठे लोगों को आश्वासन दिया है कि 2 दिन में अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जायेगी। आश्वासन के बाद धरना पर बैठे लोगों ने धरना को खत्म किया।

**कौन कौन थे उपस्थित:** मौके राजेश ठाकुर, गौतम महतो, तरूण वर्मा, महेंद्र ठाकुर, अरविंद महतो, आशीष शर्मा, राम करमाली, रंजीत प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, रंजीत कुमार, सुभाष नायक, अभिषेक खत्री, सनी महतो, सूरज कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार 26 सितंबर को बजरंग दल गोला के गौरक्षा प्रमुख आशिष शर्मा पर चितरपुर बाजारटांड टांड के समीप विशेष समुदाय के लगभग 20 अज्ञात लोगों ने मारपीट कर जानलेवा हमला किया था। साथ ही उनके पास से पांच हजार रुपया, चेन और गाय आदि छिन लिया, उक्त दिन ही आशिष शर्मा ने रजरप्पा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है, जिसमें गोला के हुपु निवासी जाकिर अंसारी पिता- समसुल अंसारी, चितरपुर कसाई मोहल्ला निवासी असगर हुसैन पिता-कौशर अंसारी, चितरपुर ईदगाह मैदान निवासी सदाब हुसैन पिता-कौसर अंसारी, चितरपुर गोदाम मोहल्ला निवासी मंजुर अंसारी पिता-लालु अंसारी, चितरपुर घासी टोला निवासी जसीम अंसारी पिता-चरकु अंसारी मुख्य रूप से नामजद है।

## भदानीनगर ओपी में शांति समिति की हुई बैठक



भदानीनगर (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा को लेकर भदानीनगर ओपी में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह और संचालन ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने किया। बैठक में ओपी क्षेत्र अंतर्गत दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधि और गणमान्य लोग शामिल रहे। बैठक के दौरान पुलिस की ओर से दुर्गा पूजा को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। पूजा पंडालों में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाने, फायर टेंडर की व्यवस्था रखने और वॉलेंटियर मुस्तैद रखने की बात कही गयी। वहीं बैठक में स्थानीय लोगों ने पुलिस को पूजा के मद्देनजर समस्याओं से अवगत कराया। सड़क पर पुलिस गश्ती बढ़ाने और ट्रैफिक जाम की समस्या दूर करने की मांग की गयी। साथ पर्व के दौरान शराबियों और नशेड़ियों पर अंकुश लगाने की भी बात कही गयी। साथ ही व्हाट्सएप नंबर उपलब्ध कराते हुए पूजा के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को अविलंब देने की अपील की गयी। बैठक में मनोज मुर्मू, एनए तिर्की, हेमन्श पूर्ति, ओमप्रकाश सिंह, दिलीप दांगी, सागर दांगी, टिकेश्वर महतो, मुन्ना ओझा, आनन्द दुबे, मो रईस आलम, राजेश मंडल, आरके पारिख, शंकर तुरी, जिलानी अंसारी, गुलाम रसूल, गोविंद राम, शेरशाह आलम, कृष्णा कुशवाहा, देवानंद महतो, विद्या सागर ओझा, शहबान अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसार क्र.सं. - 46 दिनांक 24.09.2024 । मै हरेराम पिता अनिल प्रसाद सिन्हा, निवास पता - गया रोड बरही, रेलवे क्रोसिंग के बगल, पो0- बरही थाना - बरही, जिला - हजारीबाग, झारखंड - 825405 शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि - 1. यह कि मै भारतीय नागरिक हूँ। एवं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। 2. यह कि मै वर्तमान में 26 बटालियन एस. एस. बी. राँची झारखंड मे कार्यरत हूँ। 3. यह कि मेरा यु आई एन नं. 13100906 निबंधन सं. 210812508 4. यह कि मेरी पुस्तिका में पता-मलावॉं, पो0- योगीपुर, थाना -हिलसा, जिला - नालंदा, बिहार - 801302 दर्ज है 5. यह कि उक्त पता को सुधार कर मेरा सही पता- गया रोड बरही, रेलवे क्रोसिंग के बगल, पो0- बरही, थाना - बरही, जिला - हजारीबाग, झारखंड 825405 मेरी पुस्तिका में दर्ज करने हेतु शपथ पत्र सम्पादित कर रहा हूँ।

# सिद्धारमैया की मुश्किलें और बढ़ीं

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के लिए पद पर बने रहना मुश्किल हो गया है, क्योंकि पिछले मंगलवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार विरोधी कानून के तहत उनके खिलाफ मुकद्दमा चलाने का रास्ता साफ कर दिया था। सिद्धारमैया ने मैसूर भूमि घोटाले में उनके खिलाफ मुकद्दमा चलाने की अनुमति देने वाले कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत के आदेश को चुनौती दी थी। मुख्यमंत्री ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा था कि वह इस्तीफा नहीं देंगे। राज्यपाल द्वारा उनके खिलाफ मुकद्दमा चलाने की मंजूरी के खिलाफ उच्च न्यायालय में उनकी चुनौती ने उन्हें समय दे दिया था, लेकिन अब जबकि उच्च न्यायालय ने भी उनके खिलाफ मुकद्दमा चलाने का रास्ता साफ कर दिया है, तो यह उचित ही है कि उन्हें तुरंत पद छोड़ देना चाहिए और जब तक उन्हें सम्मानपूर्वक बरी नहीं कर दिया जाता, तब तक मुख्यमंत्री के पद पर वापस आने का कोई प्रयास न करें। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने अपने 197 पन्नों के फैसले में स्पष्ट रूप से कहा कि उनके खिलाफ मुकद्दमा चलाने की मंजूरी देने में राज्यपाल की कार्रवाई में कोई दोष नहीं पाया जा सकता। न्यायाधीश ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि राज्यपाल ने उनके अभियोजन को मंजूरी देने की याचिका पर विचार करते समय स्वतंत्र रूप से अपने विचार नहीं रखे। वास्तव में, कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा अभियोजन के खिलाफ चुनौती को खारिज करने के एक दिन बाद निचली अदालत से एक और झटका लगा। इसने कर्नाटक लोकायुक्त को निर्देश दिया कि वह भूमि घोटाले के आरोपों की जांच करे और 3 महीने के भीतर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करे। हालांकि, 4 दिन बाद भी लोकायुक्त पुलिस ने अभी तक एफआइआर दर्ज नहीं की है। जाहिर है, अगर वह जल्द ही ऐसा करने में विफल रहता है, तो मामले को आगे बढ़ाने वाले नागरिक समाज कार्यकर्ता फिर से उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटायेंगे। मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के बाहरी इलाके में एक ग्रामीण गांव में सिद्धारमैया की पत्नी के नाम पर 3.16 एकड़ जमीन के बदले में 14 प्लम भूखंडों के आवंटन से संबंधित आरोप हैं। सिद्धारमैया का दावा है कि उक्त जमीन उनकी पत्नी को उनके भाई ने उपहार में दी थी, हालांकि कुछ ग्रामीणों ने शिकायत की है कि उन्हें धोखा देकर यह जमीन हड़पी गया है। उच्च न्यायालय के फैसले में कहा गया है कि सीएम के अभियोजन की मांग करने वाली याचिका में बताये गये तथ्यों की निःसंदेह जांच की आवश्यकता है। इस तथ्य के बावजूद कि इन सभी कृत्यों का लाभार्थी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि सिद्धारमैया की पत्नी है, जिन्हें 14 भूखंड आबंटित किये गये थे, को लेकर जांच की मांग की गयी। अदालत ने यह दलील स्वीकार नहीं की कि मुख्यमंत्री की अपनी पत्नी को प्रमुख भूमि के आबंटन में कोई भूमिका नहीं थी। सिद्धारमैया द्वारा खुद को निर्दोष साबित करने और अदालतों द्वारा उन्हें निर्दोष करार दिए जाने तक पद छोड़ने से इंकार करने के बावजूद, उनके इस्तीफे की मांग और भी तेज होने वाली है।


**मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के बाहरी इलाके में एक ग्रामीण गांव में सिद्धारमैया की पत्नी के नाम पर 3.16 एकड़ जमीन के बदले में 14 प्लम भूखंडों के आवंटन से संबंधित आरोप हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है, जो अमेरिका और चीन में होने वाली जल की कुल खपत से भी अधिक मात्रा में जल का उपभोग करता है। विशेष कर, शहरी क्षेत्र अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भूजल पर उत्तरोत्तर रूप से निर्भर होते जा रहे हैं।**

# उथले जलभृतों का पुनर्भरण : भारत के शहरी जल संकट के समाधान का भाग

**एस विश्वनाथ और इशलीन कौर**



भारत में, भूजल शहरों में जल की मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपेक्षाकृत कम गहराई पर पाए जाने वाले ये जलभृत सदियों से जल के महत्वपूर्ण स्रोत रहे हैं। ऐसे समय में जब लंबी दूरी तक पानी पहुंचाना कल्पना से परे था, तब समुदायों ने अपनी पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए उथले जलभृतों का रुख किया। सुगम्य गहराई पर पाए जाने वाले ये जलभृत बढ़ती आबादी को किफायती और भरोसेमंद जल आपूर्ति प्रदान किया करते हैं। आज भी मौजूद ये कुएं और बावड़ियां, उस दौर की याद की दिलाते हैं, जब उथले जलभृतों का पुनर्भरण करने के लिए वर्षा जल का उपयोग करके पानी की किल्लत दूर की जाती थी।

यद्यपि जैसे-जैसे आधुनिक शहरों का विकास होता गया, वैसे-वैसे इस परिदृश्य में सर्वत्र मौजूद रहने वाले ये साधारण से कुएं गायब होने लगे। अब इन कुओं की जगह काफी हद तक गहरे बोरवेल ले चुके हैं, जो खतरनाक गहराई पर भूजल भंडार का दोहन करते हैं। भारत, दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है जो अमेरिका और चीन में होने वाली जल की कुल खपत से भी अधिक मात्रा में जल का उपभोग करता है। विशेष रूप से, शहरी क्षेत्रों में अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भूजल पर निर्भरता निरंतर बढ़ती जा रही है, जिसके कारण उथले जलभृतों में काफी कमी आयी है, और बहुत लंबे समय तक, शहरी नियोजन में भूजल प्रबंधन को दरकिनार किया जाता रहा है।

**भारत, दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है जो अमेरिका और चीन में होने वाली जल की कुल खपत से भी अधिक मात्रा में जल का उपभोग करता है।**

यद्यपि हाल ही में अप्रत्याशित वर्षा, अचानक बाढ़ और शहरी जल संकट-जैसी जलवायु चुनौतियों ने भूजल प्रबंधन के प्रति फिर से दिलचस्पी उत्पन्न की है। समाधान के तौर पर, वर्षा जल संचयन और शहरी जल निकायों के पुनर्भरण की परियोजनाएं उत्तरोत्तर रूप से इन प्राकृतिक भूमिगत जलाशयों का रुख कर रही हैं। अब अतिरिक्त वर्षा जल को संग्रहित करने और बाढ़ में कमी लाने की क्षमता के लिए जलभृतों का अध्ययन किया जा रहा है।

वर्ष 2021 में अमृत 2.0 की शुरूआत ने जल प्रबंधन में आमूल-चूल बदलाव किया, जिसमें आखिरकार भूजल को 'शहरी' स्तर पर प्राथमिकता दी गई। मिशन ने न केवल भूजल पर निर्भर रहने बल्कि सक्रिय रूप से इसका प्रबंधन और संरक्षण करने की शहरों की आवश्यकता को पहचाना।

इस मिशन के अंतर्गत, वर्ष 2022 में 10 शहरों में उथला जलभृत प्रबंधन (एसएएम) प्रायोगिक परियोजना शुरू की गयी थी। इस कदम का उद्देश्य शहर के अधिकारियों और समुदायों के बीच उथले जलभृतों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और भूजल की कमी, प्रदूषण और शहरी बाढ़ जैसी महत्वपूर्ण समस्याओं से निपटने के लिए प्रभावी पुनर्भरण संरचनाओं को प्रदर्शित करना था। इसके तहत एक ऐसा वातावरण तैयार करने का प्रयास किया गया, जहां शहर उथले जलभृत प्रबंधन को व्यापक जल रणनीतियों में एकीकृत कर सकें। इसका उद्देश्य सरल और वैज्ञानिक रूप से सही पुनर्भरण विधियों पर जोर देकर, उन तरीकों को पुनर्जीवित करना था जिनकी आधुनिक बुनियादी ढांचे की जद्दोजहद में अनदेखी की जाती रही थी। इस परियोजना ने प्रभावी उथले जलभृत प्रबंधन के संबंध में शहरों को महत्वपूर्ण समझ प्रदान की है।

इस पहल ने स्थानीय जलभृत स्थितियों के अनुरूप पुनर्भरण संरचनाओं के लिए 12 विशिष्ट दृष्टिकोणों और डिजाइनों को तैयार करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इनमें धनबाद, हैदराबाद और बेंगलुरु में मौजूदा कुओं और बावड़ियों के पुनर्भरण से लेकर पुणे में उच्च पुनर्भरण क्षमता वाले क्षेत्रों का जलग्रहण उपचार तक शामिल है। ग्वालियर और राजकोट जैसे शहरों ने जलभृत प्रणालियों और भूजल गहराई का विस्तृत मानचित्रण किया है और शहर के स्तर पर पुनर्भरण संरचनाओं की एक सूची तैयार की है, जिससे भूजल प्रबंधन के लिए सुविचारित निर्णय लेने सुगम होता है।

इस परियोजना ने स्थानीय समुदायों की जल संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इन पुनर्भरण संरचनाओं के सतत उपयोग को प्रदर्शित करने की दिशा में भी आशाजनक परिणाम दर्शाये हैं। बेंगलुरु के कांतीरवा नगर में, परियोजना के तहत बनाया गया पुनःसंयोजित किया गया एक कुआं अब लगभग 500 घरों को पानी की आपूर्ति कर रहा है, जिसमें से गैर-पेय उपयोग के लिए प्रतिदिन एक लाख लीटर पानी निकाला जा रहा है।

इसी तरह, ठाणे के येऊर गांव में जनजातीय समुदाय के लोग गाद निकाले गए और पुनःसंयोजित किये गये कुओं से प्राप्त पानी से लाभान्वित हो रहे हैं। धनबाद और राजकोट में, जहां के शहरी क्षेत्र उथले कुओं पर बहुत अधिक निर्भर हैं, वहां इस पहल ने अपने पायलट चरण से आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। राजकोट नगर निगम ने एसएएम मैपिंग के आधार पर पूरे शहर में 100 से अधिक अतिरिक्त पुनर्भरण संरचनाओं के निर्माण पर काम शुरू किया है, जो उथले जलभृत प्रबंधन को बढ़ाने की दिशा में नये सिरे से जागरूकता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह परियोजना जलवायु अनुकूलन और जल सुरक्षा के क्षेत्र में प्रमुख विचारों का ध्यान आकर्षित करने में सक्षम रही है। बेंगलुरु की जलवायु कार्य योजना में अब बेंगलुरु को जलवायु अनुकूल बनाने के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में भूजल प्रबंधन को शामिल किया गया है। पुणे ने शहर की भविष्य की जल योजनाओं में उथले जलभृत प्रबंधन को प्राथमिकता बनाए रखने के लिए नगर निगम में एक समर्पित भूजल प्रकोष्ठ भी स्थापित किया है। वित्त वर्ष 2024-2025 में, पुणे नगर निगम ने जलभृत पुनर्भरण संरचनाओं के लिए 1 करोड़ रुपये का एक समर्पित बजट आवंटित किया है, जो इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्रवाई को दर्शाता है।

एसएएम परियोजना के माध्यम से हासिल प्रगति के बावजूद, बहुत काम अभी भी बाकी है। शहरों को यह स्वीकार करना होगा कि गहरे जलभृतों में सदियों से पानी के विशाल भंडार जमा हैं और उन्हें आम तौर पर सूखे जैसी आपात स्थितियों के लिए आरक्षित रखा जाना चाहिए। इसके विपरीत, उथले जलभृतों में पहली रक्षा पंक्ति के रूप में दैनिक जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अपार संभावनाएं हैं, जो उन्हें शहरी क्षेत्रों के लिए आवश्यक बनाती हैं। हालांकि, जैसे-जैसे शहर बढ़ रहे हैं, इन जलभृतों का पुनर्भरण करने वाली प्राकृतिक प्रक्रियाएं बाधित होती जा रही हैं।

वर्तमान स्थिति में, जहां शहरी विकास सतह के अभेद्य होने, वर्षा जल का रिसाव बाधित होने और प्राकृतिक पुनर्भरण बाधित होने के रूप में अभिलक्षित हो रही है, ऐसे में शहरों को झीलों, आर्द्रभूमियों और नदी के बाढ़ के मैदानों के पुनर्जीवन सहित उथले जलभृतों के कृत्रिम पुनर्भरण की दिशा में सतर्क हस्तक्षेप करने की आवश्यकता है।

भारत का भूजल संकट जटिल है, लेकिन इसका समाधान हमारे बेहद निकट हो सकता है। शहर उथले जलभृतों का प्रबंधन करके अधिक लचीले और टिकाऊ भविष्य को बढ़ावा दे सकते हैं। एसएएम परियोजना इस दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रदान करती है, लेकिन इसके सबक को बड़े पैमाने पर लागू करना होगा और पूरे देश में लागू करना होगा। भारत शहरी विकास और पानी की कमी की दोहरी चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में अब समय आ चुका है कि हम अपने पूर्वजों के ज्ञान को अपनाएं और जल-भूविज्ञान या हाइड्रोजियोलॉजी के साथ जुड़ें।

उथले जलभृतों का पुनर्भरण करके और इसे एकीकृत शहरी जल प्रबंधन इकोसिस्टम का हिस्सा बनाकर, शहर इस अमूल्य संसाधन को भावी पीढ़ियों के लिए पानी का भरोसेमंद स्रोत बना रहने देना सुनिश्चित कर सकते हैं। कबीर के शब्दों में: कुआं एक है, और पानी एक ही है। हमें याद रखना चाहिए कि आज हम जो पानी निकालते हैं, वह हमें कल भी जीवित रखेगा।

**(लेखक : सह-संस्थापक बायोम एनवायरमेंट सॉल्यूशंस, बेंगलुरु और वरिष्ठ पर्यावरण विशेषज्ञ, राष्ट्रीय नगर कार्य संस्थान, दिल्ली हैं।)**


## देश-विदेश की खबरें

### हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह की डेड बॉडी मिली

# शरीर पर हमले के निशान नहीं मिले ब्लास्ट के झटके से मौत की आशंका

- लेबनान पर इजराइल के हमले जारी हैं

**एजेंसी**



**बेरूत।** शुक्रवार को इजराइली हमले में मारे गये हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की डेडबॉडी मिल गयी है। मेडिकल और सुरक्षा टीमों ने नसरल्लाह के शव को हमले वाली जगह से बरामद किया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हसन के शरीर पर हमले के सीधे निशान नहीं हैं। उसकी मौत के पीछे तेज धमाके से हुए ट्रॉमा को वजह माना जा रहा है। इधर रविवार को इजराइल ने लेबनान से सटी सीमा पर टैंक तैनात कर दिये। अलजजीरा ने इनकी तस्वीरें भी जारी की हैं। वहीं अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसे नसरल्लाह पर हमले के बारे में पता था। इजराइल ने ऑपरेशन के लिए लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने के बाद उसे जानकारी दी थी। हालांकि इजराइल ने दावा किया है कि उसने ऑपरेशन शुरू करने से पहले ही अमेरिका को संदेश भेज दिया था। दूसरी तरफ नसरल्लाह की मौत के बाद भी शनिवार को इजराइल ने लेबनान में हमले जारी रखे। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इन हमलों में 33 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 195 घायल हुए हैं। एनवाइटी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि नसरल्लाह को मारने के लिए 27 सितंबर को इजराइल ने 8 लड़ाकू विमान भेजे थे। इनके जरिए हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 2 हजार पाउंड के 15 बम गिराए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, ये अमेरिका में बने बीएलयू-109 बम थे, जिन्हें बंकर बस्टर भी कहा जाता है। ये लोकेशन पर अंडरग्राउंड तक घुसकर विस्फोट करने में सक्षम होते हैं।

# हमें डॉक्टर और इंजीनियर चाहिए मुल्ला नहीं : हिमंता बिस्वा सरमा

- देश से एक-एक बाबर को धक्का देकर निकालेंगे, 600 मदरसे बंद किये, बाकी भी करूंगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सोनीपत।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच आज सोनीपत पहुंचे असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- कांग्रेस ने देश के कोने-कोन में छोटे-मोटे बाबर पाल रखे हैं। हमें ऐसा करना है, जैसा अयोध्या में बाबर राज खत्म हुआ, राम राज शुरू हुआ। इस देश में अभी भी छोटे-मोटे बाबर घूम रहे हैं, सबको धक्का दे देकर हमें इस देश से निकालना है। उन्होंने कहा- राहुल गांधी हमारे असम में आए थे। मुझको पूछ रहे थे कि आपने 600 मदरसा बंद कर दिया, आगे आपका क्या इरादा है? मैंने राहुल गांधी को बोला, अभी तो 600 बंद किया है, आगे जाकर सबको बंद कर दूंगा। यही हमारा इरादा है और कुछ इरादा नहीं है। हमें देश में मदरसा शिक्षा नहीं चाहिए, हमें डॉक्टर और इंजीनियर चाहिए, मुल्ला नहीं।

## अमेरिका का दावा : सीरिया में यूएस आर्मी की एयर स्ट्राइक में मारे गये 37 आतंकी

वॉशिंगटन। सीरिया में अमेरिका ने हवाई हमला किया। इसमें इस्लामिक स्टेट समूह और अल-कायदा से जुड़े 37 आतंकी मारे गए। अमेरिका की सेना ने दावा किया कि आतंकियों के कई ठिकानों पर हमले किए गए। यूएस सेंट्रल कमांड के मुताबिक अमेरिका ने उत्तर-पश्चिमी सीरिया पर हमला किया। इसमें अल-कायदा से जुड़े हुर्रस अल-दीन समूह के शीर्ष नेता और आठ अन्य को निशाना बनाया गया। इन आतंकियों पर सैन्य अभियानों की निगरानी का जिम्मा था। इसके साथ ही मध्य सीरिया में आइएस के प्रशिक्षण शिविर पर हवाई हमला किया गया। इसमें 28 आतंकी मारे गए। इनमें चार सीरियाई नेता शामिल थे। अमेरिकी सेना के मुताबिक हवाई हमले के जरिये अमेरिकी हितों के साथ-साथ हमारे सहयोगियों और साझेदारों के खिलाफ ऑपरेशन चलाने की आईएसआईएस की तैयारी को ध्वस्त किया गया। सीरिया में लगभग 900 अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। अमेरिका की सेना पूर्वोत्तर सीरिया में अपने प्रमुख सहयोगियों कुर्द नेतृत्व वाली सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज को सलाह और सहायता देती हैं।

## एनकाउंटर के दूसरे दिन सुरक्षाबलों ने जम्मू कश्मीर के कठुआ में आतंकी को किया ढेर

श्रीनगर (आजाद सिपाही)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में बिलावर तहसील स्थित कोग-मंडली में रविवार को दूसरे दिन भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर एक आतंकी मारा गया है। जम्मू जोन के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस आनंद जैन ने बताया कि सुरक्षाबलों ने शनिवार, 28 सितंबर को सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। उन्हें तीन से चार विदेशी आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। देर शाम आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की, जिसमें हेड कॉन्स्टेबल बशीर अहमद की मौत हो गयी। डीएसपी और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर घायल हुए थे। दोनों अधिकारियों की हालत अभी स्थिर है। वहीं, राजौरी के थानामंडी इलाके में रविवार शाम को एनकाउंटर शुरू हो गया है। यहां पर आतंकियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने फायरिंग की।

## सुनीता विलियम्स को वापस लाने स्पेसएक्स का फाल्कन 9 रॉकेट रवाना

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। अरबपति इलोन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने शनिवार दोपहर फ्लोरिडा के केप कैनावेरल लॉन्च पैड से अपना फाल्कन 9 रॉकेट अंतिरक्ष में भेजा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को अंतरिक्ष में ले गये इस रॉकेट में दो क्रू मेंबर नासा के एस्ट्रोनॉट्स निक हेग और रूसी एस्ट्रोनॉट्स अलेक्जेंडर गोरबुनोव सवार हैं। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के जरिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर 5 जून से फंसी भारतीय मूल की एस्ट्रोनोट्स सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को धरती पर वापस लाया जायेगा। चार सीट वाले इस रॉकेट में दो सीटें खाली छोड़ी गयी हैं। फाल्कन 9 के लिए नये लॉन्च पैड का इस्तेमाल किया, जो कि क्रू मेंबर मिशन के लिए इस पैड का पहला इस्तेमाल था। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर इसी साल 5 जून को बोइंग के नये स्टारलाइनर कैप्सूल से क्रर भेजे गये थे। दोनों को 13 जून को वापस आना था, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी के कारण उनकी वापसी टल गयी थी।

# तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन ने बेटे को डिप्टी सीएम बनाया

- उदयनिधि ने सनातन धर्म को डेंगू-मलेरिया कहा था
- जेल से बाहर आये सेंथिल बालाजी भी मंत्री बने

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बेटे उदयनिधि स्टालिन को डिप्टी सीएम बना दिया है। इसके साथ ही कैबिनेट में भी फेरबदल किया। वी सेंथिल बालाजी, आर राजेंद्रन, डॉ गोवी चेझियान और एसएम नासर को स्टालिन सरकार में मंत्री बनाया गया है।

रविवार को राजभवन में गवर्नर आरएन रवि ने सेंथिल बालाजी समेत चारों डीएमके नेताओं को शपथ दिलायी। सेंथिल बालाजी की स्टालिन कैबिनेट में वापसी हुई है। उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी के बाद इस साल फरवरी में इस्तीफा दे दिया था। उन्हें 27 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली है।

उदयनिधि ने शपथ नहीं ली, क्योंकि वे राज्य सरकार में पहले से मंत्री थे। सरकार ने कैबिनेट में उनका कद बढ़ा दिया है। उन्हें पहले ही डिप्टी सीएम मनोनीत किया जा चुका था। उदयनिधि पिछले साल सनातन धर्म पर अपने बयान को लेकर चर्चा में रहे थे। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू-मलेरिया से की थी।

तमिलनाडु में ऐसा दूसरी बार हुआ है, जब पिता सीएम और बेटा डिप्टी सीएम पद पर हैं। इससे पहले 2009-11 में मौजूदा सीएम एमके स्टालिन डिप्टी सीएम रहे थे। तब उनके पिता दिवंगत एम करुणानिधि मुख्यमंत्री थे। उदयनिधि अपने दादा और पिता के बाद राज्य सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका पाने वाले अपने परिवार के तीसरी पीढ़ी के नेता हैं।

# जम्मू में भाषण के दौरान बेहोश हुए खड़गे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेहोश हो गये। खड़गे कॉन्स्टेबल को श्रद्धांजलि दे रहे थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गयी। भाषण देते हुए खड़गे की आवाज धीमी होती चली गई और अचानक वे बेसुध हो गए। इसके चलते भीड़ में अफरा-तफरी मच गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया। तबीयत ठीक होने के बाद खड़गे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा। आपकी बात सुनता रहूंगा। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए बात रखता रहूंगा।

**जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दिलायेंगे :** मल्लिकार्जुन खड़गे ने 22 सितंबर को जम्मू में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य को इससे पहले कभी केंद्र शासित प्रदेश नहीं बनाया गया था। उन्होंने आगे कहा कि हम पीएम मोदी और भाजपा से पूछना चाहते हैं कि जब आपके पास पूरी शक्ति है, तो आपने अब तक जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया। खड़गे ने जम्मू-कश्मीर के लिए कांग्रेस के मेनिफेस्टो का जिक्र करते हुए कहा कि हमने प्रदेश के लिए सात वादे किए हैं। हमारा पहला वादा है कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा वापस दिलाया जायेगा।

## मजदूरी करने गये युवक की करंट लगने से मौत


मृतक की फाइल फोटो

सगमा (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र के प्रखंड अंतर्गत पुत्तुर गछत्त निवासी बिशुन प्रजापति के 24 वर्षीय पुत्र सखीचंद प्रजापति की छत्तीसगढ के रायपुर में करंट की चपेट आने से मौत गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड के पुत्तुर गांव निवासी चौबीस वर्षीय सखीचंद प्रजापति अपने अन्य मजदूरों के साथ छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित संभव स्टील प्लांट में सरिया सैट्रिंग का काम करने के दौरान बीते 26 सितंबर को शाम 5 बजे प्लांट में शेट्रिंग का प्लेट खोलने के दौरान हाई वोल्टेज करेंट की चपेट में आ जाने से घायल हो गया, इसके बाद कंपनी के द्वारा स्थानीय अस्पताल में इलाज कराने के दौरान उसकी मृत्यु हो गया। सूचना के बाद ग्रामीणों के अलावा मुखिया पति हनुमंत यादव, भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, महाचिव धर्मजित यादव, बबलू ठाकुर, राजेश बैठा, मृतक के घर पहुंचकर सांत्वना देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि मृतक हमारे पार्टी के कुशल कार्यकर्ता थे, इनकी मृत्यु से हम सभी काफी मर्माहत है। विधायक भानु प्रताप शाही की तरफ से शोक संवेदना प्रकट करते है (सखीचंद की मृत्यु होना पार्टी के लिए अपूरणीय छति है )।

### केंद्रीय कोयला और खनन राज्यमंत्री पहुंचे गढ़वा

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को गिड़गिड़ाने पर मजबूर कर दिया: सतीश

**भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में पाकिस्तान को गिड़गिड़ाने पर मजबूर कर दिया। पाकिस्तान अब भारत के आगे घुटना टेक दिया है। उक्त बातें केंद्रीय कोयला और खनन राज्यमंत्री डॉ. सतीश चंद्र दुबे ने रविवार को पिंडरा स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों के साथ बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की मजबूती से ही देश की मजबूती होगी। जितना अधिक भाजपा मजबूत होगा, देश में उतना ही राष्ट्रीयता, संस्कृति और विरासत मजबूत होगी। मंत्री ने कहा कि झारखंड का विकास भाजपा और एनडीए ही सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री ने झारखंड का बेहतर विकास के लिए ही इसे अलग राज्य बनाया था। आने वाला विधानसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ता एकजुटता का परिचय देते हुए झारखंड में भाजपा की सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव में पार्टी जिसे भी अपना उम्मीदवार बनाएं, कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी के पक्ष में मजबूती से काम करते हुए वर्तमान भष्ट्राचारी सरकार को जड़ से उखाड़ने का काम करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वंशवाद की पार्टी है। कांग्रेस बिना गांधी परिवार का नही चल सकता है। जबकि भाजपा में सड़क पर पोस्टर साटने वालों से लेकर चाय बेचने और किसान का बेटा भी पीएम, सीएम, मंत्री, सांसद और विधायक बनता है। मंत्री ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी की ओर से बतायी गयी समस्याओं को दूर किया जायेगा। पूर्व विधायक ने मंत्री से भवनाथपुर में स्थित एशिया का सबसे बड़ा क्रशर प्लांट को चालू कराने और भंडरिया में स्थित कोल माइंस को शुरू कराने की मांग की। पूर्व विधायक ने मंत्री को बताया कि भवनाथपुर में क्रशर प्लांट और भंडरिया में कोल माइंस शुरू होने से जिले के 30 से 40 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध होगा। मंत्री ने दोनों मागों को हरसंभव पूरा कराने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि पीएम की मन की बात सुनने से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। लोग उनकी बात सुनकर अपने जीवन में बेहतर करते है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, जिला प्रभारी विपिन बिहारी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, अरविंद तुफानी, ओमप्रकाश तिवारी, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुन्ना तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, विनोद चंद्रवंशी, सन्नी च्रदवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, विवेकानंद तिवारी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम लोग उपस्थित थे। जिला कार्यालय में आयोजित बैठक का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया।

## डॉक्टर पतंजलि केसरी भाजपा में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता


केंद्रीय काबीना मंत्री शिवराज सिंह चौहान को गदा देकर सम्मानित करते डॉक्टर पतंजलि केसरी।

गढ़वा। केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान की मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में आयोजित जनसभा में गढ़वा के चिकित्सक सह समाजसेवी डॉक्टर पतंजलि केसरी भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मंच पर उपस्थित झारखंड प्रदेश प्रभारी बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सहित केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड में परिवर्तन के लिए प्रतीक स्वरूप गदा देकर सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि गत शनिवार को मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में भारतीय जनता पार्टी की प्रमंडल स्तरीय परिवर्तन रैली का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शामिल होने के पूर्व मेदिनीनगर जाने के क्रम में डॉक्टर केसरी ने बताया कि भाजपा की परिवर्तन रैली के समापन समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अन्य दिग्गज नेताओं के समक्ष वह भाजपा में शामिल होंगे।

मेदिनीनगर जाने से पूर्व माझिआंव मोड़, रंका मोड़, पुरनचंद चौक सहित शहर के मुख्य पथ पर रैली निकाली गयी। इस दौरान पंक्तिबद्ध वाहनों में बज रहे देशभक्ति गीत से कुछ पल के लिए शहर में संपूर्ण वातावरण भक्तिमय में हो गया था।

## ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करने वाले छात्र भी परीक्षा में होंगे सम्मिलित, गढ़वा डीइओ ने जारी किया पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। एसए 1 परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वाले आदर्श विद्यालयों के 8 वीं से 12वीं तक के छात्र भी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उक्त मामले को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा ने पत्र जारी किया है। उक्त मामले को लेकर बीते 24 सितंबर को आजाद सिपाही अखबार में प्रमुखता से खबर छपी थी, जिसका असर हुआ कि जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा द्वारा 28 सितंबर को जारी किया गया। इस पत्र में सभी उत्कृष्ट विद्यालय और प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय, के

**खबर का असर**


जमा दो उच्च विद्यालय भवनाथपुर के छात्रों का भविष्य अधर में लटका, एसए 1 परीक्षा का फॉर्म भरने से वंचित हुए

भवनाथपुर। राजकीय कृत जमा दो उच्च विद्यालय भवनाथपुर के 312 छात्रों का भविष्य अधर में लटका, एसए 1 परीक्षा का फॉर्म भरने से वंचित हुए। उक्त छात्रों के एक साल का समय बर्बाद होने की आशंका जतायी जा रही है, किंतु गढ़वा डीईओ कैसर रजा ने कुछ न कुछ हल निकालने की बात कही। जमा दो उच्च विद्यालय भवनाथपुर के प्रभारी प्राचार्य अंकित त्रिवेदी ने बताया कि 9वीं से लेकर 12वीं तक कुल 2162 छात्र नामांकित है और एसए 1 का आनलाइन फॉर्म भरने के लिए महज चार दिन का समय मिला था। 312 बच्चे जानकारी के अभाव में या अन्यत्र होने के कारण इस फॉर्म को नहीं भर सके। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा राज्य के 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और 320 बीएलएवी की कक्षा 08 से 12 तक की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के उन्नयन हेतु एसए 1 और एसए- II का आयोजन करने का निदेश प्राप्त था। इस संबंध में गढ़वा देव कैसर रजा ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में है, सॉल्यूशन निकाल लिया जायेगा।

प्रधानाध्यापक प्रभारी प्रधानाध्यापक को निदेश दिया गया है, की जिन छात्र-छात्रा का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, वैसे छात्रों को भी परीक्षा में सम्मिलित कराना है और उनका प्रवेश पत्र का क्रमांक उस वर्ग में पंजीकृत छात्रों के अंतिम रोल नंबर के बाद से जोड़ा जायेगा, जिसकी सूचना संबंधित परीक्षा केंद्र केंद्राधीक्षक को परीक्षा तिथि से पूर्व में उपलब्ध कराना होगा। उल्लेखनीय है कि जैक द्वारा राज्य के उत्कृष्ट और 325 आदर्श विद्यालयों में कक्षा 8 से 12 तक में अध्ययनरत छात्रों के लिए एसए 1 परीक्षा आयोजित की है। कक्षा 8 की परीक्षा 30 सितंबर को, कक्षा नवम और दशम की परीक्षा 1 अक्टूबर को जबकि 11वीं और 12वीं की परीक्षा 4 और 5 अक्टूबर को होगी।

## विधायक ने एक उपस्वास्थ्य केंद्र और तीन पथ सुद्दढ़ीकरण निर्माण कार्य की आधारशिला रखी

आजाद सिपाही संवाददाता



भवनाथपुर। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने रविवार को प्रखंड के तीन पंचायतों में लगभग 12 करोड़ रुपये लागत से होने वाली एक उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण और तीन पथ सुद्दढ़ीकरण निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर तथा नारियल फोड़कर इसकी आधारशिला रखी। अरसली उतरी के पंचायत सचिवालय से अमीरगंज, लामी टोला होते हुए केवरवा तक आरइओ के तहत पथ सुद्दढ़ीकरण निर्माण, कैलान मुख्य पथ से मंगरदह टोला तक, कोन मंडरा के दुर्गा मंदिर मुख्य पथ से दुबे टोला होते हुए खोह टोला तक तथा उपस्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास विधायक भानु ने गांव के बुजुर्गो के हाथों भूमि पूजन कर और नारियल फोड़कर करवाया। मौके पर विधायक भानु ने कहा कि इस सड़क को अपने मंत्रित्वकाल में बनवाया था, आज दुबारा इस सड़क निर्माण का आधारशिला रख, अपने वचन को पूरा करने का काम किया है। कहा कि मैंने कभी भेदभाव और वोट के लिए इस पंचायत के लोगों का कार्य नहीं किया हूं, बल्कि एक बेटा के रूप में यहां के समस्याओं को दूर करने का काम किया हूं। सांसद बीडी राम और मैने कोलकाता अमृतसर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को शुरू कराने का प्रयास किया था, लेकिन गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथलेश ठाकुर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ मिलकर इस बहुउद्देशीय परियोजना को रोकवाने का काम किया है। कहा कि मैं अनंत प्रताप देव की तरह पॉवर प्लांट का फर्जी शिलान्यास नहीं करता, पॉवर प्लांट के फर्जी शिलान्यास के सवाल पर वे बगली झांकने लगते है। वादा करते है, राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही दो वर्ष के अंदर बंद पड़े तुलसीदामर डोलोमाइट खदान, घाघरा चुना पत्थर खुलवाने के साथ भवनाथपुर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना करायी जायेगी। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने की। इस मौके पर बबलू पटवा, अनिल चौबे, विमलेश यादव, विशाल यादव, अखिलेश उरांव, लल्लू ठाकुर, शैलेश चौबे, मूंगा साह, लक्ष्मण राम, बिनोद यादव, अरुण गुप्ता, दयानंद प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## रामकंडा और भंडरिया थाना क्षेत्र में हाथियों का आतंक

भंडरिया (आजाद सिपाही)। रामकंडा व भंडरिया थाना क्षेत्र हाथी का आतंक बढ़ गया है। कुछ दिन पहले रोदो गांव निवासी को बकरी चराने के क्रम में पटक कर दोनों पैर कुचल कर तोड दिया था। रविवार को सालेटोगरी गांव निवासी भंडरिया वन क्षेत्र बैरिया के सिंजो जगल में रविवार की सुबह रिमस मिंज के 50 बर्षीय पत्नी स्वाति तिर्की भंडरिया थाना क्षेत्र के सिंजो जंगल में खुखड़ी खोजने गयी थी, उसी समय हाथी के झुंड ने 50 बर्षीय स्वाति तिर्की को बुरी तरह पटक कर कूच दिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गयी। लोगों की मदद से घर वालों ने जंगल से शव को उठा कर लाया और बैरिया केहि जगल के पास डाल्टनगंज रामकंडा भंडारिया रोड को जाम कर दिया, जाम कर्ताओं ने वन विभाग से 5 लाख मुआवजा व सरकारी नौकरी की मांग कर रहे थे। पुलिस घटना स्तर पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम को हटाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। इधर तत्काल भंडारिया रेंजर के द्वारा दास संस्कार के लिए 20 रुपये की हजार रुपये नगद दिया और उन्होंने कहा कि सरकारी प्रक्रिया के तहत 4 लाख रुपये मुआवजा देने का प्रावधान है।

## 'मानव शरीर में हृदय का महत्व' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



मेराल (आजाद सिपाही)। अंतर्राष्ट्रीय हृदय (हर्ट) दिवस के अवसर पर एस डी मेमोरियल एकेडमी के विद्यार्थियों के बीच प्रोजेक्ट वर्क तथा 'मानव शरीर में हृदय का महत्व' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में वर्ग 6 और वर्ग 7 के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने कहा कि शरीर के महत्वपूर्ण अंग के विषय में पुस्तक में तो पढ़ना है, लेकिन प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यार्थियों को इस संबंध में विशेष जानकारी उपलब्ध करायी गयी, ताकि व्यवहारिक जीवन में वे स्वयं भी जागरूक रहे तथा परिवार के सदस्यों का ख्याल रख सके। 'प्रोजेक्ट बनाओ' तथा 'भाषण प्रतियोगिता' में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में वर्ग 6 के दीपिका कुमारी, काजल कुमारी, सचिन कुमार, सूर्यकांत गुप्ता, गुलाम गौस, नूरी मुस्सरत, वर्ग सात के शिवम कुमार शशि शेखर, अजमेरुल हक, अलिजा प्रवीण, आरती खातून, शबनम प्रवीण, सुहाना नाज, पीहू कुमारी, आयुष चौबे इत्यादि शामिल थे।

## निवर्तमान बीडीओ देवानंद राम को भावभीनी विदाई

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड के निवर्तमान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी देवानन्द राम का प्रखंडकर्मी, पंचायत प्रतिनिधि और नेता समाजसेवियों ने मालार्पण और अंगवस्त्र देकर सम्मान पूर्वक भावभिनी विदाई की। इस मौके पर वर्तमान बीडीओ अनिल रविदास, रंका अंचल पदाधिकारी शिवपूजन तिवारी, जिपस प्रतिनिधि राहुल तिवारी, जिपस प्रतिनिधि रतन सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, रंका मुखिया प्रतिनिधि राजेश मद्धेशिया, समाजसेवी शमीम अंसारी, दीपक गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रंका थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



रंका (आजाद सिपाही)। मां दुर्गा पूजा (दशहरा) को शांति पूर्वक सफल बनाने के लिए रविवार को रंका अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक में रानू राजकमल सिंह और उतम पांडेय ने बर मुहल्ला भूमि विवाद की मामला का स्थायी समाधान करने का आग्रह किया। इस मौके पर रंका अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, महिला दारोगा सुहागिनी सोरेन, सुरेश पांडेय, किशोर शौंडिक, जैनुल्लाह अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, शोएब खलीफा, डॉ इस्लाम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की हालत आज बद से बदतर हो गयी है : मानवेंद्र प्रताप देव



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर के खेल मैदान में रविवार को जेएमएम ने तीनों पंचायतों हरिहरपुर, मझिगावां व डूमरसोता में बैठक कर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा किया गया। इसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक व जेएमएम नेता आंनद प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मनु बाबा ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की हालत आज बद से बद्तर हो गयी है, सड़कों पर लोग किस मुसीबत से चल रहे हैं यह भगवान हीं जाने, सभी सड़कों की हालत जस का तस पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे पिता के द्वारा बनाये जा रहे पावर प्लांट आज बन जाता, तो हजारों परिवारों को रोजी रोटी के लिए सोचना नहीं पड़ता, उन्होंने विधायक भानु के तीन नारे, जिसमें घुस के बदले घुसा दो को बताया कि विधायक इस नारे को इतना अमल किये की घुस के पूरे खदान में ही घुस गये और करोड़ों का घोटाला कर बैठे हुए हैं। वहीं दूसरा व तीसरा नारा नगर को जिला व भवनाथपुर को अनुमंडल बनाने के वादे को भी खोखला बताया। कार्यक्रम के पश्चात वे डीह टोला पर जा कर लोगों का हालचाल जाना उसके साथ मझिगावां पंचायत में बीते दिनों बुधु रजवार की पत्नी की मृत्यु मिट्टी के दीवाल के नीचे दबने से हो गयी थी, उनके घर भी जाकर परिजन से मिलकर दु:ख में शामिल हुए। मौके पर मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, संजीत सिंह, विकास सिंह, अजित सिंह, रमेश रजवार, मुकेश चौबे, जितेंद्र चौबे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीच बाजार में चाकू से युवक पर हमला, घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही। रविवार को बीच बाजार में चाकू के हमले से एक युवक घायल हो गया। घायल युवक थाना क्षेत्र के बनखेता गांव निवासी सुशील यादव है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सुशील यादव अपने गांव से ही ऑटो में सवारी बैठकर एक मरीज को भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र ला रहा था, इसी दौरान एक दुकान के सामने टेंपो खड़ा कर कुछ करने लगा, तभी दुकानदार अनुज सोनी और उसका पुत्र गोलू सोनी से गाड़ी हटाने को लेकर विवाद होने लगी अमित सोनी ने चाकू से हमला कर दिया। उक्त घटना में सुशील यादव को गंभीर चोट लगी है, इसके बाद परिजनों ने उठकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सभी बुथों पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बूथ पर समूह में सुना। मन की बात कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात सांसद प्रतिनिधि सूर्यदेव सिंह ने उपस्थित कार्यकताओं व आम लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व के आज सारे बड़े देशों के प्रमुख आज मोदी के सने नतमस्तक हुए हैं। वहीं हरिहरपुर के बूथ संख्या 161 पर दयाशंकर सिंह, राजीव रंजन सिंह, रंजन पासवान सहित कई लोगों ने मन की बात सुना।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच का विस स्तरीय महासम्मेलन आज



आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी, केंद्रीय सचिव रवींद्रनाथ ठाकुर, चंपा देवी, डॉ इश्तियाक रजा, ने संयुक्त रूप से एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर कहा कि सोमवार को गढ़वा टाउन हॉल में ओबीसी एकता अधिकार मंच का विधानसभा स्तरीय महासम्मेलन होने जा रहा है। जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है, हम प्रेस के माध्यम से समस्त पिछड़ा वर्ग के प्रबुद्ध अभिभावक नौजवान साथियों को आमंत्रित करते हैं केंद्रीय सचिव रविंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि कल गढ़वा टाउन हॉल से उठी पिछड़ों की गूंज दिल्ली तक सुनायी देगी। इस महासम्मेलन से राजनीतिक भूचाल आने वाला है, अब पिछड़ों की अनदेखी करना राजनीतिक दलों के लिए घातक साबित होगा। डॉ इश्तियाक रजा ने कहा कि अब पिछड़ा समाज जग चुका है। इस समाज की अनदेखी करने वालों की इट से ईट बजा देंगे। चंपा देवी ने कहा कि इस महासम्मेलन से गूंगी बहरी सरकार की नींद खुलेगी। मौके पर रामाशंकर ब्रेजियर, अब्दुल मनान, हमीदुल्लाह अंसारी उपस्थित थे।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच ने की सभा



कांडी (आजाद सिपाही। कांडी प्रखंड के ग्राम सड़की में ओबीसी एकता अधिकार मंच के तत्वाधान में एक सभा आयोजित की गयी, जिसमें ओबीसी समाज के हक और अधिकारों को लेकर चर्चा की गयी। इस सभा का मुख्य उद्देश्य ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों को उनके अधिकार दिलाने के प्रति जागरूकता फैलाना था। मंच के प्रमुख वक्ता अमर प्रसाद ने कहा, 'संसाधनों की कमी के कारण ओबीसी समाज के गरीब वर्ग के लोगों को शिक्षा और रोजगार से वंचित रहना पड़ता है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब देश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण है, बिहार झारखंड भी एक था तब भी 27 प्रतिशत आरक्षण था, लेकिन वर्तमान की सरकार में 27 प्रतिशत से झारखंड में यह मात्र 14 प्रतिशत क्यों है, जबकि राज्य में ओबीसी जनसंख्या 50 प्रतिशत से अधिक है। सभा में संजय साव, बसंत चंद्रवंशी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# चार माह के अंदर हर घर में मिलेगा शुद्ध पेयजल: मिथिलेश ठाकुर

**मेराल प्रखंड के आधा दर्जन गांवों में मंत्री ने की जनसंवाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि दुलदुलवा पंचायत के पेसका, दुलदुलवा, बरवाही आदि गांवों में चार माह के अंदर हर घर में शुद्ध पेयजल (मिनरल वाटर) मिलेगा। इसके लिए अन्नराज डैम से पानी लाकर गांव में ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर मिनरल वाटर हर घर में सप्लाई करने की योजना है। चार माह के अंदर यह कार्य पूर्ण हो जायेगा। किसी को भी चापाकल पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। रविवार को मंत्री श्री ठाकुर मेराल प्रखंड अंतर्गत दुलदुलवा पंचायत के विभिन्न गांवों में आयोजित जनसंवाद को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अकेले दुलदुलवा पंचायत में 21 किमी सड़क का निर्माण किया गया है। साथ ही यात्री शेड, हाई मास्टर लाइट, चापाकल, चबूतरा निर्माण आदि कार्य भी किये गये हैं। मंत्री ने कहा कि जो लोग मुझ पर बालू बेचने का आरोप लगाते हैं उन पर कोर्ट में मानहानि का केस करेंगे और उन्हें सजा दिलायेंगे। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाले जब विधायक थे, तब गढ़वा में बिरहा नाला से लेकर बेलचंपा तक ट्रक का लाइन लग रहा था। दिन रात बालू बेचा गया। आज उसे बंद कर दिया गया है तो उनके पेट में दर्द हो रहा है। वे चिल्ला रहे हैं। वैसे लोगों से सभी को सावधान रहने की जरूरत है। उनके दलाल और बिचौलियों को पहचानिये, यह सब विकास विरोधी हैं। मंत्री ने कहा कि जब क्षेत्र में विकास कार्य कर रहे हैं, तो विकास विरोधी लोग उसमें तोड़फोड़ कर रहे हैं। रविवार को मंत्री ने मेराल प्रखंड के दुलदुलवा पंचायत अंतर्गत पेसका हाई स्कूल के मैदान के समीप, रामगढ़ चार मुहान के समीप, दुलदुलवा पंचायत भवन के समीप, दुलदुलवा भगवती मंदिर के समीप, उमवि बरवाही के समीप आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। साथ ही मौके पर कई समस्याओं का निदान किया। इस दौरान एक वृद्धा ने मंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत करायी। मंत्री ने तत्काल उसकी समस्या का निदान करने की बात कही। उक्त वृद्ध महिला ने मंत्री को ढेरों आशीर्वाद दी। इस दौरान रामगढ़ चरमुहान के समीप स्थित मंदिर में मंत्री ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। ग्रामीणों की मांग पर मंत्री ने मंदिर में टाइल्स लगवाने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ जागो महतो, जिप अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, संजय दुबे, विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर, ममता देवी, करीब अंसारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, नंदू प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विहंगम योग संस्थान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न




गढ़वा (आजाद सिपाही)। रविवार को गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित टंडवा धर्मशाला में ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान का जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्थागत प्रदेश के अन्न मंत्री उपेंद्र नाथ मिश्रा ने अखंड दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सदगुरु देव के चित्र पर माल्यार्पण किया। मौके पर संस्थागत प्रदेश के स्वर्वेद मंत्री विवेक प्रसाद गुप्ता, जिले के परामर्शक सरयू प्रसाद अग्रवाल, परामर्शक अधिवक्ता ललीत पांडेय, प्रधान संयोजक प्रो बिरेंद्र पांडेय, संयोजक सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, सह संयोजक जवाहर दुबे, जिला महिला प्रभारी सरोज सिंह, परामर्शक अनिल साह, संस्थागत जिला के सभी अधिकारी, युवा शक्ति, मातृशक्ति, प्रखंड प्रभारी सहित सभी प्रकल्प के प्रभारी और गुरु भाई बहन उपस्थित थे।

## मझिआंव में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

मझिआंव (आजाद सिपाही)। मझिआंव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सौहार्दपूर्ण ढंग से दुर्गा पूजा त्योहार मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी शंभू राम ने किया। वहीं शंभू राम ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई का जीत है। वहीं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग स्थानों से आये हुए दुर्गा पूजा पंडालों के क्लाबों के अध्यक्षों और सदस्यों से वहां की समस्याओं से अवगत हुए।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली



मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छता हीं सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसमें ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ सभी कार्यालय कर्मी और महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए भाग लिया। बताते चलें की यह रैली नगर पंचायत मझिआंव के कार्यालय से बाजार होते हुए पुराने कार्यालय तक आयोजित किया गया।

## अपराधियों ने युवक पर हमला कर बाइक लूटी

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बरवाडीह-मेदिनीनगर मुख्य सड़क के बिजली सब स्टेशन के पास अज्ञात अपराधियों ने शनिवार रात्रि 10:00 बजे के करीब एक बाइक सवार पर चाकू से हमला कर बाइक जेएच 03 एएच 9059 की लूट को अंजाम दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार रंजीत कुमार सिंह पिता जयनाथ सिंह पावर हाउस के समीप पुल नदी के पास खड़ा था इसी बीच तीन से चार की संख्या में अज्ञात अपराधियों ने चाकू के नोक पर बाइक सवार से मारपीट कर उसे घायल कर अपाची मोटर साइकिल लेकर फरार हो गये। मार्ग से गुजर रहे व स्थानीय लोगों की मदद से घायल को रात्रि में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा घायल का प्राथमिक इलाज किया गया। घटना की सूचना पर बरवाडीह पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की आवश्यक जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि मोटर साइकिल लूट मामले में शामिल लोगो को जल्द ही लूट हुई बाइक के साथ गिरफ्तार किया जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के लक्ष्मी नगर कृषि फार्म के समीप एक युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है की युवक तीव्र गति से कुडू से लोहरदगा की ओर जा रहा था तभी सामने से आने वाले वाहन के चकमे से अनियांत्रिक होकर सड़क पर गिर गया। मोटरसाइकिल पर दो लोग सवार थे। चला रहे युवक चीरी निवासी विनीत उरांव पिता बालचंद्र उरांव को गंभीर रूप से चोट लगी एवं बाइक में पीछे बैठा लवागाई निवासी शिवलाल भगत के पुत्र प्रवीण उरांव को भी हल्की चोट आयी है। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए विनीत उरांव को रिम्स रेफर कर दिया गया।

## तालाब मे डूबने से नाबालिग की मौत

**बालूमाथ/ मुरपा (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मारंगलोइया पंचायत के हेबना गांव के मोहडरटोला निवासी निखिल गंझु पिता कैलाश गंझु (उम्र 10 वर्ष) का झरना तालाब मे पैर फिसल कर डुबने से मौत हो गयी। बताया जा रहा है की मृतक अपने घर निकलकर कुछ अपने दोस्तों के साथ तालाब के मेढ पर खेल रहा था। इसी बीच पैर फिसलने से निखिल लबालब पानी से भरे तालाब मे जा डुबा और उसकी मौत हो गयी। वही इस घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ सोमा उरांव एवं पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका देवी मौके पर पहुंच कर मृतक के परिवार को ढाढस बंधाया। वहीं बालूमाथ बीडीओ ने मृतक के परिवार को मृतक का अंतिम संस्कार के लिए दस हजार दी तथा सरकारी सहायता देने की बात कही।

## बारिश से गरीब युवती का घर ढहा



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में पिछले दिनों हुए लगातार बारिश गरीबों के आशियाने के लिए आफत बन गयी है। पिछले दिनों कई ग्रामीणों के घर गिर चुका है। रविवार की अहले सुबह प्रखंड के भीठा पंचायत के मकुंदा गांव की गरीब बेसहारा युवती रानी कुमारी पिता गंदु उरांव का कच्चा आशियाना उजड़ गया। साथ ही घर गृहस्थी का सामान बर्बाद हो गया। अब उनके सामने रहने और खाने का संकट खड़ा हो गया। बता दें कि प्रखंड में पिछले दिनों से ही लगातार बारिश हो रही थी जिससे गरीब युवती रानी कुमारी का कच्चा मिट्टी का घर की दिवार सीलन से कमजोर हो गया था। रविवार की सुबह रानी का मकान ढह गया। वहीं मिट्टी के घर गिरने से घर में रखें खाद्य सामग्री सहित हजारों रुपए का भारी नुकसान का क्षति पहुंचा है। घटना के बाद पीड़ित भुक्तभोगी ने प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है।

## चौकीदार नियुक्ति परीक्षा का परिणाम जारी

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार उपायुक्त लातेहार के आदेशानुसार चौकीदार नियुक्ति के लिए 19 सितंबर 2024 को आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम प्रकाशित कर दी गयी है। लिखित परिक्षा में चयनित अभ्यर्थियों का नियमावली के अनुसार 1:3 जिलावार मेधा सूची जारी किया गया है। परीक्षा का परिणाम अभ्यर्थी जिला के एनआइसी लिंक वेबसाइट में देख सकते है। वहीं लिखित परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता की परीक्षा दिनांक 05 अक्टूबर 2024 को प्रातः 7:00 बजे पुलिस लाइन लातेहार में आयोजित की गयी है।

# लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गये हैं सड़कों पर बने गढ्ढे

सत्यकाम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के अति व्यस्तम इलाके के मिशन चौक से महावीर चौक की सड़क जर्जर हो गयी है जिसके कारण इस सड़क पर चलना दुर्घटना होने की आशंका को जन्म देता है। ऐसी जर्जर हो चुकी सड़को पर वाहन चलाना भी मुश्किल हो जाती है। सड़क के बीचोबीच बने गड्ढों से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जो लोगो के लिए परेशानी का सबब बन गया है। सड़क की स्थिति इतनी बदतर हो गयी है कि मिशन चौक से महावीर चौक जाने वाली लगभग 300 मीटर की सड़क पर हर जगह गढ्ढे ही गढ्ढे है। एक स्थान पर गड्ढों से



अगर बच गए तो बाकी स्थानों पर बने गढ्ढो से कैसे बच पायेंगे। राणा चौक पर पीएनबी बैंक है और इस सड़क पर आवागमन ज्यादा होता है। लोकबाग दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से यहाँ आते हैं। फिलहाल सड़को पर बना गड्ढा लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। वही जब बारिश हो जाती है तो गड्ढों में जमा पानी के कारण चालकों को सड़क का अंदाजा नहीं लग पाता है। जो लोग इसके आदि हो चुके हैं वे तो किसी तरफ बचकर निकल जाते हैं लेकिन जो लोग इस सड़क के लिए नये होते हैं उन्हें गढ्ढो का अंदाजा नहीं हो पाता है और वे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

### निर्माण शर्तों का उल्लंघन सड़क उखड़ने का प्रमुख कारण

**उल्लेखनीय है कि, नगर परिषद प्रशासन द्वारा जल्दबाजी में शहर के पीसीसी सड़कों पर कालीकरण करने संबंधी निविदा निकली गयी थी। वर्षा ऋतु के दौरान संवेदक द्वारा कथित तौर पर निर्माण शर्तों के विरुद्ध कालीकरण किया गया। कालीकरण सड़क निर्माण के दौरान निर्माण शर्तों का घोर उल्लंघन किया गया। यह बड़ा कारण है कि, सड़क निर्माण के एक वर्ष के भीतर शहर की प्रयास सभी कालीकरण सड़क वर्षा ऋतु की पानी में बह गए। गंभीर पहलू यह है कि, निर्माण के दौरान ठेकेदार की कथित योजना की सरकारी राशि की लूट खसोट करने और निर्माण शर्तों के विरुद्ध कार्य होने की शिकायत नागरिकों द्वारा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से किया था। बावजूद, इस ओर अनदेखी कर पीसीसी सड़कों पर कालीकरण योजना जैसे तैसे पूरी कर दी गई। उपरोक्त, मामले की स्थल और संचिका जांच कर पुष्टि की जा सकती है।**

## भैसमुदो के ग्रामीणों ने पीएम मोदी के मन की बात सुनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** रविवार को भाजपा जिला प्रकोष्ठ के बालकृष्णा सिंह ने मन की बात विशुनपुर विधानसभा के भंडरा प्रखंड के भैसमुदो गांव में बूथ संख्या 82 में भाजपा कार्यकताओं के साथ बैठकर सुनी। उन्होंने कहा की पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि श्रोता ही इसके असली सूत्रधार हैं बालकृष्णा सिंह ने कहा की पीएम मोदी ने जनता को ईश्वर का रूप दिया है। यह मन की बात हिंदी के अलावा 12




विदेशी भाषाओं में भी सुनी जाती है। पीएम मोदी ने जल संरक्षण और स्वच्छता अभियान पर विशेष बल दिया और कई उदाहरण रखें कि किस प्रकार से झांसी में एक नदी को कई महिलाओं ने जल सहेली बनकर बचाया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ने जल शक्ति उत्पन्न की और देश के अन्य हिस्सों में भी महिलाएं जल संरक्षण पर काम कर रही हैं। पीएम मोदी ने अपनी अमेरिका यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि हजारों वर्ष पुरानी धरोहरों को वापस लाया गया लगभग 300 कलाकृतियां अमेरिका ने उन्हें सौंपी। उन्होंने कहा की पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवाओं को नई ऊर्जा देता है। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से बुथ अध्यक्ष सूरज यादव, रामप्रसाद महतो, जिला उपाध्यक्ष भाजपा बाल कृष्णा सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, आनंद सिंह सहित बुथ कमेटी के सदस्य एवं ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## समाज के असली मार्गदर्शक शिक्षक हैं : अरविंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र नगजुआ गराडीह में शाइन पब्लिक स्कूल में बड़े ही धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। सबसे पहले बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत बुके दे कर और माला पहना कर किया। उसके बाद मुख्य अतिथि झारखंड प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, महासचिव मोजाहिदुल इस्लाम, कोषाध्यक्ष आलोक बिपीन टोप्पो सचिव कैलाश कुमार, अमीन अंसारी, सुबोजित अधिकारी, उपाध्यक्ष सच्चिदानंद कुमार, सुभाष कुमार, प्रीम रोज पब्लिक स्कूल बड़ागाई रांची की प्रधानाध्यापिका इस्मत इस्लाम, डिवाइन पब्लिक स्कूल के निदेशक ज्ञान गंगा सिंह, अमन दीप सिंह, ताइक्वांडो के प्रशिक्षक



अरविंद कुमार और स्कूल प्रधानाध्यापक सैलजैन सारस निदेशक माजिद आलम के द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके और दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया। इस बीच मुख्य अतिथि अरविंद कुमार ने कहा की समाज में शिक्षक के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया एवं बताया कि वर्तमान समाज में शिक्षा और शिक्षक ही हैं समाज के विकास के मार्गदर्शक। उन्होंने आदर्श समाज की स्थापना के लिए शिक्षकों के योगदान की सराहना की। वही विशिष्ट अतिथि श्री मोजाहिदुल इस्लाम ने कहा की आज के बच्चे कल के भविष्य हैं और इस लिए सभी बच्चों को शिक्षा का महत्व को समझना चाहिए और खूब मन लगा कर पढ़ना चाहिए ताकि अपने और अपने परिवार के साथ देश का भी नाम रोशन कर सके। इस बीच बच्चों द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## चौकीदारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थगित

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त की अध्यक्षता में आहूत जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार लोहरदगा जिला अंतर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0 1/2024 में योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा का आयोजन 30 सितंबर 2024 को निर्धारित की गयी थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है। निर्देशानुसार परीक्षा की अगले तिथि की सूचना शीघ्र ही जिला के अधिकृत वेबसाइट पर जारी की जायेगी। उक्त जानकारी प्रभारी पदाधिकारी, सामान्य शाखा, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

## जिंगी में गांधी जयंती पर लगेगा मेला



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत के पैतृक गांव जिंगी में दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी लालू टाना भगत की प्रतिमा में फूल माला अर्पण के साथ शुरूआत की जायेगी। प्रतिमा की स्थापना लोहरदगा के पूर्व विधायक एवं झारखंड आंदोलनकारी स्व. कमल किशोर भगत के द्वारा स्थापित किया गया था। तब से दो अक्टूबर के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता आ रहा है। मेले को सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए आयोजन कमेटी का गठन किया गया। मेले के लिए संयोजक कमिटी बनाया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक जिंगी पंचायत के मुखिया दिलिप उरांव को बनाया गया। अध्यक्ष लालदेव ताना भगत, सचिव चंद्रेश भगत को बनाया गया। इस मौके पर आजसू केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव जिला, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, उपाध्यक्ष कंचन राम, आदिवासी मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय उरांव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, रेश्मा तोप्पो, राजेंद्र प्रसाद साहू, बंधू भगत, पीताम्बर साहू, मुमताज असारी, रामा भगत, उज्जवल शहदेव, सरफराज अंसारी समेत अन्य मौजूद थे।

## बक्शीडीपा के पीछे मैदान में लगेगा दशहरा मेला



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विजयादशमी के अवसर पर लोहरदगा में लगने वाले मेला सह रावण दहन कार्यक्रम पिछले वर्ष की तरह (बक्शीडीपा के पीछे) उसी मैदान पर इस वर्ष भी संपन्न होगी। जिसे लेकर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं ने जमीन का सीमांकन कराया। ग्रामीणों के बीच अंचल अधिकारी सेन्हा राकेश कुमार अंचल अमीन कुदरत अंसारी, अजमुद्दीन अंसारी एवं नगर परिषद के अमीन धर्मेंद्र भगत की उपस्थिति में उदासीन मठ का जमीन का नापी कर सीमांकन किया गया। जिसकी नापी के पश्चात जमीन मालिकों एवं ग्रामीणों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच नापी संपन्न हुई। इस वर्ष भी रावण दहन का कार्यक्रम इसी स्थल पर धूमधाम से मनायी जायेगी। साथ ही एकादशी के दिन बदला गांव में लगने वाला मेला भी इसी स्थल पर लगेगी। मौके पर अध्यक्ष संतोष लकड़ा, महासचिव मिथुन तमेंडा, संरक्षक डा. अजय शाहदेव, प्रवीण सिंह, मोहन दुबे, राजकिशोर महतो, सूरज अग्रवाल, प्रेम किशोर प्रजापति, विनोद सिंह, मनोज गुप्ता उर्फ मनना सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## दफादार चौकीदार पंचायत ने मांगों को लेकर मंत्री और सांसद को लिखा पत्र



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड सरकार व लोहरदगा सांसद को पत्र लिखकर न्याय की मांग की है। पत्र में चौकीदारों ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर राजभवन रांची के सामने अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर पिछले छह दिनो से बैठे हैं। हमारे राज्याध्यक्ष कृष्णदयाल सिंह व पांच साथी अनशन पर है। इन सभी का हालत खराब हो गया है। कोई ट्रीटमेंट नहीं मिल रहा है। सरकार के तरफ से कोई व्यवस्था नहीं मिल रहा है। अगर इन्हें जांच इलाज नहीं किया गया तो कुछ भी हो सकता है। आप जनप्रतिनिधि है, अपने स्तर से सरकार से पहल करते हुए आमरण अनशन तुड़वाने का कष्ट करें और हम लोगों को न्याय दिलाने का काम करें। उक्त जानकारी लोहरदगा जिलाध्यक्ष समशुल अंसारी ने दी।

**कोल्हान की खबरें**

## गोविंदपुर से खासमहाल तक की सड़क का निर्माण दो दिनों में होगा शुरू : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने जमशेदपुर प्रखंड के एजी एल स्टेडियम सामुदायिक भवन में आदिवासी समाज के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक की। रविवार को बैठक के दौरान आदिवासी समाज के अगुवा माझी बाबा,हातु मुंडा व समाज के बुद्धिजीवी वर्ग के साथ जमशेदपुर प्रखंड के जसकंडीह ग्राम के हो समाज, मुंडा समाज के पदाधिकारी शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने सभी बुद्धिजीवियों का हाल-चाल जानने



के बाद उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर विधायक श्री कालिंदी ने हेमंत सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से उन्हें अवगत कराया। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कुशल नेतृत्व व स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी के विकास कार्यशेली से प्रभावित होकर सुंदरनगर भाजपा के पूर्व महामंत्री सुशील सिंह ने झामुमो का दामन थामा। विधायक ने माला पहना कर उन्हें पार्टी में शामिल कराते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी। वहीं दूसरी ओर जुगसलाई विधानसभा के जमशेदपुर प्रखंड का सबसे बाड़ी समस्या गोविंदपुर रेलवे फाटक से गदरा, रहरगोडा, बारीगोड़ा, सारजमदा, शंकरपुर होते हुए परसूडीह मकदमपुर खासमहल तक की लगभग 8 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का विधायक मंगल कालिंदी ने सर्वे किया। विधायक ने कहा उक्त सड़क निर्माण कार्य दो दिनों में प्रारंभ किया जाएगा। विधायक ने कहा गुणवत्ता के साथ सड़क का निर्माण होगा। मौके पर मिथुन चक्रवर्ती,मुखिया संघ के अध्यक्ष पल्टन मुर्मु, जितेंद्र सिंह,संजय दास, शिबू ओझा, नितिन हंसदा, मंगल बेसरा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आदित्यपुर नगर अध्यक्ष के चयन को लेकर झामुमो नेताओं ने की रायशुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला में झामुमो की सभी कमेटियों को भंग कर पुनर्गठन की प्रक्रिया जारी है। रविवार को आदित्यपुर नगर कमेटी गठन के लिए पार्टी के दिग्गज नेताओं ने रायशुमारी की। बैठक में कई नेताओं के नाम सामने आए लेकिन किसी नेता के नाम पर सहमति नहीं बनी। गेंद अब केंद्रीय नेतृत्व के पाले में डाल दिया गया। बताया जारहा है झामुमो के लिए आदित्यपुर नगर कमेटी को साधना बड़ी चुनौती होगी। यही वजह है



रायशुमारी में कोई निष्कर्ष सामने नहीं आया। मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मोहन कर्मकार ने बताया पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के जाने से पार्टी के सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता पैदा करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा सरायकेला विधानसभा की जनता झामुमो के साथ है। कौन कहां गया है उससे कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा राज्य के मुख्यमंत्री झारखंड की जनता के विकास के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकास कार्य देख विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा झारखंड की महिलाओं व बेटियों को मईया सम्मान योजना से लाभ मिल रही है। यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कार्यशाली को दशार्ता है।आगामी चुनाव में जनता जवाब देगी।इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता व पार्टी के वरिष्ट नेता मोहन कर्मकार, राजू गीरी, गणेश चौधरी,जिला अध्यक्ष डॉक्टर शुभेंदु महतो, कृष्णा बास्के, भुगलू उर्फ डब्बा सोरेन, गुरुचरण मुखी, गोपाल महतो, अमृत महतो सहित कई बड़े नेता मौजूद रहे।

## पीएम नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' ने देश के कोने-कोने में विकास की नयी धारा प्रवाहित की : अर्जुन मुंडा

**'मन की बात' का 114वें संस्करण में भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजनो में दिखा उत्साह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 114वें संस्करण महानगर के विभिन्न बूथों पर लाइव प्रसारण किया गया। रविवार को चारों विधानसभा क्षेत्रों के 28 मंडलों के विभिन्न बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगो ने हिस्सा लिया। घोड़ाबंधा मंडल के बूथ संख्या 329 पर पूर्व केंद्रीय मंत्री



अर्जुन मुंडा, मीरा मुंडा, जिला मंत्री जितेंद्र राय, जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा काली, मंडल अध्यक्ष दीपक पॉल, गणेश सोलंकी, बूथ अध्यक्ष पूजा गोराई समेत बूथों के सदस्य, पन्ना प्रमुख एवं स्थानीय निवासी मौजूद रहे। वही कदमा मंडल के बूथ संख्या 115 पर भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बूथ अध्यक्ष रमेश कुमार व बूथ कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगो के साथ 'मन की बात' सुनी। वहीं महानगर के विभिन्न बूथों पर प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्षगण, जिला पदाधिकारी व विभिन्न मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी व मोर्चा अध्यक्ष शामिल हुए। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना और इसकी सराहना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' ने देश के कोने-कोने में विकास की नई धारा प्रवाहित की है। यह सिर्फ संवाद नहीं, बल्कि देश की जनता की आकांक्षाओं और चुनौतियों को समझने और उन्हें दूर करने का माध्यम है। उन्होंने कार्यकताओं को पीएम नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। श्री मुंडा ने कहा बीते एक दशक में इस कार्यक्रम ने देश के हर कोने में छिपी प्रतिभाओं को मंच दिया। सामाजिक मुद्दों को उजागर किया और देश की एकता को मजबूती प्रदान किया है।

## टेल्को में स्कॉय प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टेल्को के समीक्षा फिटनेस अकैडमी में स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड व पूर्वी सिंहभूम स्कॉय मार्शल आर्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय स्कॉय प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ किया गया। रविवार को शिविर में आये बिहार के अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी विशाल सिंह, रिशु राज, रोहित कुमार व अंकुश सिंह ने खिलाड़ियों को स्कॉय के तकनीकी



और व्यावहारिक पक्षों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में भाजपा नेता समरेश सिंह, समाजसेवी सौरभ विष्णु, अभिषेक सिंह और अभिजीत सिंह ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दी। भाजपा नेता समरेश सिंह ने कहा स्कॉय का प्रशिक्षण कैम्प आत्मरक्षा और अनुशासन सिखायेगा। स्कॉय खेल आत्मरक्षा और अनुशासन का बेहतरीन संगम है। आज के समय में युवा न केवल खेल में करियर बना रहे हैं, बल्कि विशेष रूप से युवतियां आत्मरक्षा के लिए स्कॉय को अपना रही हैं। यह कश्मीर का ट्रेडिशनल खेल अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। इस अवसर पर सौरभ विष्णु, राजेश कुमार, अभिषेक सिंह, अभिजीत सिंह, सुनील प्रसाद, श्रीकांत कुमार, मुन्ना टुड्डू, शिल्पा दास, आदर कुमार, निरंजन सिंह, निकिता राय, मैडी हेंब्रम, अभिषेक राय उपस्थित रहे।

# गुमला जिले की सीटों को लेकर कांग्रेस -झामुमो आमने सामने

## गठबंधन के आला अधिकारियों की सूझबूझ से ही पट सकेगी यह खाई

आफताब अंजुम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला में कांग्रेस और झामुमो गठबंधन पशोपेश की स्थिति में है। जहां एक ओर यह तय हो चुका है कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव कांग्रेस, झामुमो, राजद तथा उसके सहयोगी दल मिलकर लड़ेंगे, वही गुमला जिले में सीटों के बंटवारे को लेकर मारामारी मची हुई है। वर्तमान में गुमला जिले की तीनों सीट बिशुनपुर गुमला और सिसई विधानसभा क्षेत्र झामुम के कब्जे में है। वही गठबंधन का दूसरा बड़ा दल कांग्रेस इन तीनों में से एक या दो सीट कांग्रेस के प्रत्याशी के लिए लेने पर अड़ा हुआ है। हालांकि अभी तक राज्य स्तर पर गठबंधन






के दलों के सीट शेयरिंग को लेकर कोई आधिकारिक बैठक नहीं हुई है लेकिन जहां एक और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिटिंग विधायक सिटिंग विधायक होने के कारण मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। वहीं पर कांग्रेसी भी ताल ठोक कर इस जिले में एक या दो सीट ले लेने की बातें कह रहे हैं। कांग्रेस की ओर से लगातार चल रही उच्च स्तरीय बैठकों में कांग्रेसियों का एग्रेसिव मूड देखकर यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि इस बार कांग्रेसी कुछ अलग ही तेवर में हैं। कांग्रेसियों का कहना है कि गठबंधन को अगर तीनों सीट इस जिले की कम से कम एक सीट तो कांग्रेस को देनी होगी। अब देखने वाली बात यह है कि कांग्रेस को अगर गुमला बिशुनपुर या सिसई तीनों में से किसी एक सीट मिलती है तो इस सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता गठबंधन के उस प्रत्याशी को कितना सपोर्ट करेंगे यह कहना मुश्किल है। वहीं अगर कांग्रेसियों को इस जिले में से कोई भी सीट नहीं दी जाती तो अंदर खाने से छन कर आने वाली खबर यह कहती है कि कांग्रेसी झामुमो के प्रत्याशियों के खिलाफ इस चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। अब गेंद सीधे गठबंधन के आला अधिकारियों के पाले में है कि इस क्षेत्र में वह क्या निर्णय लें जिससे कांग्रेस और झामुमो दोनों के कार्यकर्ताओं में आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए चुनावी रणक्षेत्र में अपना विजय पताका लहरा सकें।

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के देवरा गाणी निवासी आर्म्स एक्ट के फरार अभियुक्त पंकज उरांव उर्फ पंकज धनवार पिता विक्रम उरांव के घर पहुंच कर बिशुनपुर पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार अभियुक्त के घर में चिपकाते हुए परिजनों से न्यायालय द्वारा निर्धारित समय पर न्यायालय में उपस्थित कराने की बात कही। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पंकज उरांव उर्फ पंकज धनवार बिशनपुर थाना कांड संख्या 09/20 21 का अभियुक्त है। पुलिस लगातार उसे पकड़ने की कोशिश कर रही है, परंतु वह पकड़ में नहीं आ रहा है। जिस कारण रविवार को उसके घर में इश्तिहार चिपका कर न्यायालय में उपस्थित होने की अपील की गयी है। अभियुक्त के द्वारा ऐसा नहीं करने पर न्यायालय के निर्देश उपरांत पुलिस के द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। इस मौके एसआइ कामू पासवान एवं अन्य पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## खेल प्रतियोगिता में एकलव्य मॉडल विद्यालय के छात्रों ने 29 पदक जीते




**बसिया (आजाद सिपाही)।** विद्या भारती झारखंड द्वारा आयोजित 35 वां प्रांतीय खेलकूद समारोह 2024 जो 26 सितंबर से 29 सितंबर तक चाइबासा में आयोजित था, में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया को 9 स्वर्ण 11 रजत तथा 9 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। 17 खिलाड़ी छात्रों को लेकर विद्यालय के खेल शिक्षक चाइबासा गये थे। जहां अंडर 14, अंडर 17, तथा अंडर-19 की तीन श्रेणियों में बंटकर खिलाड़ी छात्रों ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और कुल 29 पदक प्राप्त किया। इन 29 पदकों के अतिरिक्त ओवरऑल चैंपियनशिप में अंडर 14 को बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं ओवरऑल चैंपियनशिप में अंडर 17 तथा अंडर 19 को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इन 17 खिलाड़ी छात्रों ने 15 प्रकार के एथलेटिक्स खेलों में भाग लिया। राज्य स्तर की इस खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ी अक्टूबर में भागलपुर, बिहार में आयोजित विद्या भारती की क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। 17 छात्रों द्वारा 29 पदक तथा तीन ओवर ऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी प्राप्त होने पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार तथा विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने खिलाड़ी छात्रों को बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## खड़िया महाडोकलो गुमला इकाई की बैठक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय खडिया महाडोकलो गुमला इकाई की एक आवश्यक बैठक राम टेटे की अध्यक्षता में बसिया प्रखंड अंतर्गत नारेकेला स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित की गयी। इस बैठक में मुख्यत समाज मजबूती, भाषा, बंदई पूजा, तेलंगा समिति के संबंध में आवश्यक चर्चा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से रितुआ कुल्लू, पुष्पा बा, बिरसा कुल्लू, राजेश इंदवार, सुनील कुल्लू, थॉमस इंदवार जयप्रकाश कुल्लू, सीशिलिया टेटे, नीलम डूंगडुंग, संगीता इंदवार, अलकसीयूस बा समेत कुम्हारी, बोंडेकेरा, गंगड़ा, टांगरजरिया, ढावटाटोली समेत प्रखंड क्षेत्र से खडिया समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## जनजातीय जन संवाद का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में जनजातीय जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में एसटी एससी आयोग के राष्ट्रीय सदस्य आशा लकड़ा मुख्य रूप से शामिल हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आशा लकड़ा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किसकु, प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष कुमार मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पानी, बिजली, राशन, आवास से संबंधित कई मामले को लेकर लिखित आवेदन दिया। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने लिखित आवेदन देते हुए टाना भगत डिग्री कॉलेज के बने नए छात्रावास की मरम्मत कराने और रन्हे स्टेडियम का सुंदरीकरण कराने की मांग की। वही रुकी से तेंदार विमरला तक सड़क, इटकीरी से भैंस बथान तक सड़क बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया। जिस पर आशा लकड़ा ने कहा कि इटकीरी से भैंस बथान तक का आयोग के राज्य स्तरीय बैठक में उक्त सड़क की बात रखी गयी है और उसका प्राक्कलन जल्द बनाकर सड़क का निर्माण होगा। वही रुकी से विमरला तक के लिए स्टेट को आवेदन आयोग की तरफ से दी जाएगी ताकि जल्द सड़क का निर्माण कराया जा सके। इसके साथ ही निधिया टोली के ग्रामीणों ने डीलर विष्णु उरांव से राशन नही दिए जाने की शिकायत भी किया। जिस पर आशा लकड़ा ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से उक्त राशन डीलर पर जांच कर कार्रवाई की बात कही। विमरला पंचायत के साथ गांव में अब तक बिजली नहीं पहुंचने की बात ग्रामीणों द्वारा कही गयी। जिस पर बीडीओ को 7 दिनों के अंदर बिजली से संबंधित कार्य कराने को लेकर निर्देश दिया। ग्रामीण बाल विकास विभाग द्वारा दो दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण किया गया। मौके पर उप प्रमुख शिव देवी, सीमा देवी, कृष्णा कुमार लोहरा, गोपाल गोप, सुरुजमुनि देवी, अशोक कुमार, सहित कई लोग मौजूद थे।

## कैथोलिक चर्च में मनाया गया करमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** संत अन्ना कैथोलिक चर्च कोनबीर नवाटोली परिसर में काथलिक सभा महिला संघ एवम युवा संघ के तत्वावधान में करमा पर्व रविवार को मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो उपस्थित थे। कार्यक्रम में आये खोड़हा दल के सदस्यो द्वारा मांदर नगाड़ा ढोल ओर घंट के साथ उपस्थित होकर नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने भी खोड़हा दल के सदस्यों के साथ करमा गीत प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। साथ ही खोड़हा दल के सदस्यों के साथ नृत्य किया। मौके पर उन्होंने कहा कि करमा पर्व भाई-बहन का पर्व है जिसे हम सबको मिल जुलकर खुशी मनाना है। यह पर्व प्रकृति से जुड़ा पर्व है जो हम सबको एकता और प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व पूर्वजो का देन है जिसे हम सब को बचाये रखने है। आज आदिवासी समाज का धर्म सांस्कृतिक एवं परंपरा बिलुप्त होती जा रही है। जो आदिवासी समाज के लिए घातक है। आज हम सब को अपने धर्म संस्कृति परंपरा को बचाने की आवश्यकता है। करमा पर्व आदिवासी एकता को दशार्ता है। उन्होंने युवा वर्ग से अपील की पढ़ाई पर ध्यान दे एवं देश और समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि खोड़हा दल के सदस्यों ने एकजुट होकर नृत्य प्रस्तुत किया जो आदिवासी एकता को दशार्ता है। ऐसा ही एकता से हम समाज को बचा सकते है उन्होंने कहा कि हम हर दुख सुख में आपके साथ है। मंच संचालन सुभाष एक्का ने किया। मौके पर फा. अगस्तुस कुजूर, फादर सिप्रियन कुल्लू, अभिषेक लकड़ा अमित तिवारी, जसिंता बारला अलीम खान, फा. निकोलस सोरेंग फा. जोन अल्बर्ट, फा. डेबिड, फा. अमृत, सि. बिमल, सि. पुष्पा याकूब बाड़ा, रश्मि तिर्की अवतार मिंज सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## हस्तशिल्प कला प्रशिक्षण और प्रतियोगिता संपन्न



रायडीह (आजाद सिपाही)। रविवार को सिनी संस्था के तत्वाधान में रायडीह प्रखंड के अरंडा, टुडूरमा, कांसीर और जरजट्टा राजस्व ग्राम के जोखिम परिस्थिति वाले लगभग 300 बच्चों के बीच पंचायत स्तरीय कला एवं हस्तशिल्प कला प्रशिक्षण व प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस दौरान चार राजस्व ग्राम के बच्चों को हस्तशिल्प कला का व कबाड़ से जुगाड़ बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बच्चों के बीच आर्ट एवं क्राफ्ट की प्रतियोगिता कराई गई जिसमें अरंडा राजस्व ग्राम में प्रथम स्थान खुशी प्रविन, द्वितीय स्थान खुशबू कुमारी, तृतीय स्थान सुनैना खातुन ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में अरंडा राजस्व ग्राम में उप मुखिया प्रतिमा टोप्पो थी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ साथ इस तरह का ज्ञान देना व प्रतियोगिता कराना बहुत जरुरी है और हमारे क्षेत्र में इस तरह का पहल पहली बार हुआ है। वहीं सिनी के बप्पा मंडल ने बताया की रायडीह के पांच पंचायत कुडोछतरपुर, कांसीर, उपरखटंगा, जरजट्टा व सुरसांग में सिनी संस्था द्वारा एक परियोजना चलाया जा रहा है जिसका नाम है शिक्षा से ही सुरक्षा। वहीं कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को मेमोंटो व प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया गया। मौके पर किशोर साहा, खुर्शीद आलम, संतोषी तिर्की, बैजंती देवी, सत्यभामा दास, अंकिता मिंज, शोभा कुमारी, देवंती देवी, सगीरा खातुन, शबनम प्रविण तजबुन बीबी सहित कई लोग मौजूद थे।

## 15 महिलाओं के बीच मुर्गी के चूजों का वितरण



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को प्रखंड स्थित आइएसडीजी कार्यालय के समीप ऑयल एंड नेचुरल गैस कारपोरेशन (ओएनजीसी) लिमिटेड की सीएसआर पहल के अंतर्गत आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन, रांची के तत्वाधान में संकुल आधारित ग्राम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बिशुनपुर प्रखंड के जनजातीय समुदाय की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 15 जनजातीय महिलाओं को प्रशिक्षण के बाद मुर्गी (कुक्कुट) पालन के लिये देशी मुर्गी के चूजों का वितरण किया गया। प्रत्येक चिंहित लाभार्थी को मुर्गी पालन की 1 ईकाइ (20 चुजे, चारा, ड्रिंकर एवं फीडर) उपलब्ध कराया गया। आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त मुर्गी पालन के प्रशिक्षण एवं इकाई प्राप्त कर महिलाएं आजीविका संवर्धन को लेकर उत्साहित दिखे। वितरण कार्यक्रम के आयोजन में बिशुनपुर पंचायत के मुखिया रामप्रसाद बडाईक, आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के समन्वयक अजीत उरांव एवं प्रतिनिधि सहदेव साहू तथा नीरज गोप उपस्थित थे।

## राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए व्यवस्था बदलनी होगी : विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




गुमला। संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, झारखंड नवनिर्माण दल, ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच व महिला मंडल सहयोग संचालन समिति के संयुक्त तत्वाधान में झारखंड बचाओ अभियान के तहत जिला मुख्यालय गुमला के पुराना बस डिपू मैदान से झारखंड बचाओ रैली निकाल कर थाना रोड, मेन रोड, जयपुर रोड होते हुए गुमला कचहरी मैदान में आकर विशाल जन पंचायत पार्टी नेता प्रकाश उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जुलूस में शामिल हजारों लोग सिर्फ सत्ता नहीं व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई तेज करो, झारखंड बचाने की लड़ाई तेज करो, सहारा इंडिया, एपीलाईन, साईं प्रकाश, पल्स, वेलफेयर, बेसिल, इत्यादि दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में मेहनत के लोगों के जमा पैसे की शुद् सहित जल्द भुगतान करो जैसे जोशपूर्ण नारे लगा रहे थे। इस मौके पर संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि झारखंड को भ्रष्टाचार व शोषण मुक्त करने के लिए सिर्फ सत्ता नहीं व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई की तैयारी करनी होगी इसके लिए जरूरी है संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी जैसी क्रांतिकारी पार्टी के प्रत्याशी को जीताकर विधानसभा भेजने की तैयारी के लिए आम जनता को कमर कस लेना होगा ताकि उठाई जा रही समस्याओं का समाधान विधानसभा में मजबूत आवाज बुलंद कर किया जा सके। श्री सिंह ने 6 अक्टूबर 2024 को रांची में आयोजित महापंचायत में गुमला जिला के हर पंचायत से प्रतिनिधि चयन कर जाने की तैयारी की अपील की। वहीं महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा कि महिलाओं पर हो रही अत्याचार रोकने, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफ करने, पलायन व मानव तस्करी पर रोक लगाने, डायन बिसाही जैसी हिंसा पर रोक लगाने जैसी सवाल हल नहीं हुई तो सड़क पर उतरकर महिलाएं आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। कार्यक्रम में प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, शिवप्रसाद साहू, मनी उरांव, केश्वर सिंह, चंद्रमणि मिश्रा, राजू दुबे के अलावे हजारों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे ।

## दो बाइक की टक्कर में चार लोग घायल

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेतरहाट रोड जलका मोड में दो बाइक की सीधी भिड़ंत में चार लोग घायल हो गये। सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया गया। इसके बाद दो घायलों सेरेंग दाग घाघरा निवासी 16 वर्षीय रितेश उरांव और अरंगी जाम टोली निवासी 50 वर्षीय भरत उरांव को सदर अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। दोनों के सिर चेहरा व पैर में गंभीर चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक रितेश कोंडरा गांव अपने दोस्त के घर गया था जहां उसने शराब का सेवन कर लिया और वापस अपने घर लौट रहा था। जबकि भारत उरांव अपने दो छोटे-छोटे बच्चों को लेकर घाघरा गया था। वापसी के क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार से सीधी भिड़ंत हो गई। इसके बाद गंभीर रूप से दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल लाया गया। घटना में दोनों बच्चों को कम चोट लगी जिनका घाघरा में इलाज चल रहा है।

## वार्षिक आम सभा का आयोजन




**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा उद्यम उत्थान समिति कामडारा का वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया सभी की शुरूवात दीप जला कर किया। इस कार्यक्रम में समिति के द्वारा वर्ष के व्यापार में व हुए मुनाफे पर चर्चा की गयी। साथ ही महिला किसान को जो अपनी लगन मेहनत से व्यापार में मुनाफा किया उसे मेमेंटो देकर प्रोग्रेसिप किसान के रूप में विंदेश्वरी देवी उषा तोपनो सरस्वती देवी को सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष जीवंती तोपनो ने बताया कि हमारे प्रखंड के पंचायतों में वनोउपज लाह, चिरौंजी व इमली पर काम कर रही है। उद्यम उत्थान समिति को उद्योगोंनी संस्था सहयोग कर रही है। इस समिति में पांच सौ महिलाएं जुड़ी हुई है। उद्यम उत्थान समिति का निर्णय है कि प्रति माह सोलह लाख की व्यापार करेगी जिसमे सभी सदस्यों के मेहनत और लगन से किया जायेगा। साथ ही नया बोर्ड मेंबर बनाया गया। जिसमे जीवंती तोपनो अध्यक्ष, सलानी तोपनो, बबीता देवी कोषाध्यक्ष तथा सदस्य में इमलिया हेरेंज, अनीता सुरीन, क्रिस्टीन खेस मनीषा कुडू है। कामडारा प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनीता तोपनो, मुखिया प्रेमचंद मुंडा, सुरेंद्र तिर्की, लभली देवी, उद्यम उत्थान समिति के नारायण साहू एवं उद्योगिनी टीम मौजूद रहे।

## नवरात्रि से पूर्व रक्तदान शिविर का आयोजन




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** श्री दुर्गा पूजा समिति चांदनी चौक घाघरा के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र प्रारंभ से पूर्व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन थाना प्रभारी तरुण कुमार व समिति के अध्यक्ष अमित कुमार नाग ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। युवा, बुजुर्ग व महिलाओं ने रक्तदान किया। थानेदार ने कहा समिति के द्वारा जनकल्याण के लिए यह बेहतर प्रयास है माता की आराधना प्रारंभ से पूर्व रक्तदान कर लोगों को नई जीवन देने का जो प्रयास समिति के द्वारा किया जा रहा है यह काफी सराहनीय है। समिति के अध्यक्ष अमित कुमार नाग ने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन कर ब्लड बैंक को ब्लड दिया गया है। उन्होंने युवाओं से आग्रह करते हुए कहा है कि जब भी मौका मिले रक्तदान अवश्य करें ताकि अस्पताल में जरूरतमंद को ब्लड दिया जा सके रक्तदान महादान है। यहां बता दें कि समिति के द्वारा समय-समय पर जनकल्याण कार्य के लिए कई कार्य किए जाते है। समाचार लिखे जाने तक लगभग 40 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया था। इस मौके पर मुख्य रूप से थानेदार तरुण कुमार, अध्यक्ष अमित कुमार नाग, मुरली मनोहर सिंह, संजय सिन्हा, अरुण पांडे, सदैव प्रताप जायसवाल, नीरज जायसवाल, विजय साहू, अंशु कुमारी, नीमा देवी, नीलम जायसवाल, शोभा देवी, सीता झा सहित कई लोगों ने रक्तदान किया।

## नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला और ब्रह्माकुमारी मेडिकल विंग एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय सेवा केंद्र संचालिका बीके शांति के निर्देशन में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्ति पूर्व जिला प्रधान संत्र न्यायाधिष ओम प्रकाश पांडेजी, तथा माउंट आबू से मेडिकल विंग के नेशनल कोऑर्डिनेटर में डॉ बनारसी लाल शाह एवं उड़ीसा के नवरंगपुर से नमिता बहन स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम सिन्हा, डॉ. कृष्ण कुमार, पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, डॉ. हेमंत कुमार, बीके ममता ,मंजु, कंचन, शुशीला, प्रिति, अमृता, बीके अमित, मंगल, सुधीर, शिव, गुलाब, संजय और सैकड़ो की संख्या में भाई-बहनों की उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम वर्ष भर चलेगा और गुमला के विभिन्न गांव के साथ जिला लोहरदगा, लातेहार, डाल्टनगंज, सिमडेगा, खुंटी, छत्तीसगढ़ के तपकरा आदि स्थानों से होते हुए अभियान गुजरेगी। स्थानीय संस्थान की संचालिका ब्रह्माकुमारी शांति दीदी ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान गांव गांव जाकर लोगों को जागरूक करेगा। जिसमें नशा से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराया जायेगा और इसकी छोड़ने की विधि भी बतायी जायेगी, जिससे कि लोग आसानी से नशा कर छोड़े और अपना जीवन श्रेष्ठ बनाएं और भारत को नशा मुक्त करें। ब्रह्मा कुमारीज मुख्यालय माउंट आबू से आए डॉ. बनारसी लाल भाई सचिव एवं राष्ट्रीय संयोजक मेडिकल विंग ने नशा मुक्त भारत अभियान के लक्ष्य एवं उद्देश्यों से सबको परिचित कराया एवं नशा मुक्ति हेतु प्रतिज्ञा करायी। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ रहे नशापान और उससे होने वाले नुकसान से बचने के लिए इस अभियान को सुचारू रूप से चलाने एवं सभी लोगों को सहभागी बनने हेतु प्रेरित किया। सुरेश प्रसाद ने कहा ब्रह्माकुमारी संस्थान लोगों को श्रेष्ठ जीवन जीने के बारे में मार्गदर्शन कर रही है। नशा के प्रति जागरूक कर व्यसन मुक्ति जीवन जीने हेतु प्रेरित कर रही है।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा पर्व पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु गुमला जिला के रायडीह प्रखंड अंतर्गत सुरसांग थाना के सभागार में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई।बैठक में उहोंने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक पर डीजे साउंड नहीं बजाना है। पूजा समितियों को अपना भोलेनटियर पहचान पत्र के साथ रखना है। शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वाट्सएप्प पर कोई आपत्तिजनक, धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाला या शांति भंग से सबंधित मेसेज कदापि अग्रसारित ना करें। अन्यथा उन पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## वार्ड पार्षदों ने पीएम आवास की लंबित किस्त के भुगतान की मांग की

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत नगर पंचायत हुसैनाबाद के लाभुकों के लिए आवंटित वित्तीय वर्ष 2016-17 से लेकर 2019-20 तक की किश्तों का भुगतान अब तक लंबित है, जिससे लाभार्थियों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस योजना के तहत लाभुकों को सरकारी सहायता से आवास निर्माण के लिए किश्तवार राशि दी जाती है, लेकिन नगर पंचायत हुसैनाबाद में कई लाभार्थियों का तीसरा और चौथा किश्त अभी तक बकाया है। हुसैनाबाद नगर पंचायत की निवर्तमान पार्षदों ने कई बार नगर विकास एवं आवास विभाग और संबंधित अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से आग्रह किया है। वर्ष 2022 से लगातार पत्राचार के बावजूद अभी तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गयी है। पार्षदों का कहना है कि गरीब लाभुकों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उन्हें उधार लेकर अपने आवास का निर्माण पूरा करना पड़ा है, लेकिन बकाया राशि न मिलने से वे दुकानदारों और अन्य बकायादारों से प्रताड़ित हो रहे हैं। पार्षदों के अनुसार, कई लाभुकों ने नगर पंचायत की अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं, लेकिन उन्हें आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। निवर्तमान पार्षदगण अखिलेश यादव, राजेंद्र पाल, लालती देवी, मधु अग्रवाल, सुनीता देवी और अन्य पार्षदों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री को भी पत्र भेजा है। उन्होंने मांग की है कि लाभुकों की लंबित राशि के भुगतान के लिए तुरंत कदम उठाये जाएं।

## किसानों के बीच दो हजार सहजन पौधे का नि:शुल्क वितरण




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत दंगवार पंचायत की नदियाईन कार्यालय परिसर में जन कल्याण विकास सेवा समिति द्वारा 2000 सहजन का पौधा निःशुल्क किसानों के बीच वितरण किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि करोना काल में भी दस लाख तुलसी का पौधा घर घर तुलसी हर घर तुलसी अभियान चलाकर निःशुल्क उपलब्ध कराया गया था। समिति के सचिव प्रियरंजन सिंह ने बताया कि सहजन का पौधा 7 महीना के अंदर फल फूल देना शुरू हो जायेगा। सहजन का वारहमासी वेरायटी है, जो साल में तीन बार फलेगा। इसका पते से टेबलेट का निर्माण किया जायेगा। जो शुगर और वीपी के रोग में रामवाण की तरह कार्य करता है। उन्होंने बताया कि इसका उचाई मात्र 6 से 7 फीट तक होता है। सहजन का पौधा फल जड़, फूल से लेकर छाल तक सभी का प्रयोग होता है। इस पौधा में एंटीफंगल, एंटी वायरस एंटी डिप्रेसर और एंटी इंफ्लेमेटी अनेक गुण पाये जाते हैं। सहजन कई तरह मिनरल से भरपूर होता है। सहजन को आयुर्वेद में अमृत तुल्य माना गया है। क्योंकि यह अनेकों प्रकार की बीमारियों की दवा है। इस मौके पर काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत विद्युत माफी शिविर



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत विधुत अवर प्रमंडल जपला के अंतर्गत सोमवार को सुबह 10:30 बजे से विद्युत माफी शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर का आयोजन मोहम्मदगंज, हैदरनगर और हुसैनाबाद प्रखंडों में किया जायेगा, जहां घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को माफी प्रमाण पत्र वितरित किए जायेंगे। मोहम्मदगंज प्रखंड में यह शिविर स्टेशन रोड स्थित बिट्टू सिंह के मकान, हैदरनगर प्रखंड में पॉवर सब स्टेशन चौकड़ी और हुसैनाबाद ब्लॉक परिसर में पॉवर सब स्टेशन में आयोजित किया जायेगा। शिविर के माध्यम से उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विद्युत माफी कार्यक्रम का लाभ प्रदान किया जायेगा। आगे जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि जिन घरेलू उपभोक्ताओं के घर में अभी तक मीटर नहीं लगा है, वे तुरंत विद्युत कार्यालय जपला से संपर्क करें और मीटर लगवाएं ताकि वे सरकार द्वारा चलाये जा रहे 200 यूनिट माफी योजना का लाभ उठा सकें।

## शिक्षाविद अशोक पांडेय से मिले पूर्व मंत्री



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध शिक्षाविद अशोक पांडेय से रविवार को पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी उनके भंडार गांव स्थित पैतृक आवास पर जाकर मिले। चंद्रवंशी ने अशोक पांडेय का कुशलक्षेम जाना। पांडेय ने विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हे गुलदस्ता भेंट करते हुए अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। चंद्रवंशी ने अशोक पांडेय को क्षेत्र में अपने द्वारा कराये जा रहे विकास योजनाओं के बारे में बताया। अशोक पांडेय ने विधायक चंद्रवंशी को विकास पुरुष की संज्ञा देते हुए विश्रामपुर को शिक्षा का हब बनाने पर बधाई दी। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, शुशील पांडेय, गणेश पांडेय, नरेंद्र पांडेय, उदय पान्डेय, दिलीप पासवान, दिलीप चन्द्रवंशी, प्रकाश पांडेय, सतेंद्र शर्मा, राजमुनी भुईया, रामजी भुईया सहित कई लोग मौजूद थे।

# छापेमारी अभियान में सैकड़ों बोतल अवैध शराब और बीयर बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** अगामी विधान सभा चुनाव और दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को हरिहरगंज शहर में पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया।

इस दौरान शहर के डाक घर के समीप गृहणी और जेके होटल से करीब 286 बोतल अवैध अंग्रेजी, देशी शराब और बीयर बरामद की गयी। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने




बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर चुनाव और पर्व को देखते हुए अभियान चलाया गया है। अभियान के दौरान गृहिणी और जेके होटल से गार्ड फादर, हंटर, किंगफिशर कंपनी का बीयर और टनाका के देशी शराब, इंपिरियर ब्लू, आरएस तथा बी सेवन आदि कंपनी सहित करीब 286 बोतल अवैध शराब और बीयर बरामद किया गया है। अभियान में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सतीश कुमार गुप्ता, राकेश कुमार सिंह, धनंजय कुमार गोप, अविनाश कुमार, रंजित कुमार सिंह, पुलिस उप निरीक्षक मनोज कुमार दास तथा पुलिस बल शामिल थे।

# रघुवर सरकार ने एक रुपये में महिलाओं को संपत्ति की मालकिन बनाया: अरुणा शंकर

### आज भी रामगढ़ प्रखंड का सुदूरवर्ती इलाका विकास से है वंचित



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रामगढ़ के सुदूर इलाके काचन में जाकर चौपाल लगाते हुए ग्रामीणों की बातें सुनी। रामगढ़ की बहनों ने गांव की दुर्दशा बतायी और कहा कि गांव में बिजली, पानी, सड़क सब की हालत गंभीर है कोई सुद लेने वाला नहीं है। सरकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार बढ़ गया है यहां हम गरीब महिलाओं और ग्रामीणों की बात नहीं सुनी जाती है जिनके पास पैसा है वहीं ब्लॉक में अपना काम करा पाते हैं। इस पर प्रथम महापौर ने कहा कि आप लोग चिंता ना करें जल्द सरकार बदलेगी और आपकी अपनी सरकार भाजपा जो आपको निःशुल्क अन्न से लेकर आवास तक दे रही है डबल इंजन की सरकार बनते ही सबों का दुख दूर होगा। मैं आपकी आवाज बनूंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि यह सरकार महिला विरोधी है हम महिलाओं को रघुवर राज्य में मात्र एक रुपया में घर की मालकिन बना रही थी। उस हक को हेमंत सरकार ने छीन लिया और अब 1000 महीना देकर हम सबों को वोट के लिए दिगभ्रमित करना चाहती है। प्रथम महापौर ने कहा कि अब हम महिलाएं जागरूक हो चुकी हैं हमें अपना हक चाहिए जैसे हमारे देश के प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण हर चुनाव में दे कर हम महिलाओं का सम्मान बढ़ाया वैसे ही झारखंड में भी हम महिलाओं का राज होगा और हम महिलाओं की बातों को प्रमुखता से सुनी जायेगी। प्रथम महापौर ने कैलाश सिंह चेरों जिनकी मृत्यु कुछ दिन पहले हो गयी उनके आवास पर जाकर उनके दुख में शामिल हुई और अपनी संवेदना प्रकट की। उसी गांव के नरेश भुईहर जिसकी भी मृत्यु हो गयी है उनके यहां भी जाकर अपनी संवेदना प्रकट करते हुए आर्थिक मदद की।

## विधायक ने 1.40 करोड़ की कई योजनाओं का किया शिलान्यास



हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत और प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रविवार को विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह और जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने संयुक्त रूप से जिला परिषद मद से 1. 21 करोड़ रूपए की लागत से 11 आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही झारखंड सरकार नगर विकास आवास विभाग से वार्ड नंबर 11 में अररूआ कला आरइओ रोड से चरकेरिया तक पीसीसी पथ और वार्ड नंबर 16 में चंद्रदीप पासवान के घर से जनेश्वर पासवान के घर होते हुए रामजन्म सिंह के घर तक आरसीसी नाली निर्माण का शिलान्यास किया गया है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा, समाजसेवी राजेश राम, एनसीपी नेता मनीष सिंह, सरोज प्रसाद कुशवाहा,अजय सिंह, उदय सिंह, रामू यादव के अलावा धर्मेंद्र कुमार, धनंजय सिंह, मनोज गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# काम मैंने किया है, तो मजदूरी भी मुझे ही मिलनी चाहिए: रामचंद्र चंद्रवंशी

**विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने तीन सड़क सुदृढ़ीकरण योजना का किया शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने रविवार को विश्रामपुर प्रखंड में तीन सड़क सुदृढ़ीकरण योजना का शिलान्यास किया। जिसमे पीडब्ल्यूडी रोड़ से बघमनवा, विश्रामपुर से घरटिया और विश्रामपुर से कौडिया सड़क शामिल है। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी और संचालन महामंत्री मनीष कुमार ने किया। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विकास के मामले में



विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र झारखंड में सबसे अव्वल है। यहां हमने गांव-गांव, गली-गली सड़कों का जाल बिछवा दिया है। क्षेत्र का हर गांव एक दूसरे से जुड़ चुका है। सभी गांव प्रखंड और जिला मुख्यालय से सड़क मार्ग से जुड़ गया है। यातायात को सुगम बनाने हेतु सभी नदी नालों पर पुल पुलिया का निर्माण करवा दिया गया है। विश्रामपुर को शिक्षा का हब बनाया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बेहतर स्थित है। हर गांव में बिजली पहुंचा दी गयी है। श्री चंद्रवंशी ने शिलान्यास समारोह में उपस्थित जनसमूह से अपील किया कि काम हमने किया है तो मजदूरी भी मुझे ही मिलनी चाहिए। इससे पहले विधायक श्री चंद्रवंशी ने बघमनवा पंचायत सचिवालय में कार्यक्रताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र यादव, मुखिया मंजू देवी, मनोज शुक्ला, गोपाल सिंह जी,उप मुखिया सुनिता देवी, वार्ड सदस्य शोभा देवी, सुषमा देवी, मानो देवी, उदय यादव, शिवकुमार साव, संजय यादव, धर्मेंद्र पाल, ललन पटेल, प्यारी यादव, राजेंद्र यादव, रामनाथ विश्वकर्मा, विजय विश्वकमा, संतोष विश्वकर्मा, अजय यादव, सीताराम पाल, मंगर पाल, लखन पाल,उपेंद्र पाल,मुकेश पाल, गोबिंद रजक, राजेन्द्र साव, लखन साव, बलराम साव, बबलू पाल, प्रेम यादव ,बिरजू पाल, भीखम पाल,बलराम प्रसाद गुप्ता, अनीरूद बैठा,गोविंद बैठा, सतेंद्र विश्वकर्मा, विजय बवाली, संजय ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## शांति और सद्भाव के साथ दुर्गा पूजा मनाने की अपील



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक मनातू थाना परिसर में हुई। बैठक में लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुगार्पूजा मनाने की अपील की गयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ मदन कुमार सुमन ने की। बैठक में पूजा समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के अलावा दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। बैठक का संचालन सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने किया। बैठक में आए लोगों से दुर्गा पूजा के लिए सरकार द्वारा जारी निर्देश के तहत पूजा आयोजन का निर्देश दिया गया। सीओ ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पूजा पंडाल में या शोभायात्रा में डीजे नहीं बजाने, शराब का सेवन नहीं करने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाने के अलावा पूजा पंडाल में अग्निशमन यंत्र, बालू, लाइट की व्यवस्था को रखने का सहित महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार बनाने सहित अन्य कई जरूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त करवाई करेगी। वहीं पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूजा कमेटी वालेंटियर्स तैनात करें। उन्होंने कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर नजर रखेगी। आपत्तिजनक पोस्ट करने पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि विसर्जन के दौरान गहरे पानी में जाने से बचें ताकि किसी तरह की अनहोनी न हो। बैठक में सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार, सत्येंद्र सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, शिवकेश्वर गिरी, पूर्व मुखिया विशुनदेव सिंह, विशुनदेव यादव,सुनील कुमार, सहित काफी संख्या में लोग मौजद थे।

## विधायक के प्रयास से तूरी बटाने नदी पर पुल का जल्द होगा निर्माण



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के तूरी बटाने नदी का अर्धनिर्मित पुल का निर्माण जल्द होगा। उक्त जानकारी हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह ने ग्रामीणों के शिकायत पर रविवार को अधूरे पड़े पुल का निरीक्षण के दौरान कही। वहीं ग्रामीणों के समक्ष दूरभाष से विधायक प्रतिनिधि ने विधायक कमलेश कुमार सिंह से संवेदक को बात कराया और पुल में जल्द ही काम शुरू करने की बात कही गयी। बता दें कि करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली पुल कई वर्ष पहले काम शुरू किया गया था। जिसमें संवेदक ने लापरवाही करते हुए पुल निर्माण का आधा अधूरा काम कर फरार हो गया। इसके बाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पुनः रिटेंडर करवाया है। वहीं ग्रामीणों ने इस प्रयास के लिए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, मुखिया सरोज कुशवाहा, उदय सिंह, अजय सिंह, धर्मेंद्र पटेल, रामू यादव, गोपाल यादव, अभय सिंह, मनोज गुप्ता, रामप्रसाद भुईयां ,जितेंद्र कुमार मेहता, धनंजय सिंह, राजेंद्र गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, उमेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## ओबीसी एकता अधिकार और विकास की अनदेखी पर बीडी प्रसाद ने उठायी आवाज



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष और बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी बीडी प्रसाद ने विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के कुंभीकला पंचायत की विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास की धीमी गति और सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव पर चिंता व्यक्त की। हताई में सुशील सिंह, अदरू में मुनि जी, नवल सिंह, और कीर्ति सिंह की उपस्थिति में बीडी प्रसाद ने कहा कि गांवों तक विकास के लाभ नहीं पहुंच पाये हैं। ग्रामीण पेंशन और अन्य योजनाओं से वंचित हैं, क्योंकि उन्हें सही जानकारी नहीं मिलती। उन्होंने तमदागा और बनखेता में भी इसी समस्या को रेखांकित किया। प्रसाद ने ग्रामीणों को सलाह दी कि वे ऐसे जनप्रतिनिधियों का चुनाव करें जो उनकी समस्याओं को समझें और ईमानदारी से काम करें। गलत प्रतिनिधि चुनने से विकास रुकता है और भ्रष्टाचार बढ़ता है। बनखेता में संतोष यादव, मदन यादव, मनोज सिंह, उपेंद्र यादव, नंदेता यादव और गणेश विश्वकर्मा की उपस्थिति में उन्होंने आश्वासन दिया कि ओबीसी एकता अधिकार मंच ग्रामीणों की समस्याओं को उच्च स्तर पर उठायेगा और उनके अधिकारों की रक्षा करेगा। बीडी प्रसाद ने ग्रामीणों से अपील की कि वे संगठित होकर जागरूकता बढ़ायें और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाने के लिए संघर्ष करें। उन्होंने झारखंड के 24 वर्षों के विकास की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि गांवों में आज भी मूलभूत समस्याएं हैं जैसे जर्जर सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादी।

## स्पोर्ट्स



गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये बेहद रोमांचक मुकाबले में टाटीसिलवे एफसी की टीम 19वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट की चैंपियन बनी। टाटीसिलवे ने हेहल स्पोटिंग को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया।

# रोमांचक मुकाबले में हेहल को हरा कर टाटीसिलवे बना चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** टाटीसिलवे एफसी की टीम 19 वीं चैंपियंस ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट की चैंपियन बनी। रविवार को गेतलसूद स्कूल मैदान में खेले गये बेहद रोमांचक मुकाबले में टाटीसिलवे ने हेहल स्पोटिंग को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर पहली बार चैंपियन बनी। टूर्नामेंट का आयोजन राजेन्द्र यूनाइटेड ने किया। पहले हाफ के 29वें मिनट में विमल केरकेटटा के आत्मधाती गोल से हेहल 1-0 से पिछड़ गयी। मध्यांतर तक हेहल पीछे रहा। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंतिम मिनट में हेहल के विमल उरांव ने शानदार गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। पेनाल्टी शूट आउट में टाटीसिलवे 4-3 से विजयी रहा। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा, विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, शशिभूषण भगत, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, अभिषेक वस्त्रालय के संस्थापक सागर साहू, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव मोहसीन खान, अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह ने किया। डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों को बड़ा मंच मिलता है। आयोजन समिति के साथ में हूं। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि खेल आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम है। झारखंड सरकार



लगातार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रही है। अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष पारसनाथ भोगता और संचालन सचिव अनिल कुमार चौधरी और शिवदास गोस्वामी ने की। इस अवसर पर रौशनलाल मुंडा, वीरेंद्र सिंह भोगता, माधुरी देवी, आतिश महतो, प्रकाश यादव, राजन महतो, राजेश लोहरा, संजय नायक, सुरेंद्र महतो, शंकर बैठा, संतोष सिन्हा, उमेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### विजेता टीम को मिले नकद 5 लाख रुपये

विजेता टीम को नकद पांच लाख रुपया, उपविजेता टीम को नकद तीन लाख रूपया और तीसरे एंव चौथे स्थान पर रही टीमो को चालीस-चालीस हजार रूपया का नकद पुरस्कार और ट्राफी प्रदान किया गया। मैन आफ दी मैच टाटीसिलवे के गोलची अंकित कुजूर को दिया गया। जबकी गोल्डेन बूट में 45 ईंच का एक स्मार्ट टीवी अभिषेक वस्त्रालय गोंदलीपोखर की ओर से दिया गया।

### फाइनल मैच देखने उमड़ी भीड़

फाइनल मैच को देखने के लिए काफी संख्या में दर्शक उमड़े। आयोजन समिति का दावा है कि करीब चालीस हजार से अधिक दर्शक मैच देखने पहुंचे थे। बोकारो, धनबाद, रांची के विभिन्न क्षेत्रों, खूंटी, तमाड़, लोहरदगा, गुमला आदि जगहों से काफी संख्या में दर्शक मैच देखने पहुंचे थे। मैच समाप्ति के बाद एक किमी लंबा जाम लगा रहा।

## आकाश बनेंगे झरिया की आवाज, हुए चयनित



झरिया (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार द्वारा आयोजित झारखंड युवा सदन 4.0 में झरिया विधानसभा से आकाश यादव का नाम चयनित हुआ है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में आकाश झरिया विधानसभा तथा झारखंड के अनेकों मुद्दों पर अपनी बात सदन में रखेंगे। अब वह झरिया की अगुवाई करते हुए युवा सदन में अपनी आवाज को मजबूती से रखेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार के इस कार्यक्रम के जरिए पढ़े लिखे,समाज कल्याण की विचारधारा रखने वाले युवा अपने प्रतिभा को निखार सकते हैं।मुझे इस बात की बहुत ही खुशी है कि मुझे भी झरिया विधानसभा क्षेत्र से युवा सदन जैसे कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिला।

# नेहरू परिसर में चिराग पासवान ने भरी हुंकार झारखंड को पूर्ण रूप से विकसित राज्य बनाना है

**केंद्रयी मंत्री चिराग ने कहा कि यह हमारे पूज्य पिता कि कर्म भूमि है जिसको हरा भरा रखना उनका दाइत्व है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** झारखंड विधान सभा चुनाव सिर पर है, जिसमे लोजपा ने भी अपनी इंट्री करनी शुरू कर दी है। धनबाद कोयलांचल स्थित कोयला नगर नेहरू कॉम्प्लेक्स मैदान में लोजपा कि आमसभा हुई। स्वर्गीय रामविलास पासवान रहे ना रहे लेकिन धनबाद की धरती पर उनका स्वागत सदैव होता रहेगा यह मसला उनके पुत्र चिराग ने अब उठा लि है। सबसे पहले दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई, फिर कार्यकर्ताओं द्वारा चांदी की मुकुट पहनाकर उनका स्वागत किया गया। यहां भी उन्होंने चुनावी हुंकार भरी तथा उपस्थित भीड़ को अभिवादन करके कार्यक्रम की शुरूआत कराई। केंद्रयी मंत्री चिराग ने कहा कि यह हमारे पूज्य पिता कि कर्म भूमि है जिसको हरा भरा रखना उनका दाइत्व है। वहीं जमुई सांसद अरुण भारती ने कहा कि धरती गूंजे आसमान सबपे भारी चिराग पासवान हमारे झारखंड को शर्मशार करने वाला भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए जेल जाना पड़ा। यह राज्य का दुर्भाग्य है। वर्ष 2000 झरखंड अलग बना फिर भी यह राज्य विकसित राज्यों कि श्रेणी में नहीं आ पाया। यह युवा झरखंड महज बुजुर्ग प्रदेश बनकर रह गया। हमे इस ऐसा राज्य बनाना है जो सम्पूर्ण रूप से विकसित हो। इसी सोंच के साथ चिराग आगे बढ़ता है। जब मेरा जन्म हुआ था उस समय बिहार झारखंड एक हुआ करता था। झारखंड मेरी जन्मभूमि के साथ साथ मेरे पिता कि कर्मभूमि भी है। इस सोंच को तोड़ दूंगा जो सोंचते हैं कि चिराग टूट जाएगा। चिराग टूटेगा नहीं बल्कि भ्रष्टाचारियों को तोड़ेगा। लोगों ने अफवाह फैलाया था कि मोदी कि सरकार बनी तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। यह भी कहा था कि मोदी सरकार के आने से संविधान को खतरा है। ऐसा कहने वाले सिर्फ जनता को गुमराह करते हैं। झारखंड को विकसित राज्य का हक दिलाना मेरा संकल्प है,स्व राम विलास पासवान रहें या न रहें लेकिन धनबाद की धरती पर उनका स्वागत सदैव होता रहा है। मौके पर लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान व युवा लोजपा नेता शैलेंद्र द्विवेदी सहित जमुई सांसद अरुण भारती,राकेश सहित कई अन्य पार्टी के आला नेता शामिल रहें।

## सेल्फी लेने के चक्कर में किशोर की मौत, घर में मातम

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** जामाडोबा डुमरी चार नम्बर के रहने वाले दिनेश जसवाल के 15 वर्षीय पुत्र व स्वतंत्र भागा स्कूल के 10 वी के छात्र प्रशांत कुमार कालीमेला विनोद पुल के निकट सेल्फी लेने के क्रम मे नदी में डुब गया है। घटना स्थल पर भौरा ओपी प्रभारी रंजीत राम पहुंच कर पुटकी से गोताखोर की टीम को बुलाया है। गोताखोर टीम के लीडर मनोरंजन बाउरी अपने 10 सदस्य टिम के साथ मिलकर तीन घंटे तक खोजबिन किया है परंतु अभी तक कामयाबी नहीं मिली है। घटना के संबंध में प्रियजनों का कहना हैं की प्रशांत रविवार को सुबह अपने दोस्त हर्ष के साथ साइकिल पर सवार होकर कालीमेला दामोदर नदी गया था। 7 बजे सुबह स्थानीय लोगों ने सूचना दिया की प्रशांत नदी में डुब गया।

**घटना के बाद डुमरी में बस्ती में पसरा मातम**

डुमरी निवासी दिनेश का एकलौता पुत्र था प्रशांत की मां बंदना देवी, दो छोटी बहन मनीषा कुमारी एवम वैष्णवी कुमारी का रो रो कर बुरा हाल है। आस पास के महिला घर पहुंच कर संतावना देने में जुटी हुई है। थाना प्रभारी रंजीत राम का कहना है की लगातार गोता खोरो की मदद से प्रशांत कुमार को खोजने का प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही कामयाबी मिल जायेगी।

## प्रदूषण के खिलाफ पिछरी के ग्रामीण आज से करेंगे आंदोलन



पिछरी (बेरमो)। पेटरवार पंचायत के पिछरी उत्तरी और दक्षणी पंचायत के निवासी सड़क में उड़ रहे धूल और प्रदूषण से काफी परेशान है। फुसरो - जैनामोड़ मुख्य मार्ग पिछरी होकर गुजरती है। इसमें हाईवा वाहन से ओवरलोड कोयला और छाई ढुलाई से हो रहे प्रदूषण से पिछरी निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पर रहा है। इसके खिलाफ पिछरी के दोनो पंचायत के ग्रामीणों ने आज से अनिश्चितकालीन चक्काजाम आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए बोकारो उपायुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि इस मार्ग में रोजाना हजारों की संख्या में ओवरलोड हाईवा का परिचालन होने से भयंकर प्रदूषण फैलता है। जिससे मार्ग में चलने वाले बाइक सवार दुर्घटना के शिकार होते हैं। वही छोटे छोटे स्कूली बच्चे के गुजरने से आंखों में छाई के कण पड़ जाता है। जिससे बच्चों के आंख में प्रभाव पड़ता है और उसे पठन पाठन करने में दिक्कत होती है। कहा कि ओवरलोड वाहन के चलने से फुसरो - जैनामोड़ मार्ग में जगह-जगह सडक टूट कर जर्जर हो गया है। कहा कि जबतक इस प्रदूषण की रोकथाम को लेकर कोई बड़ा निर्णय नहीं किया जाता तबतक ग्रामीण आंदोलन जारी रखेंगे। पत्र में सांसद प्रतिनिधि सूरज महतो, झामुमो नेता घुनू हांसदा, बिनोद साव, अर्जुन सिंह, राम भजन लायक, बजरंगी मिश्रा, पवन मिश्रा आदि के हस्ताक्षर है।

## मुंबई में टैक्सी ड्राइवर का बेटा बना प्रशिक्षण अधिकारी

**झुमरा पहाड़ क्षेत्र के सात पंचायत के सुनील कुमार यादव तिसरी गांव का नाम किया रौशन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड के लोधी पंचायत के तिसरी ग्राम निवासी रामेश्वर यादव का पुत्र सुनील कुमार यादव अपने कठिन मेहनत, संघर्ष और लग्न के बदौलत औधौगिक प्रशिक्षण अधिकारी बना। सुनील कुमार यादव झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सरकारी औधौगिक प्रशिक्षण संस्थानों में फिटर ट्रेड के तौर पर अधिकारी बना। जिन्हें झारखण्ड सरकार के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सरकार ने शनिवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। वे अपनी अच्छी शिक्षा और कौशल ज्ञान के बदौलत प्रशिक्षण अधिकारी बनकर अपने माता पिता के साथ अपने गांव पंचायत का नाम लगातार रौशन किया है। उनके पिता मुंबई में रहकर टैक्सी ड्राइवर कर इस मुकाम तक पहुंचाया है। अपने गांव पंचायत क्षेत्र में अच्छी साधन , संसाधन व शिक्षा सुविधा नहीं होने के कारण वे पांच साल के उम्र में अपने गांव तिसरी छोड ननिहाल पढ़ने विष्णुगढ़ चला गया जहां से मैट्रिक पास करके हजारीबाग से करउ पास कर आईटीआई किया। तत्पश्चात उन्होंने लातेहार से मैकेनिकल ट्रेड पर डिप्लोमा किया और बाद में टाटा मोटर्स में दस माह तक नौकरी करते हुए अपनी पढाई जारी रख हरियाणा से सीआईटीएस किया और उसके बाद पांच साल तक हजारीबाग से सप्तगिरी आईटीआई कॉलेज में पढ़ाया और इस दौरान वर्ष 2020 में रेलवे प्रतियोगिता परीक्षा पास करके टेक्निशियन पद पर भुसावल में सरकारी नौकरी में कार्यरत रहते हुए औधौगिक प्रशिक्षण अधिकारी बन अपने सात पंचायत क्षेत्र झुमरा पहाड़ का नाम रौशन कर क्षेत्र के युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बने हैं। लोधी पंचायत के सामाजिक कार्यकर्त्ता मनोज महतो ने बधाई और शुभकामनाएं देकर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा हैं सुनील कुमार यादव प्रशिक्षण अधिकारी बनकर हमारे लोधी पंचायत का नाम रौशन किया है झुमरा पहाड़ सात पंचायत क्षेत्र में शिक्षा सुविधा का अभाव होने के बाद भी झुमरा पहाड़ सात पंचायत क्षेत्र लगातार प्रतियोगिता परीक्षा को पास कर कृतिमान स्थापित कर मान बढाया है जो हमारे लिए गर्व और गौरव की बात है और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत हैं।

## पूजा के सफल संचालन के लिए हमेशा मैं कमेटी के साथ खड़ा रहूंगा: हीरालाल



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति सेक्टर 2 के पदाधिकारी और कमेटी के सदस्यों ने बोकारो सर्किट हाउस में झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया साथ ही पूजा में आमंत्रित किया। इस दौरान झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी से सफल पूजा संचालन के लिए मार्गदर्शन भी मांगा। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारी ने पूजा पंडाल, लगने वाले मेला और सुरक्षा को लेकर किए जा रहे इंतजाम की जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान अपनी सहमति व्यक्त की और कहा कि माता रानी पूरे बोकारो के साथ झारखंड पर अपना कृपा दृष्टि रखें यह हम कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि पूजा के सफल संचालन के लिए हमेशा मैं कमेटी के साथ खड़ा रहूंगा, जो भी सहयोग कमेटी के द्वारा हमसे मांगा जायेगा उसको पूरा करने का भी काम करूंगा। इस दौरान महासचिव अनिल सिंह, अजय मंडल, कोषाध्यक्ष संदीप सिंह, मेला प्रभारी देवराज कुमार, पंडाल प्रभारी मनोज यादव,अभिषेक सिंह, विकास कुमार अनूप कुमार रंजन कुमार, पप्पू यादव, कुलदीप कुमार, राजेश गोप अभय सिंह, गुड्डू, पिंटू सिंह , निमेष कुमार, विजय , बंटी, मनोज कुमार, पंकज शर्मा, संजय कुमार, रंजन कुमार मिडिया प्रभारी बिनोद ओझा समेत सभी सदस्य मौजूद रहे।

## झरिया डिग्री कॉलेज का नाम डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम से हो: भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा



झरिया (आजाद सिपाही)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक बस्ताकोला व शिमला बहाल भुइंया बस्ती में हुई। जिसकी अध्यक्षता संजय बाउरी ने किया। मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामजीत भुइंया ने कहा कि आगामी 1 अक्टूबर को जामाडोबा डिग्री कॉलेज के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। हमारी मांग है कि डिग्री कॉलेज का नाम डॉ भीमराव अंबेडकर डिग्री कॉलेज होना चहिए। सविधान निमार्ता के नाम से यह कॉलेज धनबाद का मान बढाने का काम करेगा। युवा वर्ग के लिए यह एक प्रेरणा स्थल का काम भी करेगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, सांसद ढुलू महतो, विधायक राज सिन्हा, विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, तारा देवी, पुर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, महानगर जिलाध्यक्ष श्रवण राय, ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर उपस्थित होंगे। संचालन योगेंद्र भुइंया ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामजीत भुइंया, बलराम हरी, राजेश हरी, योगेंद्र भुइंया, संजय बाउरी, शंकर मुंडा, रंजीत दास, भोला बाउरी, रमेश बाउरी, रमेश कुमार, मंटू पासवान, विनेश भुइंया, ब्रह्मानंद कुमार, राहुल कुमार पासी, बैजनाथ बाउरी उपस्थित थे।

## असंगठित मजदूरों के साथ भेदभाव ना करें, अन्यथा होगा आंदोलन: टुन्नू गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** धनसार कोलियरी विश्वकर्मा परियोजना प्रबंधन एटक युनियन (युनाइटेड कोल वर्कर्स युनियन) से जुड़े असंगठित मजदूरों के साथ भेदभाव न करे।अन्यथा ट्रांसपोटिंग बंद कर आंदोलन किया जाएगा।यह बातें एटक युनियन के शाखा उपाध्यक्ष टुन्नू गुप्ता ने रविवार को विश्वकर्मा परियोजना मे पत्रकार वार्ता के दौरान कही।उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा लोडिंग प्वाइंट मे ट्रक लोडिंग के लिए असंगठित मजदूरों को पर्याप्त कोयला नहीं मिल पा रहा है। जिससे मजदूरों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है।एटक से जुड़े असंगठित मजदूरों ने विश्वकर्मा परियोजना मे डीओ आफर बढ़ाने, पेलोडर लोडिंग बंद कर मैनुअल लोडिंग करने लोडिंग प्वाइंट मे पर्याप्त कोयला देने, मजदूरों के लिए आरओएम कोयला का आवंटन कर मैनुअल लोडिंग कराने, प्रत्येक दिन सभी दंगलों को लोडिंग के लिए ट्रक देने व परियोजना मे मजदूरों के लिए शेड बनवाने सहित सात सूत्री मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा है। इस दौरान मजदूरों ने कहा कि पूर्व मे इन मांगो को लेकर कुसुंडा महाप्रबंधक ल धनसार कोलियरी पीओ को पत्र सौंपा है।लेकिन प्रबंधन तानाशाही रवैया अपनाते हुए टालमटोल की नीति अपना रही हैं। अगर जल्द इन मांगो को पूरा नहीं किया गया तो दुगार्पूजा के बाद चक्का जाम किया जाएगा। इस मौके पर अकबर अली,देवा साव, केदार चौहान, राजू चौहान, आजादी चौहान, महेंद्र भुईयां, पूजा देवी, चम्पा देवी, उर्मिला देवी, चांदमुनी देवी सहित अन्य थे।

## चासनाला पुल की जर्जर स्थिति से दुर्घटना की आशंका, जल्द मरम्मत की मांग



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** चासनाला पुल, जो मां कल्यानेश्वरी मंदिर के पास सिंदरी से झरिया मुख्य मार्ग पर स्थित है, की हालत अत्यधिक खराब हो चुकी है। पुल की सुरक्षा बेरिकेटिंग कई जगहों पर टूट चुकी है, जिससे इसका उपयोग बेहद खतरनाक हो गया है। पुल पर बने गहरे गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बनी हुई है, और राहगीरों तथा वाहन चालकों को अपनी जान जोखिम में डालकर यहां से गुजरना पड़ता है। स्थानीय नागरिक श्री राकेश ने पुल की इस खराब स्थिति पर चिंता जताते हुए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया है और तुरंत मरम्मत की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि पुल की मरम्मत में देरी से किसी बड़ी दुर्घटना का खतरा है, जिससे जान-माल की हानि हो सकती है। इसी मुद्दे को लेकर यह आवेदन नगर निगम और सांसद महोदय को भी सौंपा गया है, ताकि शीघ्र ही उचित कार्रवाई हो सके और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## दुर्गा पूजा के लेकर चतरोचट्टी थाना में शांति समिति की बैठक

चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा को लेकर चतरोचट्टी। थाना में शनिवार को शांति समिति की बैठक चतरोचट्टी थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। थाना प्रभारी ने आम लोगों से दुर्गा पूजा हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। कहा कि इस थाना क्षेत्र मे चतरोचट्टी और हुरलुंग मे का आयोजन होता है। विशेष रूप से चतरोचट्टी में भव्य मेला लगता है। साथ ही चतरोचट्टी और हुरलुंग में रावण दहन का कार्यक्रम भी आयोजित होती है। काफी भीड़ होने की वजह से सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने की आवश्यकता है। उन्होंने पूजा कमेटी के लोगों को निर्देश दिया कि पूजा पंडाल व मेला में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा, भीड़ को सभ्य तरीके से नियंत्रित करने के लिए वॉलिंटियर्स की तैनाती, हेल्प डेस्क का निर्माण, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, मेला में आगंतुक श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखें। मौके पर थाना प्रभारी ने जिला प्रशासन के गाइडलाइन का अनुपालन करने और डीजे पर पूर्ण रूप से रोक लगाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से चतरोचट्टी मुखिया महादेव महतो ,सुदंर रविदास,भगवान दास रविदास,सुरेश महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बीआइटी सिंदरी एल्युमनाइ सेल में ऑनलाइन ओरिएंटेशन सत्र का सफल आयोजन



सिंदरी (आजाद सिपाही)। अतीत को वर्तमान से जोड़कर बेहतर भविष्य का निर्माण करना के उद्देश्य से 29 सितंबर को बीआईटी सिंदरी के एलुमनाई सेल द्वारा एक सफल ऑनलाइन ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य जूनियर छात्रों को एलुमनाई सेल की कार्यप्रणाली और दृष्टिकोण से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत एक संक्षिप्त प्रस्तुति से हुई, जिसमें एलुमनाई सम्मेलनों, छात्रवृत्ति योजनाओं और अन्य पहलों की जानकारी दी गयी। सत्र में ग्लोबल एनुअल एलुमनाई मीट और वेबिनार श्रृंखला जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला गया। एक्सप्लोर जैसे इंटरैक्टिव सत्रों ने छात्रों के तकनीकी और पेशेवर कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित किया। एलुमनाई सेल के अध्यक्ष पीयूष रंजन ने छात्रों के सवालों का उत्तर देते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वे एलुमनाई नेटवर्क से जुड़े रहें और अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं। कार्यक्रम का समापन एक प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ: सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि दूसरों को ऊपर उठाने का माध्यम है।

# चंदनकियारी विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए लड़ूंगा चुनाव: उमाकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदनकियारी।** आजसू पार्टी की बैठक चन्दनकियारी स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में आयोजित की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिथिलेश महतो और संचालन विश्वनाथ महतो ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चंदनकियारी विधानसभा का सर्वांगीण विकास के लिए ही चुनाव लड़ूंगा। चंदनकियारी विधानसभा का विकास के लिए संघर्ष करूंगा । रजक ने कहा कि जब तक चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव से लेकर गली-गली का विकास और बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। लोगों के विश्वास और भरोसा को कभी टूटने नहीं देंगे। रजक ने कहा कि चंदनकियारी विधानसभा के लोगों के मान, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहा हूं। कहा कि इस बार चन्दनकियारी की जनता किसी के बहकावे में नहीं आयेगी। हमें जनता की सेवा पर विश्वास है। रजक ने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि जनता के आशीर्वाद से यह क्षेत्र शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में अन्य विधानसभा क्षेत्रों की अपेक्षा बेहतर होगा । रजक ने कहा कि जिसने चंदनकियारी की जनता का विश्वास को कुचलने का काम किया है, उसे चंदनकियारी की जनता बदलने का काम करेगी । कहा कि चंदनकियारी विधानसभा में आज भी नागरिक सुविधाएं नदारद है। रजक ने कहा कि चन्दनकियारी विधानसभा में विकास कार्य पूरी तरह से ठप है। कहा कि लगान रसीद और दाखिल खारिज के नाम पर लूट मची हुई है। हमारे युवाओं और अभिभावकों को आय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, वृद्धापेंशन आदि जरूरी कार्यों में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । रजक ने कहा कि चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में प्रशासनिक तंत्र की विफलता से, घूसखोरी और भ्रष्टाचार से लोग तंग हो गये हैं। मौके पर राजेश महतो, अश्विन महतो, बधन शर्मा, सुभाष शेखर, भोलानाथ गोप, राजेश भगत, अनवर अंसारी, दुर्गाचरण महतो, विश्वनाथ महतो, सुषेन रजवार, शिबु महतो, नेमचांद महतो, गोराई, शत्रुघ्न महतो, मनटुलाल महतो, महाराज, राजकुमार सिंह, किरण मांझी, बाटुल राय, मनोज माहथा, परशुराम महतो, किरीटी शर्मा, नरेश महतो, जय प्रकाश माहथा, राजीव रंजन झा, मानीक माहथा, मुख्तार अंसारी, गणेश महतो, नरेश रजवार, समेत अन्य उपस्थित थे।

## बीपीएससी क्षेत्र में दो सत्यलोक वॉलीबॉल क्लबों का शुभारंभ



**स्वांग (आजाद सिपाही)।** युवाओं में स्वस्थ आदतें विकसित करने के लिए दो सत्यलोक वॉलीबॉल क्लबों का शुभारंभ स्वयंसेवी संस्था सत्यलोक ने की। सत्यलोक ने वर्तमान मोबाइल युग में युवाओं के बीच स्वस्थ्य आदतों को बढ़ावा देने के लिए यह सराहनीय कदम उठाया है। सत्यलोक ने बीटीपीएस, जीएमटी कॉलोनी और हनुमान मंदिर ओल्ड माइनस क्वार्टर्स के पास दो सत्यलोक वॉलीबॉल क्लब सत्यलोक स्पोर्ट्स एकेडमी के नाम से खोला हैं। इन क्लबों का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को शारीरिक गतिविधियों और सामुदायिक भागीदारी के लिए सकारात्मक मंच प्रदान करना है। सत्यलोक ने स्पार्टन के उच्च गुणवत्ता वाले वॉलीबॉल पोल, एक मजबूत नेट, एक वॉलीबॉल, एक बड़ा एल्यूमिनियम स्टोरेज बॉक्स और एक रेफरी स्टैंड की सुविधाओं के साथ यह शुरूआत की है। ये सभी उपकरण खिलाड़ियों के लिए उत्तम गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे और खेल में उत्साह और निष्पक्षता को बढ़ावा देंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वांग उत्तरीय पंचायत के मुखिया विनोद विश्वकर्मा, सत्यलोक के वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार यादव, के तिरूपति राव, मो. तौफीक के साथ संस्था के सक्रिय सदस्य राहुल निशाद, रोहन कुमार, चंदन साव, आर्यन अकमल, त्रिलोकेश्वर नाथ महतो, अभय साहनी, यश कुमार, अभिजीत कुमार, विवेक गोस्वामी, अविनाश गोस्वामी आदि की भूमिका अहम रही।

# 'क्रिएट इन इंडिया' चैलेंज के माध्यम से अपनी रचनात्मकता को उजागर करें

## संगीत, शिक्षा और एंटी-पायरेसी जैसे क्षेत्रों को कवर करने, चैलेंज के माध्यम से गेमिंग एनीमेशन, रील और फिल्म निर्माण में रचनाकारों के लिए अपार संभावनाएं : नरेंद्र मोदी

- भारत के प्रधानमंत्री ने प्रतिभा और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वेव्स के लिए 25 'क्रिएट इन इंडिया' चैलेंज में भागीदारी को प्रोत्साहित किया।

**मन की बात का 114वां संस्करण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने 114वें मन की बात के संबोधन के दौरान, रोजगार की तेजी से बदलती प्रकृति और गेमिंग, फिल्म निर्माण आदि जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में बढ़ते अवसरों पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने भारत की रचनात्मक प्रतिभाओं की अपार संभावनाओं पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित की जा रही 'क्रिएट इन इंडिया' थीम के तहत 25 चैलेंज में भाग लेने के लिए रचनाकारों का आह्वान किया।

**उभरते रचनात्मक क्षेत्र रोजगार के बाजार को नया आकार देंगे :** अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने उभरते क्षेत्रों पर प्रकाश डाला, जो रोजगार के बाजार को नया आकार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन बदलते समय में, रोजगार की प्रकृति बदल रही है और गेमिंग, एनीमेशन, रील मेकिंग, फिल्म मेकिंग या पोस्टर मेकिंग जैसे नए क्षेत्र उभर रहे हैं। यदि आप इनमें से किसी भी कौशल में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, तो आपकी प्रतिभा को बहुत बड़ा मंच मिल सकता है। उन्होंने बैंड, सामुदायिक रेडियो के प्रति उत्साही और रचनात्मक पेशेवरों के लिए बढ़ते दायरे के बारे में भी चर्चा की। इस क्षमता का लाभ उठाने और उनका पोषण करने के लिए, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने संगीत, शिक्षा और एंटी-पायरेसी सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभा और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 चैलेंज की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री ने रचनाकारों को इन चैलेंज में भाग लेने के लिए वेबसाइट wavesindia.org पर लॉग इन करने के लिए प्रोत्साहित किया। **क्रिएट इन इंडिया चैलेंज** – सीजन वन 22 अगस्त, 2024 को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नयी दिल्ली में क्रिएट इन इंडिया चैलेंज- सीजन वन का शुभारंभ किया था। ये चैलेंज आगामी वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) के लिए एक अग्रदूत के रूप में काम करेंगे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 78वें स्वतंत्रता दिवस संबोधन के दौरान व्यक्त किये गये भारत में डिजाइन, दुनिया के लिए डिजाइन के विजन के अनुरूप है।

# सुभद्रा योजनाः पात्र महिलाओं को दूसरे चरण में 9 अक्टूबर को मिलेगी 5,000 रुपये की पहली किस्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** सुभद्रा योजना के लिए आवेदन करने वाली महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। ओडिशा के उपमुख्यमंत्री ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की है कि सभी पात्र महिला उम्मीदवार जो 5,000 रुपये की पहली किस्त का इंतजार कर रही हैं, उन्हें 9 अक्टूबर को दूसरे चरण में पैसे मिलेंगे। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जिन महिला लाभार्थियों को किसी अन्य कारण से पहले चरण में शामिल नहीं किया गया था, उन्हें 9 अक्टूबर को दूसरे चरण में सुभद्रा योजना का पैसा मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री के बयान के अनुसार, सुभद्रा योजना के लाभार्थियों के लिए दूसरे चरण की पहली किस्त 9 अक्टूबर को मयूरभंज जिले के बारीपदा में जारी की जायेगी, जो मां सुभद्रा की भूमि और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का गृह नगर है। इसके अलावा, उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुभद्रा लाभार्थियों की सबसे अधिक संख्या भी बारीपदा से है। सुभद्रा योजना ओडिशा सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। सुभद्रा योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर, 2024 को ओडिशा के भुवनेश्वर में की थी। यह ओडिशा सरकार द्वारा शुरू की गई सबसे बड़ी, एकल महिला-केंद्रित योजना है। सुभद्रा योजना के तहत, 21 से 60 वर्ष की आयु के प्रत्येक पात्र लाभार्थी को 2024-2025 से 2028-2029 तक पांच वर्षों के दौरान 50,000 रुपये मिलेंगे। दो बराबर किश्तों में देय 10,000 रुपये प्रति वर्ष की राशि, डीबीटी और आधार का उपयोग करके सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में जमा की जायेगी।

# अच्युत सामंत को स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय मान्यता मिली

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** किट, किस और किम्स के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत को एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआइ) द्वारा 'आइकॉनिक हेल्थकेयर लीडर' सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार रविवार को चेन्नई में आयोजित दूसरे एएचपीआई नेतृत्व सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। डॉ सामंत को यह सम्मान देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए मिला। एएचपीआई भारत में उन व्यक्तियों को मान्यता देता है जिन्होंने हर साल स्वास्थ्य सेवा में अनुकरणीय योगदान दिया है। इस वर्ष दो पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। डॉ सामंत और डॉ प्रताप रेड्डी अपोलो समूह के अध्यक्ष, जिन्हें आइकॉनिक लीडर पुरस्कार भी मिला। सम्मान प्राप्त करने पर डॉ सामंत ने एएचपीआई के प्रति आभार व्यक्त किया और इस बात पर जोर दिया कि यह मान्यता उन्हें स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में और भी अधिक योगदान करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए उन्हें चुनने के लिए डॉ विजय अग्रवाल के नेतृत्व वाली चयन समिति और एएचपीआई के महानिदेशक डॉ गिरधर जे ग्यानी को भी धन्यवाद दिया।

# सुंदरगढ़ में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, 12 घंटे तक सड़क जाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सुंदरगढ़।** धरूआडीह थाना अंतर्गत चंपागढ़ रोड पर शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान दिलीप सुनयानी के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को मिलर्स वाहन की चपेट में आने से दिलीप की मौत हो गई। दिलीप की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने उसके परिजनों के साथ मिलकर मुआवजे की मांग को लेकर चंपागढ़ मार्ग पर शव के साथ सड़क जाम कर दिया। पिछले 12 घंटों से सड़क जाम जारी है। प्रदर्शन के कारण इलाके में यातायात प्रभावित हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंच गयी है और आंदोलनकारी लोगों को शांत करने की कोशिश कर रही है।

# ब्रह्मपुर में युवाओं के एक समूह ने 'मो बस' के ड्राइवर की पिटाई की, वीडियो वायरल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरहामपुर।** बरहामपुर में शनिवार रात को कुछ युवकों ने मो बस चालक की बुरी तरह पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। **हमले में मो बस चालक मनीज कुमार साहू घायल हो गया है।** सूत्रों के अनुसार, बस बरहामपुर रेलवे स्टेशन से निकल रही थी, तभी युवकों के समूह ने आपातकालीन स्विच दबाकर गाड़ी को बीच रास्ते में ही रोक दिया। इसके बाद ड्राइवर ने उनसे पूछा कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। इस सवाल से कथित तौर पर युवकों को गुस्सा आ गया और उन्होंने ड्राइवर को उसकी सीट से खींच लिया और बस के फर्श पर पटक कर उसे पीटा। उन्होंने उसके साथ गाली-गलौज भी की और उसे बस से बाहर धकेल दिया और अपना हमला जारी रखा। बस में सवार यात्रियों और राहगीरों ने बीच-बचाव कर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और मारपीट जारी रखी। हालांकि, जब और लोग इकट्ठा होने लगे तो 6-7 युवकों का समूह मौके से भाग गया।

# कालाहांडी के आमापानी वन खंड में भालू घूमता हुआ देखा गया, स्थानीय लोग दहशत में



**कालाहांडी (आजाद सिपाही)।** कालाहांडी जिले के कोकसारा ब्लॉक के सहजखोल आरक्षित वन के अंतर्गत आमापानी वन खंड में एक भालू घूमता हुआ देखा गया। जंगली जानवर के दिखने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। धर्मगढ़ वन अधिकारी और आमापानी वन विभाग तथा बेहेरा वन विभाग के कर्मचारी भालू की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जुटे हुए हैं। सूत्रों से पता चला है कि कभी-कभी भालू गांव में घुस जाता है और अक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग 26 पर दौड़ता हुआ दिखाई देता है। धर्मगढ़ वन अधिकारी भालू की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और लोगों को भालू के रास्ते पर जाने से मना कर दिया है। लोगों को रात में बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की चेतावनी दी गयी है।

# सोनपुर में तेज रफ्तार कार ने घर को टक्कर मारी, 7 लोग बचे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बिनीका।** रविवार को सोनपुर के संसामुरा चक में एक तेज रफ्तार कार के नियंत्रण खोने के बाद एक घर में जा घुसने से एक ही परिवार के सात सदस्य खतरनाक दुर्घटना से बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार, सोनपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार अचानक सनसामुरा गांव के दुर्योधन सदुआ के सड़क किनारे स्थित घर से जा टकराई। कार की टक्कर से घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। परिवार के दो सदस्यों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि अन्य पांच सदस्य बाल-बाल बच गये। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। बिनिका पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है और चालक की तलाश जारी है।

> कार की टक्कर से घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। परिवार के दो सदस्यों को मामूली चोटें आई हैं।

# भुवनेश्वर में चेकिंग के दौरान कार से नगदी के बंडल जब्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** कमिश्नरेट पुलिस ने शनिवार रात यहां ओमफेड चौक के पास चेकिंग के दौरान एक कार से करीब 4 लाख 77 हजार रुपये की बेहिसाबी नकदी जब्त की है। सूत्रों के अनुसार, एक कार चेक पोस्ट पर पुलिस बैरिकेड से टकरा गयी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। इसलिए पुलिस ने कार को जब्त कर लिया और वाहन की गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने कार से करीब 4.77 लाख रुपये की नकदी जब्त की। इसके अलावा, बताया जा रहा है कि कार का ड्राइवर नशे में था। व्यक्ति की पहचान दिव्यज्योति नायक के रूप में हुई है। पुलिस अब धन के स्रोत का पता लगा रही है और जांच जारी है।

> तलाशी के दौरान पुलिस ने कार से करीब 4.77 लाख रुपये की नकदी जब्त की। इसके अलावा, बताया जा रहा है कि कार का ड्राइवर नशे में था।

# प्रख्यात बैंकर देबेंद्र नाथ महापात्रा का 85 वर्ष की आयु में निधन



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी और जाने-माने बैंकर देबेंद्र नाथ महापात्रा का शनिवार को निधन हो गया। उन्होंने 85 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। देबेंद्र नाथ महापात्रा बलांगीर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के पूर्व अध्यक्ष थे। 60 के दशक में देबेंद्र नाथ महापात्रा बीजेबी कॉलेज में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर थे। वे वरिष्ठ खेल पत्रकार संबित महापात्रा के पिता हैं।

!! गंगा लाभ !!

मान्यवर,

अत्यन्त दुःख के साथ सुचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुज्यनीय पिता **कनी लाल साहु** का स्वर्गवास दिनांक 26.09.2024 दिन गुरूवार को हो गया है। अतः आप उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर हमें अनुगृहीत करें।



श्राद्ध कार्यक्रम

दिनांक : 07.10.2024 दिन सोमवार - दशकर्म (घाट)
दिनांक : 09.10.2024 दिन बुधवार - तिलपात
एवं ब्राह्म्भोज, कुटूम्बभोज 2 बजे से आपके आगमन तक।

शोकाकूल :-
सम्पति देवी
एवं समस्त साहु परिवार।

विनितः-
राजेश साहु, जयंत साहु
राजनारायण साहु, विकास साहु

स्थान : मेन बाजार तमाड़ (राँची), मो. 6207236855, 9934140474

# 6 तक बंगाल की खाड़ी के ऊपर नया निम्न दबाव क्षेत्र बनने की संभावना, ओड़िशा में बारिश होने की संभावना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) के क्षेत्रीय केंद्र ने आज बताया कि 6 अक्टूबर के आसपास बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य और आसपास के क्षेत्रों में कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। मौसम विभाग ने 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक ओड़िशा के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश/गरज के साथ छींटे पड़ने की भी भविष्यवाणी की है। इस बीच, आइएमडी ने पीली चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि कल सुबह 8.30 बजे तक मयूरभंज, सुंदरगढ़, क्योंझर, बालासोर, नबरंगपुर, मलकानगिरी, कोरापुट, नुआपाड़ा और कालाहांडी जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने के साथ तूफान आने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि इसी तरह, मलकानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर और नुआपाड़ा जिलों में कुछ स्थानों पर तथा ओड़िशा के शेष जिलों में एक या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश/गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis



एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7603729696, 9206624569

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE



Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

प्रकाशित




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**